Page 11
हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
Page 09




खेल

## धोनी को देखने के लिए करना होगा इंतजार, मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने की संभावना

Page 11

देश

## परिसीमन पर कविता की केंद्र को चेतावनी, कहा-तेलंगाना का प्रतिनिधित्व कम हुआ तो...

Page 09




मूल्य ₹ 2.00
कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2083
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 17 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 135 • पृष्ठ 12


### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,42,600 | ₹ 2,70,000 |

### आज का इतिहास

**1990 :** भारत के कुमारहार में एक पैसेंजर ट्रेन में गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। करीब 80 लोगों की जान चली गई।

**1983 :** एसएलवी रॉकेट या उपग्रह प्रक्षेपण यान भारत द्वारा लॉन्च किया गया था। इसने भारत में अंतरिक्ष युग की शुरुआत की। यह परियोजना एपीजे अब्दुल कलाम की अध्यक्षता में की गयी थी।

महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री की अपील, राजनीति से ऊपर उठकर लें ऐतिहासिक फैसला

# विकसित भारत के लिए जरूरी है महिलाओं की भागीदारी : पीएम

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद में एक महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसे क्षण बार-बार नहीं आते। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अवसर केवल एक विधेयक पारित करने का नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में लाने का है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को "मदर ऑफ डेमोक्रेसी" कहा जाता है और हजारों वर्षों की लोकतांत्रिक परंपरा में यह एक नया आयाम जोड़ने का समय है। उन्होंने माना कि यह कदम 25-30 साल पहले उठाया जाना चाहिए था, जिससे यह व्यवस्था अब तक और परिपक्व हो चुकी होती।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत का मतलब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर या आर्थिक आंकड़े नहीं हैं, बल्कि नीति-निर्धारण में सभी की समान भागीदारी जरूरी है। देश की 50% आबादी को निर्णय प्रक्रिया से बाहर रखना उचित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे को राजनीति के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह विषय पूरे देश और समाज से जुड़ा है, इसलिए सभी दलों को एकजुट होकर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 25-30 वर्षों में पंचायत स्तर पर महिलाओं की मजबूत नेतृत्व क्षमता विकसित हुई है। लाखों महिलाएं स्थानीय निकायों में काम कर चुकी हैं और अब वे नीति-निर्धारण में भागीदारी चाहती हैं।

उन्होंने अपने सामाजिक पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा कि संविधान की शक्ति के कारण ही वे इस पद तक पहुंचे हैं। उनका दायित्व है कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ें।



### महिलाओं की क्षमता पर भरोसा जरूरी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिलाओं को 33% आरक्षण देकर उन पर भरोसा किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को खुद यह तय करने का अवसर मिलना चाहिए कि प्रतिनिधित्व कैसे सुनिश्चित किया जाए।

### हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियां : पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे में उन्हें निर्णय प्रक्रिया से दूर रखना उनके सामर्थ्य के साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि 2023 में इस विधेयक को व्यापक समर्थन मिला था और अब इसे लागू करने में देरी नहीं होनी चाहिए। 2029 तक इसे लागू करने का अवसर है, जिसे गंवाया नहीं जाना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने भरोसा दिलाया कि इस प्रक्रिया में किसी राज्य या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा और परिसीमन में संतुलन बनाए रखा जाएगा।

### पीएम ने महिला आरक्षण को बताया अधिकार

उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, जिसे लंबे समय तक टाला गया है। अब समय है कि इस ऐतिहासिक कमी को दूर किया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस फैसले का श्रेय किसी एक दल या व्यक्ति को नहीं दिया जाना चाहिए, बल्कि यह पूरे सदन और देश का सामूहिक निर्णय होगा। उन्होंने बताया कि देशभर में पंचायत, ब्लॉक और शहरी निकायों में बड़ी संख्या में महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं। उनका अनुभव संसद की कार्यक्षमता को और बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की कि इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया जाए, ताकि देश की नारी शक्ति को मजबूत संदेश दिया जा सके।

### आरक्षण देने से किसी राज्य की संसदीय सीटें कम नहीं होंगी : अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने लोक सभा में कहा कि महिलाओं को विधायिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी विधेयकों को पारित करने से दक्षिण के राज्यों का सदन में प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा। श्री शाह ने परिसीमन विधेयक 2026, संविधान ( एक सौ इकतीसवां संशोधन ) विधेयक 2026 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2026 पर सदन में एक साथ हो रही चर्चा के दौरान कहा कि एक बड़ा आख्यान गढ़ा जा रहा है कि इन विधेयकों के माध्यम से दक्षिण के राज्यों की लोकसभा में क्षमता कम हो जायेगी, उनका बड़ा नुकसान होगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक, एक मई तक चलेगा स्व-गणना

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जनगणना की तैयारियों की हुई समीक्षा, आज शुरू होगी स्व-गणना

**जनगणना 2027 इस बार प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल हो रही है और लोग खुद पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी भर सकेंगे। खास बात यह है कि अब एक ही घर में अलग-अलग चूल्हे होने पर परिवार भी अलग-अलग माने जाएंगे। इस नए नियम ने जनगणना की परिभाषा को ही बदल दिया है।**

निज संवाददाता | पटना

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं स्व-गणना से संबंधित तैयारियों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सचिवालय के सभा कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति के सदस्य, प्रधान जनगणना अधिकारी सहित सभी संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की शुरुआत निदेशक, जनगणना कार्य सह मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी, बिहार द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों के स्वागत से हुई। इसके पश्चात उन्होंने मुख्य सचिव को स्व-गणना की तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रहित का कार्य है, जिसे भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही संपन्न किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में 2 मई 2026 से मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य प्रारंभ होगा, जबकि इसके पूर्व आज से एक मई 2026 तक स्व-गणना का कार्य संचालित किया जाएगा। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों, अपर मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों एवं सचिवों को इस अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में जनसहभागिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके तहत जिलाधिकारियों को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर विशिष्ट व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन्हें स्व-गणना के लिए प्रेरित करने को कहा गया, ताकि आम जनता भी इससे जुड़ सके। साथ ही सभी विभागों में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों की शत-प्रतिशत स्व-गणना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा 'जीविका दीदियों' के माध्यम से लोगों को जोड़ने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की नियमित निगरानी करने और तकनीकी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव ने भी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जनगणना कार्य को सफल बनाने पर बल दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

### बिहार से बाहर रहने वालों के लिए सेल्फ-इन्युमरेशन का मौका

बिहार के निवासी जो अभी राज्य से बाहर रह रहे हैं, उन्हें भी अपनी जड़ें दर्ज कराने का पूरा मौका मिलेगा। पोर्टल पर सेल्फ-इन्युमरेशन के माध्यम से वे अपने मूल निवास की जानकारी भर सकते हैं। डेटा सबमिट करने से पहले एडिट का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने इस पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की है और अधिकारियों को व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है ताकि कोई भी नागरिक इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य से छूट न जाए।

### फरवरी 2027 में होगी इंसानों की गिनती

मई 2026 में होने वाला यह अभ्यास मकानों की सूची तैयार करने और पहले चरण के डेटा संग्रह के लिए है। लोगों की वास्तविक हेडकाउंट दूसरे चरण में फरवरी 2027 में की जाएगी। डिजिटल मोड में होने वाली इस जनगणना से भविष्य की योजनाओं और सरकारी नीतियों के निर्माण में बड़ी मदद मिलेगी। इसलिए अपनी जिम्मेदारी समझें और सही डेटा पोर्टल पर अपडेट करें।

### न्यूज बाइट्स

#### नितिन नवीन ने राज्यसभा सांसद के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली (ए)।** नितिन नवीन बिहार की राजनीति में एक सशक्त और सक्रिय चेहरा माने जाते हैं। राजधानी पटना से उनका गहरा जुड़ाव रहा है और उन्होंने लंबे समय तक क्षेत्रीय राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले नितिन नवीन ने धीरे-धीरे संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर अपनी पहचान बनाई। उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।

#### पटना हॉस्टल कांड : शंभू गर्ल्स हॉस्टल मालिक मनीष को मिली जमानत

**पटना (नि।सं।)।** मनीष रंजन शंभू गर्ल्स हास्टल का मालिक है जिसमें छात्रा रहती थी। मनीष पर छात्रा की मौत के मामले में साक्ष्य मिटाने का आरोप है। पटना में नीट की तैयारी कर रही जहानाबाद की छात्रा की संदेहास्पद मौत मामले में बड़ी खबर आई है। इस मामले में जेल में बंद मनीष रंजन को कोर्ट से जमानत मिल गई है। मनीष रंजन के वकीलों ने अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 187(2) का हवाला देते हुए डिफॉल्ट बेल की मांग की थी। दलील दी गई कि आरोपी 90 दिनों से जेल में है और पुलिस अब तक चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाई है, इसलिए उसे रिहा किया जाना चाहिए। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद और पीड़िता के वकील एसके पांडेय ने इस गणित को चुनौती दी। उन्होंने सबूत पेश किए कि आरोपी को जेल गए अभी 90 दिन नहीं, बल्कि केवल 89 दिन ही हुए हैं। अदालत ने अभियोजन पक्ष के तर्क को सही माना और डिफॉल्ट जमानत के आवेदन को खारिज कर दिया था।

## बिहार में 100 दिनों में 34.5 लाख लोगों की होगी टीबी जांच

- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 11,055 उच्च जोखिम वाले गांवों में होगी स्क्रीनिंग

निज संवाददाता | पटना

राज्य स्वास्थ्य समिति के तहत चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बिहार में अगले 100 दिनों में 34.5 लाख से अधिक लोगों की टीबी जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस व्यापक अभियान की शुरुआत हो चुकी है, जिसके तहत राज्य के 11,055 उच्च जोखिम वाले गांवों और वार्डों में रहने वाले प्रत्येक नागरिक की स्क्रीनिंग की जाएगी। राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक कुमार गौरव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल टीबी मरीजों की पहचान करना ही नहीं, बल्कि जन भागीदारी के माध्यम से संवेदनशील वर्गों को सुरक्षा प्रदान करना और नए मामलों के प्रसार को रोकना भी है। उन्होंने कहा कि कुल 37 प्रकार के उच्च जोखिम वाले समूहों को इस अभियान के तहत विशेष रूप से कवर किया जाएगा।

टीबी जांच को तेज और सुलभ बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जा रहा है। राज्यभर में 185 अल्ट्रा-पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों के माध्यम से दूरदराज के इलाकों में भी जांच की जा रही है। मोबाइल हेल्थ टीमें गांव-गांव जाकर एआई तकनीक युक्त उपकरणों से स्क्रीनिंग कर रही हैं, वहीं 91 सीबीनैट और 560 ट्रूनैट मशीनों के जरिए सटीक जांच सुनिश्चित की जा रही है। रेडियोग्राफर्स को प्रतिदिन न्यूनतम 100 एक्स-रे करने का लक्ष्य दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि टीबी के साथ-साथ मधुमेह, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और बीएमआई जैसी अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच भी की जा रही है, क्योंकि कुपोषित और मधुमेह से पीड़ित लोगों में टीबी का खतरा अधिक होता है। गंभीर मरीजों के इलाज को ध्यान में रखते हुए सभी जिला अस्पतालों में कम-से-कम दो बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। सांस लेने में तकलीफ, तेज बुखार या अन्य गंभीर लक्षण वाले मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर भर्ती कर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

### मई में होगी सीबीएसई 10वीं की दूसरे चरण की परीक्षा

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसके साथ ही बोर्ड स्तर पर दूसरे चरण की परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। 10वीं की दूसरे चरण की परीक्षा मई के दूसरे सप्ताह में आयोजित होने की संभावना है। दूसरी परीक्षा में शामिल होने के लिए एलओसी जमा करने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। एलओएसी 20 अप्रैल तक जमा होगा। एलओसी से जुड़ी पूरी जिम्मेदारी स्कूलों को दी गई है। सीबीएसई ने कहा है कि स्कूलों को यह सुनिश्चित होगा कि कौन से छात्र दूसरी परीक्षा देने के योग्य हैं। सुधार या कंपार्टमेंट वाले छात्रों के विषयों की सही जानकारी दर्ज करना और छात्रों के सभी डाटा की जांच करना होगा।

## गेहूं-मसूर खरीद में किसानों को तत्काल भुगतान करें सुनिश्चित : सचिव

निज संवाददाता | पटना

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने रबी विपणन मौसम 2026-27 के अंतर्गत गेहूं और मसूर की अधिप्राप्ति की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसानों को उनके अनाज की कीमत का भुगतान बिना विलंब के सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। समीक्षा बैठक के दौरान सचिव ने अधिप्राप्ति केंद्रों पर गन्नी बैग की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भंडारण और परिवहन में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पहले से कर ली जाए। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्ता की निगरानी को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि खरीदे जा रहे अनाज की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनी रहे और किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न हो। बैठक में रजनीश कुमार सिंह सहित सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारी एवं बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### बिहार विधान परिषद उपचुनाव की तारीखों का हुआ ऐलान

**पटना (नि.सं.)।** चुनाव आयोग ने बिहार विधान परिषद की खाली हुई सीट पर उपचुनाव को लेकर कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह सीट विधानसभा कोटे से भरी जाएगी, जो मंगल पांडेय के विधायक चुने जाने के बाद खाली हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार, इस सीट पर 12 मई को मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक, उपचुनाव की अधिसूचना 23 अप्रैल को जारी होगी। वहीं उम्मीदवार 30 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे, जबकि 2 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने की अनिवार्य मतदान की मांग खारिज, कहा

## नागरिकों को वोट देने के लिए बाध्य नहीं कर सकता राज्य

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अनिवार्य मतदान लागू करने की मांग वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में नागरिकों से मतदान करने की अपेक्षा जरूर की जाती है, लेकिन किसी भी व्यक्ति को वोट देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि जो नागरिक मतदान नहीं करते हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाए और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस पर न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि चुनावों में भागीदारी को दमनकारी या बाध्यकारी उपायों के जरिए लागू करना उचित नहीं है।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में राज्य किसी नागरिक को मतदान के लिए मजबूर नहीं कर सकता। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी सुझाव दिया गया था कि अदालत भारतीय चुनाव आयोग को अनिवार्य मतदान के लिए दिशानिर्देश बनाने और बिना वैध कारण वोट न देने वालों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दे। इस पर पीठ ने टिप्पणी की कि मताधिकार के प्रति जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है, लेकिन इसे लागू करने के लिए बाध्यता नहीं बनाई जा सकती। अंततः न्यायालय ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह विषय नीतिगत दायरे में आता है और इस पर निर्णय लेने का अधिकार विधायिका और कार्यपालिका, अर्थात संसद और सरकार के पास है।

ई-मापी की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन, बिहारभूमि पोर्टल से आवेदन और भुगतान अनिवार्य

## जमीन मापी के नए रेट तय, शहर में 1000 और गांव में 500 प्रति खेसरा

- बिहारभूमि पोर्टल के माध्यम से आवेदन अनिवार्य
- शुल्क भुगतान भी केवल ऑनलाइन माध्यम से
- पारदर्शिता बढ़ाने और अनियमितता रोकने की पहल

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने जमीन की ई-मापी को लेकर नई शुल्क व्यवस्था लागू कर दी है, जिससे अब मापी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल हो जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में जमीन मापी के लिए प्रति खेसरा 1000 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 500 शुल्क निर्धारित किया गया है। नई व्यवस्था के तहत नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को ई-मापी के लिए निर्धारित 1000 प्रति खेसरा शुल्क देना होगा, जबकि ग्रामीण इलाकों में यह शुल्क 500 प्रति खेसरा रहेगा। सरकार का मानना है कि एक समान और स्पष्ट शुल्क निर्धारण से लोगों को सुविधा मिलेगी और अनियमितताओं पर रोक लगेगी।



ई-मापी के लिए आवेदन की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है। आवेदकों को बिहारभूमि पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन करना होगा और शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन ही करना अनिवार्य होगा। इससे न केवल प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी, बल्कि भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका भी कम होगी।

सरकार के अनुसार, इस डिजिटल प्रणाली के लागू होने से आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। अब जमीन मापी के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि घर बैठे ही आवेदन, भुगतान और प्रक्रिया की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इससे समय और संसाधनों की बचत के साथ कार्य निष्पादन में भी तेजी आएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जमीन मापी की प्रक्रिया को आसान, तेज और पारदर्शी बनाना है। साथ ही, इससे भूमि संबंधी विवादों को कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बिहार सरकार लगातार भूमि सेवाओं के डिजिटलीकरण पर जोर दे रही है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### नीतीश कुमार के कार्यों पर आधारित म्यूजिक वीडियो जारी

**पटना (नि.सं.)।** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अशोक चौधरी के सरकारी आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में हुए सकारात्मक बदलावों और विकास यात्रा पर आधारित एक म्यूजिक वीडियो धन्यवाद नीतीश जी जारी किया गया। इस गीत के बोल स्वयं डॉ. अशोक चौधरी ने लिखे हैं, जबकि धुन प्रसिद्ध सूफी गायक अमित सिंह 'एमी' ने तैयार किए हैं। गीत में बिहार के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसके पहले डॉ. चौधरी के आवास पर निशांत कुमार पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया। मौके पर निशांत कुमार ने कहा कि इस गीत में पिताजी नीतीश कुमार के विकास कार्यों को दर्शाया गया है।


BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में मॉडर्न के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से मनवाया लोहा

- मॉडर्न संस्थान ने मगध क्षेत्र में शत प्रतिशत रिजल्ट देकर स्थापित किया नया कीर्तिमान
- विद्यालय की छात्रा भव्या भारती ने 98% अंक प्राप्त कर जिले भर में किया नाम रोशन
- 77 विद्यार्थियों ने प्राप्त किया 90 फ़ीसदी से अधिक अंक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

उत्कृष्टता की विरासत को निरंतर बरकरार रखना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती होती है। अपने इस विरासत को सफलतापूर्वक बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने बेहतरीन परीक्षा परिणाम से जिले में धूम मचा दिया। बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित दसवीं परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा का परिणाम शानदार रहा और एक-एक अंक के लिए बच्चों के बीच कड़ी प्रति स्पर्धा देखने को मिली। सीबीएसई की ओर से परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर पहले कोई सूचना नहीं जारी की गई थी। परीक्षा एवं रिजल्ट प्रशासन के नियमों में बदलाव के कारण अधिकांशत छात्राएं आशंकित थे। विद्यार्थी समय से पहले ही सीबीएसई की वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट खोजने में लगे हुए थे। बुधवार को अचानक से दसवीं की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया, परिणाम जारी होते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। अच्छी शिक्षा अनुशासन और बेहतर परिणाम के लिए ख्याति प्राप्त ,दक्षिण बिहार एवं झारखंड के शैक्षणिक संस्थानों में शुमार, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा के छात्र-छात्राओं ने बेहतर परिणाम दिया। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर एवं न्यू एरिया के बच्चों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखते हुए अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया ।विद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रच दिया। 100 से भी अधिक विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया । इसके साथ ही शेष सभी विद्यार्थियों ने 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करके शत-प्रतिशत रिजल्ट के साथ विद्यालय के रिकॉर्ड को जिलेभर में सर्वोच्च बना दिया है। 98 फीसदी अंक प्राप्त करके न्यू एरिया शाखा की भव्या भारती ने जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त की। वहीं दूसरे स्थान पर आयुष आनंद ने 97 फ़ीसदी अंक हासिल किया।विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों में से ऋषभ राज को 96% एवं सचिन को 96% अंक प्राप्त हुए ।वहीं हर्षवर्धन 95%, शिवानी 95%,शिवम 95%, आर्यन 95%, साक्षी वर्मा 95%,आयुष 95% ,मोनू कुमार 95%, सृष्टि 95%, विजयालक्ष्मी 95% ,अंकित कुमार 95%, अजीत कुमार 95% ,राजलक्ष्मी 94% के साथ-साथ कई विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक प्राप्त कर एक नया प्रतिमान स्थापित किया। वहीं विषयवार कई विषयों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया। गणित में हर्षवर्धन एवं शुभम के साथ-साथ और कई बच्चों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किया। बेहतरीन रिजल्ट आने से विद्यार्थियों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल कायम है इस अवसर पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के निदेशक डॉ अनुज सिंह ने सभी सफल छात्राओं को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी ,बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार के लिए आज खुशी मनाने का दिन है ।आज हमारे विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफल होकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इतना अच्छा परिणाम विद्यार्थियों के मेहनत का फल है । साथ ही साथ उन्होंने सभी शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सफलता के पीछे शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।विद्यार्थियों के माता-पिता का भी इसमें योगदान सराहनीय रहा है ।हमने विद्यालय में जो राष्ट्रीय स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया है, उसका पूर्ण सदुपयोग करके हमारे शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई करवाई ,जिसका परिणाम हमें उत्कृष्ट रिजल्ट के रूप में प्राप्त हुआ है। निदेशक डॉ अनुज सिंह ने इस सफलता से उत्साहित होकर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास ने भी सभी सफल छात्राओं को शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों ने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन किया है। जिसमें विद्यालय के विद्वान शिक्षकगणों की भूमिका और उत्कृष्ट मार्गदर्शन सहयोगी रहा है। मैं अपनी ओर से एवं समस्त विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों को ढेर सारी बधाइयां देता हूं।विद्यालय के उपप्राचार्य सुजय कुमार एवं मिथिलेश कुमार विजय ने भी सभी बच्चों को बधाई दी और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। सभी सफल विद्यार्थी अपने-अपने परिणामों को लेकर फूले नहीं समा रहे थे। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षकों का आभार जताया। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय नियमित अध्ययन और अनुशासन को दिया। परिणाम देखने के क्रम में नीरज कुमार मिश्रा, दीपक पुष्टि, विपुल कुमार, रोशन मिश्रा, वंदना कुमारी ,मुकेश कुमार, विजय कुमार अकेला, अखिलेश्वर सिंह, इंद्रजीत कुमार मिश्रा के साथ-साथ सभी शिक्षकों की उपस्थित रही।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रमाण पत्र नहीं बनने से छात्र हो रहे परेशान, कौआकोल अंचल कार्यालय में लंबित पड़े सैकड़ों आवेदन

**कौआकोल।** अंचल कार्यालय में जाति,आय,निवास सहित विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र नहीं बनने से छात्र-छात्राओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार अंचल कार्यालय कौआकोल में सैकड़ों आवेदन लंबित पड़े हैं,जिसके कारण विद्यार्थियों को नामांकन एवं अन्य शैक्षणिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि राजस्व कर्मचारियों के बाद अब पंचायत सचिव भी 8 अप्रैल से हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हो गई है। इस वजह से छात्र रोज़ आरटीपीएस कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। इधर विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। समय पर प्रमाण पत्र नहीं मिलने से विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। अभिभावकों एवं छात्रों में प्रशासन के प्रति नाराज़गी भी देखी जा रही है। छात्रों एवं अभिभावकों ने जिला पदाधिकारी (डीएम) से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। साथ ही हड़ताल अवधि के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रमाण पत्र निर्गत कराने एवं लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने की अपील की गई है, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की शैक्षणिक क्षति न हो।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की पटना में इलाज के दौरान मौत

**कौआकोल।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के समीप एक माह पूर्व हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कौआकोल प्रखंड के पाली पंचायत अंतर्गत रूपी गांव निवासी 23 वर्षीय हिमांशु कुमार,पिता बिंदेश्वरी यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,लगभग एक माह पहले रामपुर गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में हिमांशु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया था। पटना में चल रहे इलाज के दौरान बुधवार की रात उनकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि हिमांशु कुमार मिलनसार स्वभाव के युवक थे। उनके असामयिक निधन से गांव के लोग भी गहरे सदमे में हैं।

### आगामी 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर तैयारी जोरों पर

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के सहयोग से दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु दिनांक 16.04.2026 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के प्रकोष्ठ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी, नवादा के प्रतिनिधि, श्रम अधीक्षक के प्रतिनिधि एवं जिला खनन पदाधिकारी, नवादा उपस्थित हुए। सचिव महोदय ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां जोरों पर हैं, जिसके लिए सभी विभागों के विभागाध्यक्षों से आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है तथा जिले के सभी थाना अध्यक्षों को शत-प्रतिशत नोटिसों के तामिला कराने का निर्देश जारी कर दिया गया है। साथ ही, नोटिस तामिला कराने हेतु नोटिसों को थानों के माध्यम से भेजा जा रहा है। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बेहतर प्रदर्शन के लिए नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों से भी आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है। वहीं, जिला खनन पदाधिकारी से खनन मामलों, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी के प्रतिनिधि से वन वाद एवं श्रम अधीक्षक के प्रतिनिधि से श्रम वाद के निष्पादन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि इस बार सुलहनीय वादों का अधिक से अधिक निपटारा किया जा सकेगा। इसके लिए व्यवहार न्यायालय के पीठ लिपिक एवं कार्यालय लिपिक को पक्षकारों पर नोटिस निर्गत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति बदहाल

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का हाल बदहाल है। जिससे इसमें पढ़ने वाले बच्चों को सही तरीके शिक्षा, गर्भवती और धात्री महिलाओं का पोषण,स्वास्थ्य विकास में सुधार नहीं हो पा रहा। जबकि सरकार का उद्देश्य यह रहा है कि छह वर्ष तक के बच्चों,गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण ,स्वास्थ्य विकास में सुधार करना है। कुपोषण को कम करना है। बच्चों को स्कूली पूर्व शिक्षा के साथ माताओं को स्वास्थ्य सम्बंधित शिक्षा देने का काम है। मीडिया टीम ने हकीकत को जानने के लिए गुरुवार को ननौरा पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का जायजा लिया। लेकिन हकीकत ठीक विपरीत नजर आए। जब सुबह नौ बजे गोतरायन गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 22 पहुंचे तो उस केंद्र में ताला लगा हुआ था। लोगों ने कभी खुलता है,कभी बंद रहता है। उसके बाद नौ बजकर 20 मिनट में तिलक चक गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। वहां तकरीबन 31 बच्चे केंद्र में पढ़ रहे थे। सभी बच्चे ड्रेस में नहीं थे। भूमि पर बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। सेविका अर्चना कुमारी और सहायिका सुनैना कुमारी कहती है इस आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन नहीं है। निजी भवन में संचालित हो रहा है। इसकी स्थापना वर्ष 2019 में हुई है। कहा गया चार गर्भवती और दस धात्री माताओं को विभाग के द्वारा उपलब्ध सामाग्री दिया जा रहा है। उसके बाद नौ बजकर 30 मिनट में ननौरा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 20 पहुंचे। सेविका शालिनी संगम और सहायिका शांति देवी थी 28 बच्चों को पढ़ रहे थे। सभी बच्चे बिना ड्रेस के थे,और भूमि पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। बच्चों को खाने के लिए रसिया बन रहा था। सेविका ने कहा आठ गर्भवती और आठ धात्री माताओं को पोषण मिलता है।इस बाबत जब सीडीपीओ कार्यालय के प्रखंड समन्वयक सुमन कुमार आर्य से 10 बजकर 13 मिनट मोबाइल फोन से सम्पर्क किया, तो उन्होंने मोबाइल काल रिसीव नहीं कर पाए और उसके बाद दोपहर के बाद सीडीपीओ के मोबाइल नंबर पर फोन पर सम्पर्क नहीं होने से उनका पक्ष नहीं लिया जा सका। इधर ग्रीष्मकालीन होने के कारण विभागीय आदेशानुसार सुबह सात बजकर 30 मिनट से 11 बजकर 30 मिनट तक संचालित करने का आदेश जारी किया गया है।

### कोचिंग सेंटर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, टॉपर सलोनी कुमारी समेत मेधावी छात्र सम्मानित




**नवादा :** नवादा जिले के हिसुआ महादेव मोड़ स्थित चंदन मैथेमेटिक्स कोचिंग क्लास द्वारा गुरुवार मैट्रिक परीक्षा-2026 में पूरे बिहार में टॉप -10 में स्थान पाने वाली सलोनी कुमारी समेत अन्य मेधावी छात्र -छात्राओं को सम्मानित कर हौसलाअफजाई किया गया। कार्यक्रम में कोचिंग संस्थान के डायरेक्टर चंदन चौधरी एवं हिसुआ नगर परिषद की मुख्य पार्षद पूजा कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर मेधावी छात्रों को अपने हाथों से मेडल ,प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। इसके बाद मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। बिहार टॉप-10 में 7वां स्थान लाने वाली सलोनी कुमारी को विशेष रूप से सराहा गया। डायरेक्टर चंदन चौधरी ने कहा, "सलोनी जैसी बेटियां पूरे इलाके का नाम रोशन कर रही हैं। मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। सीएमसी का लक्ष्य सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास भरना है।" मुख्य पार्षद पूजा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा, "हिसुआ के बच्चों ने साबित कर दिया कि संसाधन नहीं, संकल्प बड़ा होता है। खासकर बेटियों का टॉप करना पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। नगर परिषद शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग करेगी।" कार्यक्रम में कोचिंग के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। सलोनी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया।

## फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, नवादा ने CBSE बोर्ड परीक्षा में फिर रच दिया इतिहास!

**जिले में टॉप किया – शुभम कुमार ने हासिल किए 96% अंक**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, आनंद नगर, चातर, नवादा ने CBSE बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम में एक बार फिर नवादा जिले में अपनी सर्वोच्च स्थिति को मजबूत कर लिया है। स्कूल का कुल पास प्रतिशत बेहद उत्कृष्ट रहा और जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से शानदार प्रदर्शन किया, जिससे स्कूल परिवार गर्व से सराबोर है।

स्कूल के मेधावी टॉपर्स की सूची:

शुभम कुमार — 96%
मोनिका कुमारी — 95%
स्नेहा शर्मा — 94.4%
ऋतुराज ऋषभ — 94%
सौरव कुमार — 94%
सनी देओल — 93.4%
वंशिका प्राची — 93%
आर्यन राज — 92%
आकांक्षा कुमारी — 91%
साक्षम कुमार — 90%

स्कूल प्रबंधन ने इन सभी मेधावी विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन किया। स्कूल के चेयरमैन प्रो. बिजय कुमार, प्राचार्य राजेश कुमार तथा उप-प्राचार्य नवदीप कुमार सिन्हा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रो. विजय कुमार ने कहा, "यह सफलता सिर्फ बच्चों की नहीं, बल्कि पूरे स्कूल परिवार की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। हमारे छात्र-छात्राएं ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से न केवल व्यक्तिगत सफलता हासिल की है, बल्कि फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल का नाम नवादा जिले में एक बार फिर सबसे उपर कर दिया है। हमारा स्कूल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास पर जोर देता आया है।" "संस्कार के साथ शिक्षा अनुशासन के साथ परीक्षा" ही हमारा नारा है।

इस उपलब्धि के पीछे शिक्षकों की अथक मेहनत और समर्पण को भी विशेष रूप से सराहा गया। श्री सुमन कुमार, अनीश कुमार, सायरा फातिमा, अर्पिता कुमारी, सलोनी कुमारी, संतोष कुमार, प्रवीण कुमार, गोपाल कुमार सहित समस्त शिक्षक मंडल ने पूरे वर्ष बच्चों को निरंतर प्रेरणा, मार्गदर्शन और व्यक्तिगत ध्यान देकर तैयार किया। उनकी रात-दिन की मेहनत ने हर बच्चे को अपनी क्षमता के अनुसार बेहतरीन परिणाम लाने में मदद की।

फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, आनंद नगर, चातर, नवादा अपनी बेहतरीन शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और आधुनिक शिक्षण पद्धति के लिए नवादा जिले में प्रसिद्ध है। इस वर्ष का CBSE परिणाम एक बार फिर साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से हर बच्चा अपनी मंजिल हासिल कर सकता है। स्कूल प्रबंधन सभी सफल छात्र-छात्राओं, उनके सम्मानित अभिभावकों तथा समर्पित शिक्षकों को इस गौरवपूर्ण सफलता पर हार्दिक बधाई देता है। हम आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में भी स्कूल ऐसे ही शानदार परिणामों के साथ नवादा जिले का नाम रोशन करता रहेगा।

## करनपुर में पशु बांझपन निवारण शिविर का भव्य आयोजन, विशेषज्ञों ने जांचे 149 पशु, पशुपालकों में जगी नई उम्मीद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



शिविर में मौजूद चिकित्सक व पशुपालकगण

**रजौली।** रजौली प्रखंड के पूर्वी पंचायत स्थित करनपुर गांव में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय रजौली के सौजन्य से 16 अप्रैल 2026 को आयोजित एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर ने क्षेत्र के पशुपालकों के लिए सफलता के नए द्वार खोल दिए हैं, जहां विशेषज्ञों की टीम ने वैज्ञानिक पद्धति से कुल 58 पशुपालकों के 149 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें बांझपन जैसी गंभीर समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु प्रभावी उपचार प्रदान किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड सदस्य श्रीमती रीता देवी द्वारा किया गया, जिन्होंने इस पहल को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुधन विकास के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल पशुओं की उत्पादकता बढ़ती है बल्कि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। शिविर की कमान संभाल रहे अनुभवी पशु चिकित्सक डॉ. रेषु कुमार, डॉ. नीरज कुमार सिंह एवं डॉ. अभय कुमार ने उपस्थित जनसमूह को पशुओं में पोषण की कमी और संक्रमण से होने वाले बांझपन के कारणों की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके त्वरित निदान के उपाय साझा किए, जबकि डॉ. बिपिन बिहारी प्रसाद के नेतृत्व में पहुंची मोबाइल वेटरनरी यूनिट की टीम ने सहायक विद्यासागर और पारावेट पप्पू कुमार के साथ मिलकर मौके पर ही पशुओं की सघन जांच कर आवश्यक परामर्श और दवाएं वितरित कीं। उमेश चौधरी, धीरज कपूर, राजू कुमार, रामप्रवेश और मैत्री कर्मी दीपक कुमार सहित अन्य विभागीय कर्मियों के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुए इस शिविर को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग की इस वैज्ञानिक कार्यप्रणाली पर गहरा संतोष व्यक्त किया है और रजौली के अन्य सुदूर क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के शिविरों के निरंतर आयोजन की मांग दोहराई है ताकि पशुपालन के क्षेत्र में नई तकनीक और स्वास्थ्य जागरूकता का संचार हो सके।

## लोकेश के शानदार बल्लेबाजी के बदौलत रजौली पूर्वी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना झिरझो

**विजेता टीम को मिला चमचमाती ट्रॉफी सहित 58800,वहीं उप विजेता टीम को भी मिला आकर्षक ट्रॉफी के साथ 25000 हजार नगद**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



विजेता टीम को चेक प्रदान करते मुखिया,पूर्व विधायक व मुख्य पार्षद प्रतिनिधि

**रजौली।** रजौली पूर्वी कप क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 के चौथे संस्करण का फाइनल मुकाबला रजौली पूर्वी पंचायत के धुरगांव खेल मैदान में आयोजित किया गया,जिसमें फाइनल मुकाबला झिरझो और पचंबा के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला में टॉस जीतकर झिरझो के कप्तान सुरेंद्र कुमार ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया,जिसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी पचंबा की टीम लड़खड़ाती हुई नजर आई। पचंबा के खिलाड़ी छोटू कुमार उर्फ नीरज ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया और 12 ओवर के मैच में झिरझो की टीम को 163 रनों के लक्ष्य दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी झिरझो की टीम के ओपनर बल्लेबाज लोकेश कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ 89 रन बनाया और 9 गेंद शेष रहते हुए मैच को झिरझो की झोली में डाल दिया। पूरे टूर्नामेंट में बेस्ट प्रदर्शन करने वाले झिरझो के खिलाड़ी मनीष कुमार को बेस्ट खिलाड़ी के रूप में ट्रॉफी सहित नगद राशि देकर सम्मानित किया। वहीं बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार भी झिरझो के खिलाड़ी लोकेश कुमार को आकर्षक ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार दिया गया। बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार पचम्बा के खिलाड़ी नीरज कुमार उर्फ छोटू को दिया गया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव ने कहा हमने हमेशा प्रयास किया कि पंचायत के बच्चों के बीच क्विज,क्रिकेट और दौड़ प्रतियोगिता हो ताकि हमारे पंचायत के बच्चे अपना भविष्य निखर सके।जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं हमेशा पंचायत में कुछ ना कुछ नया करूंगा, जिसका लाभ पंचायत के बच्चों को मिले। उन्होंने दोनों टीम के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम पचंबा को आकर्षक ट्रॉफी के साथ 58 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम के कप्तान को विशिष्ट अतिथि ने चमचमाती ट्रॉफी एवं 25 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि गोविंदपुर के पूर्व विधायक मो. कामरान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मानसिक विकास ही नहीं,बल्कि शारीरिक विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल से युवा साथियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है और स्वस्थ शरीर के साथ-साथ स्वस्थ मन का निर्माण भी होता है। वहीं विशिष्ट अतिथि रजौली नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जिस उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है, इसलिए हार से घबराने की बजाय उसे अपनी गलतियों को सुधारने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। साथ ही जीतने वाली टीम के लिए भी यह प्रेरणा है कि वे आगे और बेहतर प्रदर्शन करें। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

## सखी वार्ता के माध्यम से बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 एवं महिला उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोहिउद्दीनपुर, प्रखंड – नवादा, जिला – नवादा में महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के तहत मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमेन एवं वन स्टॉप सेंटर के सौजन्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत सखी वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन – 181, चाइल्ड हेल्पलाइन – 1098, राष्ट्रीय साइबर क्राइम शिकायत – 1930, लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, दहेज प्रथा, POCSO, घरेलू हिंसा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिला हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, डीएचईडब्ल्यू, श्री अमन कुमार द्वारा की गई। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य बाल विवाह को रोकना है। उन्होंने बताया कि विवाह के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित है—लड़कियों के लिए 18 वर्ष एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष। इससे कम आयु में विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण के अधिकार से वंचित कर देता है



तथा कम उम्र में विवाह के कारण लड़कियों को हिंसा, दुर्व्यवहार एवं उत्पीड़न का सामना अधिक करना पड़ता है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बाल विवाह के आयोजन पर प्रतिबंध है तथा इसे अमान्य घोषित कर निरस्त किया जा सकता है। इस कानून के तहत बाल विवाह में शामिल सभी व्यक्तियों—परिवारजन, पंडित, बैंड पार्टी, रसोइया एवं अन्य सहयोगियों—पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इस अपराध में 02 वर्ष तक का कारावास या 1,00,000 रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। इसके उपरांत वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर सुश्री वर्षा कुमारी द्वारा महिला उत्पीड़न एवं जेंडर आधारित हिंसा के विषय पर जागरूकता प्रदान की गई। उन्होंने महिला हेल्पलाइन – 181 की जानकारी देते हुए कहा कि यह सेवा 24×7 उपलब्ध है, जिस पर महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, POCSO, POSH एवं दहेज प्रथा से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

उन्होंने यह भी बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन – 1098 पर मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बाल विवाह से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि हिंसा को सहना नहीं, बल्कि उसके खिलाफ आवाज उठाना आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं तथा जिला हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमेन से वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ श्री अमन कुमार, वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक सुश्री स्नेहा कुमारी एवं केस वर्कर सुश्री वर्षा कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाई की मौत, बहन को लाने जा रहा था, बाइक को ट्रक ने 50 मीटर तक घसीटा, गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम

**नालन्दा।** नालंदा में एनएच-30 पर बहादुरपुर मोड़ के पास आज शाम एक सड़क हादसे में 19 साल के युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान पटना के बख्तियारपुर थाना अंतर्गत गेरूआरी गांव निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र बिंद के बेटे रोहित कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया। रोहित कुमार गुरुवार शाम अपनी बाइक से चण्डी थाना क्षेत्र के नरसंडा गांव जा रहा था। वह वहां अपनी बहन को लाने के लिए निकला था। जैसे ही वह वेना थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मोड़ के पास पहुंचा, विपरीत दिशा से आ रहे एक ई-रिक्शा को बचाने की कोशिश में उसकी बाइक बेकाबू होकर एक तेज रफ्तार ट्रक से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक युवक को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस भयावह हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार होने में सफल रहा। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव को बीच सड़क पर रखकर मुआवजा और कार्रवाई की मांग को लेकर एनएच-30 को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण गाड़ी की लंबी कतारें लग गईं। वेना थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया और सड़क जाम हटवाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात गाड़ी की पहचान में पुलिस जुट गई है।

### राजगीर में आज से रग्बी चैंपियनशिप का आगाज, मेजबान बिहार ने आक्रामक खेल से मजबूत दावेदारी पेश की



**नालन्दा।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के देखरेख में राजगीर खेल अकादमी में आयोजित 13वीं सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप 2026 का आज भव्य आगाज हुआ। विमेंस ग्रुप स्टेज के मुकाबलों में रोमांच और रफ्तार का ऐसा संगम दिखा कि पूरे दिन में 1000 से अधिक पॉइंट्स बने। मेजबान बिहार, पश्चिम बंगाल और केरल की टीमों ने अपने आक्रामक खेल से नॉकआउट राउंड के लिए मजबूत दावेदारी पेश की है। मेजबान और मौजूदा चैंपियन बिहार की महिला टीम ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार शुरुआत की। टीम ने ग्रुप स्टेज के दोनों मैचों में विपक्षी टीमों को टिकने का मौका नहीं दिया। बिहार ने मध्य प्रदेश को 59-0 और उत्तर प्रदेश को 60-0 के भारी अंतर से मात देकर अपनी बादशाहत कायम रखी। अटैकिंग रग्बी के मामले में पश्चिम बंगाल की टीम सबसे आगे रही। बंगाल ने दो मैचों में कुल 129 पॉइंट्स बटोरे, जो किसी भी टीम की ओर से बनाए गए सर्वाधिक अंक हैं। उन्होंने मणिपुर को 66-0 और आंध्र प्रदेश को 63-0 से करारी शिकस्त दी। वहीं, केरल 98 पॉइंट्स के साथ तीसरी सबसे सफल टीम बनकर उभरी। इसके अलावा ओडिशा, महाराष्ट्र और दिल्ली ने भी अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर के लिए लय बरकरार रखी है। व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें तो बिहार की आरती कुमारी 35 पॉइंट्स के साथ टॉप परफॉर्मर रहीं। पश्चिम बंगाल की संध्या राय (33 पॉइंट्स) दूसरे और केरल की अथिरा के.पी. (29 पॉइंट्स) तीसरे स्थान पर रहीं। ग्रुप स्टेज के समापन पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए बिहार सरकार के ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री सह बिहार रग्बी के चेयरमैन श्रवण कुमार रग्बी इंडिया की बोर्ड सदस्य एंड्रिया क्रिज़ल और रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव पंकज कुमार ज्योति मौजूद रहे। प्रतियोगिता का रोमांच अब और बढ़ने वाला है। ग्रुप स्टेज के बाद अब टीमें नॉकआउट राउंड और रैंकिंग मैचों में भिड़ेंगी। प्री-क्वार्टर फाइनल के मुकाबले देर रात 10:30 बजे तक चलेंगे, जिसके बाद शुक्रवार को खिताबी जीत के लिए अंतिम भिड़ंत होगी।

### नालंदा में एक महीना से महिला लापता, खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं मिला

**नालन्दा।** नालंदा के कतरीसराय गांव से एक महिला पिछले एक महीने से लापता है। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। थक-हारकर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। परिवार वालों को अब किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। लापता महिला की पहचान भत्तू मांझी की की बेटी पिंकी देवी(24) के तौर पर हुई है। पिता ने बताया कि पिंकी का ससुराल नवादा के वारसलीगंज के रसलपुर गांव में है। पिछले कुछ समय से अपने मायके में ही रह रही थी। दिमागी स्थिति ठीक नहीं थी, वह मानसिक रूप से कमजोर थी। 14 मार्च 2026 से ही घर से लापता है। काफी दिनों तक अपने स्तर पर सगे-संबंधियों और आसपास के इलाकों में तलाश किया। उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 12 अप्रैल को कतरीसराय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। केस के अनुसंधानकर्ता(IO) रुदल पासवान ने बताया कि परिजनों की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर महिला की तलाश शुरू कर दी गई है। मामला मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ा है, इसलिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों की मदद ली जा रही है। ताकि जल्द से जल्द महिला का पता लगाया जा सके।

### वार्ड-19 में गंदा पानी पीने को मजबूर मोहल्लेवासी

**नालन्दा।** बिहार शरीफ नगर निगम के वार्ड नंबर-19 (पहड़तली मोहल्ला) में पेयजल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। यहां के करीब 500-600 घरों की आबादी पिछले तीन वर्षों से पाइपलाइन के जरिए आ रहे बालूयुक्त और गंदे पानी को पीने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। सुदमिया देवी और अरुणा देवी ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि यहां महज 4 इंच की पतली पाइपलाइन बिछाई गई है। जो इतनी बड़ी आबादी के लिए नाकाफी है। पानी में भारी मात्रा में बालू और गंदगी आती है, जिसे पीकर बच्चे लगातार बीमार पड़ रहे हैं। न तो यहां सफाईकर्मी आते हैं और न ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है। अंधेरे के कारण सांप-बिच्छू का डर बना रहता है, लेकिन नगर निगम सिर्फ टैक्स और वोट तक सीमित है। स्थानीय निवासी दीपक कुमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारियों के बच्चे बिसलेरी वाटर पीते हैं, लेकिन गरीबों को नाली जैसा पानी दिया जा रहा है। हमने कई बार अधिकारियों को फोन किया, सात नंबरों में से कोई एक उठाता है। जिस पर सिर्फ आश्वासन मिलता है कि काम 'हो जाएगा'। मोहल्ले के लोगों की मांग है कि वर्तमान पतली पाइपलाइन को बदलकर मोटा पाइप डाला जाए। जल आपूर्ति को फिटनेस पार्क वाले मुख्य कनेक्शन से जोड़ा जाए। नियमित रूप से कचरा उठाव और सफाई की व्यवस्था हो। भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही मोहल्ले में त्राहि-माम मचा है। नलों में बमुश्किल एक घंटा पानी आता है, वह भी बेहद गंदा। पानी की किल्लत के कारण महिलाओं को काफी दूर स्थित अन्य बोरिंग से पानी लाना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगो ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पाइपलाइन नहीं सुधारी गई, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं, इस संबंध में नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक ने बताया कि मामले की जानकारी हमें मिली है। नगर निगम की टीम समस्या के समाधान में जुटी हुई है। तकनीकी बाधाओं को दूर कर जल्द ही वार्ड नंबर 19 के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# सीबीएसई 10वीं में ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल का शानदार प्रदर्शन

## 98.60% अंक के साथ सत्यम कुमार बने टॉपर, बड़ी संख्या में छात्रों ने हासिल किए उत्कृष्ट परिणाम


ADARSH KUMAR


AKASHI KUMARI


ANIKA KUMARI


ANJALI KUMARI


ANKIT KUMAR


ANMOL RAJ


ANSHU KUMAR SHAH


ARSHIKA VIDHYARTHI


ARSHIKA VIDHYARTHI


PRATIBHA VERMA

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में इस वर्ष ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का एक बार फिर परिचय दिया है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल अपनी मेहनत और प्रतिभा को साबित किया, बल्कि संस्थान का नाम भी गौरवान्वित किया है।


SAHIL KUMAR


SATYAM KUMAR


SEJAL KUMARI

विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार ने 98.60% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और टॉपर बने। इसके अलावा अंजनी ने 97.60%, अनिका ने 97.20%, अंशु कुमार ने 96.40%, अरसिका और आकाशी ने 95.80%, अंकित ने 95.40% तथा अनमोल ने 95.20% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी छात्रों की सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है।

कुल परिणाम पर नजर डालें तो 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 29 रही, जबकि 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक लाने वाले 72 छात्र हैं। वहीं 70 से 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या भी अच्छी रही। शेष सभी विद्यार्थियों ने भी संतोषजनक प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय का कुल परिणाम प्रभावशाली रहा।

विद्यालय के प्राचार्य आर. के. सिंह और निदेशक भीमराध प्रसाद ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी विद्यालय के छात्र इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे और संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# गयाजी के भूसुंडा मेले में घुड़दौड़ प्रतियोगिता, आरा का दबदबा

## गया के घोड़े को दूसरा स्थान मिला



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया शहर के मानपुर स्थित ऐतिहासिक भूसुंडा मेले में घुड़दौड़ प्रतियोगिता का समापन रोमांचक रहा। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन में बिहार के अलग-अलग जिलों से आए नामी घोड़ों और कुशल घुड़सवारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों में भारी उत्साह देखा गया। आरा ने पहला स्थान हासिल किया, तो गयाजी को दूसरा स्थान मिला। बता दें कि पहले स्थान पाने वाले को एलईडी टीवी, तो दूसरा स्थान पाने वाले को कुलर इनाम में मिला। प्रतियोगिता में आरा और गया के प्रतिभागियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। दौड़ शुरू होते ही घोड़ों की रफ्तार और घुड़सवारों की रणनीति ने माहौल को रोमांचक बना दिया। दर्शकों ने अपने पसंदीदा प्रतिभागियों का जोरदार समर्थन किया।

**प्रतियोगिता में आरा का दबदबा रहा:** गया का प्रतिनिधित्व कोंच प्रखंड के चतुरी बिगहा निवासी तपेश्वर यादव के घोड़े ने किया। इस घोड़े ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। घुड़सवार सूरज यादव (राघोपुर) की सूझबूझ और घोड़े पर नियंत्रण ने दर्शकों को प्रभावित किया।

प्रतियोगिता में आरा जिले का दबदबा रहा। विक्की सिंह के घोड़े ने प्रथम स्थान हासिल कर ट्रॉफी जीती। पुतुल चौबे के घोड़े ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। मेला समिति ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह घुड़दौड़ प्रतियोगिता पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती है।

# गयाजी में कामकाजी महिला छात्रावास 'आकांक्षा' का उद्घाटन

## 50 महिलाओं को मिलेगा सुरक्षित आवास, सिर्फ 3 हजार रुपए करने होंगे खर्च

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया में कामकाजी महिलाओं के लिए 'आकांक्षा-सह-सखी निवास' छात्रावास का आज वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया। इसका उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और किफायती आवास प्रदान करना है, ताकि वे अपने करियर में आगे बढ़ सकें। समाज कल्याण विभाग की सचिव सह प्रबंध निदेशक बंदना प्रेयषी ने पटना से इसका विधिवत उद्घाटन किया।

यह छात्रावास राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना' और केंद्र सरकार की 'मिशन शक्ति योजना' के तहत संचालित हो रहा है। इन योजनाओं का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में बंदना प्रेयषी ने कहा कि आज महिलाएं सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रही हैं। ऐसे में उन्हें कार्यस्थल के निकट सुरक्षित और सुलभ आवास की आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि यह छात्रावास न केवल महिलाओं को सुरक्षा देगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित करेगा।

इस छात्रावास में कुल 50 कामकाजी महिलाओं के रहने की व्यवस्था है। यहां रहने के साथ-साथ भोजन की सुविधा भी मात्र 3000 रुपये प्रतिमाह की दर से उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यह किफायती बनता है। यह सुविधा विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए लाभकारी होगी जो अपने गृह जिले से बाहर रहकर नौकरी या अन्य काम कर रही हैं। इससे पहले, पटना और मुजफ्फरपुर में भी इसी प्रकार के कामकाजी महिला



छात्रावास सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं।

**रसोइया-बहुउद्देश्यीय कर्मी की व्यवस्था की गई:** गया में इस छात्रावास की शुरुआत इस पहल के विस्तार से अधिक से अधिक महिलाओं को फायदा मिल सके। छात्रावास के सुचारू संचालन के लिए अधीक्षिका, उपाधीक्षिका, सुरक्षा कर्मी, रसोइया, बहुउद्देश्यीय कर्मी और सफाईकर्मी सहित आवश्यक मानव संसाधनों की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह छात्रावास महिलाओं को सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करेगा। गया में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में राज्य प्रतिनिधि कार्यक्रम प्रबंधक विनय एस.पी. सिंह, राज्य परियोजना प्रबंधक अंकिता कश्यप, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नैना कुमारी और महिला और बाल विकास निगम की परियोजना प्रबंधक जयवन्ती सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान फीता काटकर कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

# गया जंक्शन पर टिकट की परेशानी राजधानी-एक्सप्रेस में सीट फुल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में आनेवाली गर्मी की छुट्टियां और शादी-विवाह के सीजन के बीच रेल यात्रियों के टिकट के लिए इन दिनों मशक्कत करनी पड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि राजधानी से लेकर मेल-एक्सप्रेस तक में सीटें फुल हैं। बुकिंग खुलते ही कुछ ही मिनटों में ट्रेनें हाउसफुल हो जा रही हैं। कंफर्म टिकट के लिए हर दिन आपाधापी मची है। तत्काल काउंटर पर घंटों लाइन में लगने के बाद भी लोग खाली हाथ लौट रहे हैं। यहां से खुलने और गुजरने वाली लगभग सभी बड़ी ट्रेनों में भीड़ चरम पर है। महाबोधि एक्सप्रेस, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, कालका मेल, हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, नेताजी और चंबल एक्सप्रेस- हर जगह टिकट का रोना की कहानी है। वेटिंग लिस्ट 100 के पार है। महीनों पहले टिकट कराने वाले यात्री भी कंफर्म सीट के लिए तरस रहे हैं।

प्रीमियम ट्रेनों का हाल भी अलग नहीं है। तेजस राजधानी, कोलकाता राजधानी और रांची राजधानी जैसी ट्रेनों में भी नो रूम की स्थिति बनती जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग शुरू होते ही सीटें चंद मिनटों में खत्म हो जा रही है। कई यात्री बार-बार कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है।

**काउंटर पर लंबी कतारें लगती:** तत्काल टिकट के लिए सुबह-सुबह काउंटर पर लंबी कतारें लगती हैं। लेकिन सीटें इतनी कम कि अधिकांश यात्रियों को टिकट नहीं मिल रहा। ऑनलाइन तत्काल में भी वही हाल है। सिस्टम खुलते ही टिकट गायब हो जा रहे हैं। बता दें कि भीड़ को देखते हुए रेलवे ने गया होकर आठ समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। कुछ ट्रेनों का परिचालन शुरू भी हो चुका है। लेकिन यात्रियों की संख्या के सामने यह राहत नाकाफी साबित हो रही है। इसी बीच



गया-आनंद विहार के बीच समर स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 04063) शुरू की गई है। यह ट्रेन गयाजी से सप्ताह में चार दिन- मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। वहीं आनंद विहार से वापसी में सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को सेवा देगी। इससे दिल्ली रूट पर कुछ राहत की उम्मीद जरूर जगी है।

**सीधी ट्रेनों की मांग तेज:** यात्रियों और संगठनों ने अब रेलवे पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। ग्रैंड कॉर्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन ने बताया कि सिर्फ समर स्पेशल से काम नहीं चलेगा। गया से मुंबई, पुणे और जयपुर के लिए सीधी ट्रेनें चलानी होंगी। नहीं तो हर साल टिकट को लेकर यही संकट रहेगा। इसका फायदा निश्चित तौर प्राइवेट सेक्टर को होगा। प्राइवेट बस व टैक्सी रेल यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाएंगे। कंफर्म टिकट नहीं मिलने से कई लोग यात्रा टाल रहे हैं। कुछ लोग मजबूरी में सड़क मार्ग का सहारा ले रहे हैं, जहां किराया कई गुना ज्यादा है। गया से दिल्ली जाने वाली बसों का किराया भाड़ा स्लीपर के एसी 3 टायर से दुगना है।

### रेड, बालू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, 11 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, गाड़ी छोड़ कर भागे ड्राइवर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस ने आज कार्रवाई की। बेलागंज थाना क्षेत्र के बरैनी घाट पर अचानक पुलिस टीम पहुंची। कई लोग बालू छोड़कर भाग निकले। यह कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई। अभियान का नेतृत्व डीएसपी (विधि-व्यवस्था) रवि प्रकाश सिंह ने किया। उनके साथ चंदौती, मेन थाना और पाई बिगहा थाना की पुलिस टीम भी मौजूद रही। टीम ने घेराबंदी कर घाट पर चल रहे अवैध खनन को मौके पर ही रोक दिया।

**11 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया:** छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध खनन में लगे 11 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। ये सभी वाहन बालू लोड कर घाट से निकलने की तैयारी में थे। अचानक हुई कार्रवाई से खनन में जुटे लोगों में भगदड़ मच गई। कई ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, जब्त सभी गाड़ी के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गाड़ी मालिकों और इसमें शामिल लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई भी तेज कर दी गई है।

स्थानीय स्तर पर लंबे समय से बरैनी घाट पर अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी। इसी को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया। इस कार्रवाई के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप है। घाटों पर गतिविधि अचानक धीमी पड़ गई है।

पुलिस ने साफ संकेत दिया है कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में ऐसे और अभियान चलाने की तैयारी है। प्रशासन का कहना है कि जहां भी शिकायत मिलेगी, वहां कार्रवाई होगी।

# गयाजी में विश्व हिंदू परिषद की विभागीय बैठक, संगठन विस्तार पर चर्चा






सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) गयाजी विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आज विष्णुपद स्थित एक निजी होटल में हुई। इसमें गयाजी विभाग के अंतर्गत आने वाले अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता और अखिल भारतीय विशेष संपर्क प्रमुख अम्बरीष, क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद कुमार, प्रांत उपाध्यक्ष महेश प्रसाद सिन्हा, प्रांत गौरक्षा प्रमुख रविन्द्र कुमार राय और प्रांत प्रवर्तन सह प्रमुख प्रेमनाथ टाइयां सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। गयाजी महानगर, गयाजी ग्रामीण, शेरघाटी, अरवल और जहानाबाद जिलों से जुड़े विहिप, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से इसमें हिस्सा लिया। इस दौरान संगठन के अलग-अलग आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ।

**मजबूत परिवार से समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त होंगे:** मुख्य वक्ता अम्बरीष ने अपने संबोधन में परिवार संस्था के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक सुदृढ़ और संस्कारित परिवार ही एक सशक्त समाज की नींव होता है। यदि परिवार मजबूत रहेगा, तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त बनेंगे। अम्बरीष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज में संस्कार, सेवा और संगठन की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का विस्तार तभी संभव है, जब प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करे। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों तक संगठन की विचारधारा को पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी संगठनात्मक मजबूती, आपसी समन्वय और सामाजिक जागरूकता अभियानों को तेज करने पर जोर दिया।

**आने वाले कार्यक्रमों पर हुई चर्चा:** बैठक में आने वाले कार्यक्रमों, विस्तार योजनाओं और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाएं। युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने और राष्ट्रहित में समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह बैठक गयाजी विभाग में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 11 केवी तकिया फीडर में लाइन स्ट्रिंगिंग कार्य हेतु शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सासाराम /रोहतास**। विद्युत आपूर्ति प्रणाली को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा लगातार वितरण तंत्र के उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 केवी तकिया फीडर में लाइन स्ट्रिंगिंग कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस कार्य के सफल निष्पादन हेतु दिनांक 17 अप्रैल (शुक्रवार) को तकिया 11 केवी फीडर से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रखी जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक उक्त फीडर से जुड़े सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता सासाराम (शहरी) रंजन कुमार ने बताया की यह कार्य आवश्यक तकनीकी सुधार एवं लाइन की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिससे भविष्य में बार-बार होने वाली बाधाओं से राहत मिलेगी तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं स्थिर विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही पूर्ण कर लें तथा किसी भी असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल कर दिया जाएगा। विभाग द्वारा इस अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए उपभोक्ताओं से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।

### अंशुमाला ने राजपुर थानाध्यक्ष का संभाला कमान

**राजपुर**। अंशु माला ने राजपुर थाना में योगदान कर थानाध्यक्ष का कमान संभाल लिया है. अंशु ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि अपराध व भय मुक्त समाज हमारा मुख्य उद्देश्य है.शराब माफियाओं पर अंकुश लगाना प्राथमिकता रहेगी.हमारे क्षेत्र में कोई भी अपराधी एवं शराब माफिया चोंच नहीं मार सकेगा.पूर्व थानाध्यक्ष उमुस सलमा का तबादला होने के उपरांत अंशु माला को पदस्थापित किया गया है.

### अग्निशामलय बिक्रमगंज में मैराथन दौड़ किया गया आयोजित



**बिक्रमगंज /रोहतास**। अनुमंडल अग्निशामलय बिक्रमगंज में मैराथन दौड़ आयोजित किया गया जिसमें  फर्स्ट सेकंड थर्ड को पुरस्कृत किया गया ।प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नोनहर में जन प्रतिनिधि के साथ बैठक हुआ जिसमें अनुमंडल अग्निशामलय बिक्रमगंज के द्वारा और आग के बारे में बताया गया और पार्मलेट वितरण किया गया ।साथ ही साथ जीविका के साथ अनुमंडल अग्निशामलय बिक्रमगंज के द्वारा आग के बारे में बताया गया एवं मौक ड्रिल कराया गया और पंपलेट वितरण किया गया ।जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर इस कार्यक्रम से लाभ प्राप्त किया।

### निःशुल्क उपल्ब्ध कराई गई पाठ्य पुस्तक मध्य विद्यालय धवनी काराकाट में



**काराकाट /रोहतास**। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा निःशुल्क उपल्ब्ध कराई गई पाठ्य पुस्तक मध्य विद्यालय धवनी काराकाट में कक्षा-1से 8के छात्र-छात्रा को प्रधानाध्यापक-अख्तर जमा के नेतृत्व में वितरण किया है। सरकार द्वारा उपल्ब्ध कराई गई निःशुल्क पुस्तक से अभिभावक में हर्ष है।सरकार की लक्ष्य है की सभी छात्र-छात्रा बेहतर ढंग से पढ़ाई कर सके और उच्च शिक्षा में सफलता ला सके। प्रधानाध्यापक के द्वारा बताया गया कि मध्य विद्यालय ध्वनी में कक्षा-1से8के कुल-210छात्र-छात्रा को पुस्तक वितरण किया गया। उपस्थित शिक्षक-श्रीभगवान सिंह,अनिल कुमार पासवान,गौरव कुमार,मो.अब्बास अंसारी,जैनूल आवेदिन,प्रियंका कुमारी एंव सभी छात्र-छात्रा की उपस्थिति रहा ।

### मेले में लगाया गया 14 थीम आधारित स्टॉल

**कटिहार/पूर्णिया**। जिले के बायसी प्रखंड के खपड़ा पंचायत अंतर्गत ग्वालगाँव स्थित मध्य विद्यालय परिसर में आज पोषण पखवाडा के अवसर पर ECD कार्यक्रम के अंतर्गत नवांकुर संगम मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह अपने प्रकार का जिले में अनोखा आयोजन रहा, जिसका उद्देश्य बाल्यावस्था के शुरुआती वर्षों में बच्चों के समग्र विकास - मानसिक, सामाजिक, बौद्धिक एवं भावनात्मक को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं आशा,एएनएम,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,शिक्षकों,स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े अधिकारियों,पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिसनेय बच्चों के बेहतर भविष्य के प्रति सामुदायिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

**मेले में लगाया गया 14 थीम आधारित स्टॉल** : मेले में 14 थीम आधारित अनुभवात्मक स्टॉल लगाए गए, जिनमें ब्रेन-वायरिंग, दर्पण खेल, स्पर्श एवं ध्वनि पहचान, कठपुतली के माध्यम से कहानी, रंग पहचान, चित्रकारी एवं बच्चों के पोषण एवं खान-पान से सम्बंधित गतिविधियां प्रमुख रहीं। इन गतिविधियों के माध्यम से अभिभावकों को सरल एवं व्यावहारिक तरीके सिखाए गए, ताकि वे घर पर ही बच्चों के सीखने और विकास को खेल-खेल में प्रोत्साहित कर सकें। साथ ही, स्वास्थ्य एवं पोषण स्टॉलों पर बच्चों की स्वास्थ्य जांच, वृद्धि निगरानी, पोषण परामर्श तथा हाथ धोने का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

# डी.ए.वी पब्लिक स्कूल सेमरा के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास

**सी.बी.एस.ई 10वीं परिणाम**

- भव्य सम्मान समारोह आयोजित
- सफल विद्यार्थियों को पुष्पमालाओं से सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का जश्न मनाया गया
- पूरे विद्यालय परिसर में हर्ष और गर्व का वातावरण देखने को मिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। सी.बी.एस.ई. 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025–26 के घोषित परिणाम में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेमरा (बिक्रमगंज) के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्या, शिक्षकों , विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सफल विद्यार्थियों को पुष्पमालाओं से सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का जश्न मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में हर्ष और गर्व का वातावरण देखने को मिला।

प्राचार्या ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि “सफलता कभी संयोग नहीं होती, बल्कि यह समर्पण, संघर्ष और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है।” उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ऊँचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इस वर्ष के परिणाम में विद्यालय की छात्रा रिया कुमारी ने 98.40% अंक प्राप्त कर अनुमंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और पूरे क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। वहीं अवंतिका रानी (98.00%) ने द्वितीय एवं शिवांशी कुमारी (97.80%) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

**इसी क्रम में अन्य मेधावी विद्यार्थियों में** अभय प्रकाश (97.20%) (चतुर्थ), रविश कुमार (96.60%) (पंचम), वैभवी (94.80%) (षष्ठ), आदर्श कुमार (94.60%) (सप्तम), सत्यम कुमार वर्मा (94.40%) (अष्टम), कृति कुमारी (93.80%) (नवम) एवं आदित्य रंजन (93.60%) (दशम) ने भी शानदार अंक प्राप्त कर टॉप-10 सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

परीक्षा विभाग ने बताया कि इस वर्ष कुल 210 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें सभी विद्यार्थी सफल रहे। इस प्रकार विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो संस्था के लिए अत्यंत गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के कई विद्यार्थी जिला स्तर के टॉपर सूची में भी स्थान बनाने में सफल रहे हैं।

समारोह के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता में उनके अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की। अभिभावकों ने विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था एवं अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि डी.ए.वी सेमरा न केवल शिक्षा, बल्कि संस्कारों का भी केंद्र है। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी विद्यालय इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

## अभिनंदन समारोह में विधायक अनीता कुमारी का भव्य स्वागत, ग्रामीणों की मांगों पर दिया आश्वासन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। जिले के पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत थालपोश गांव में आयोजित अभिनंदन समारोह में वारिसलीगंज की विधायक अनीता कुमारी का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रदीप कुमार और अशोक महतो का भी सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साहपूर्ण बन गया।

समारोह के दौरान ग्रामीणों ने गांव के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें विधायक के समक्ष रखीं। इनमें प्रमुख रूप से जनता पुस्तकालय के जीर्णोद्धार, छठ घाट के निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की मांग शामिल रही। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि इन कार्यों के पूरा होने से गांव की तस्वीर बदलेगी।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में विधायक अनीता कुमारी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान वारिसलीगंज क्षेत्र समेत बिहार की जनसमस्याओं को मजबूती से सदन में उठाया है। उन्हें महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। साथ ही, कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कृतित्व और व्यक्तित्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में अशोक महतो, अमरनाथ मंडल, प्रो. शंभू प्रसाद और हीरा साह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अपने विचार रखे।

अपने संबोधन में विधायक अनीता कुमारी ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो प्यार और विश्वास मिला है, उसे बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को जायज ठहराते हुए सभी आवश्यक कार्यों को पूरा कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी विचारधारा और संविधान की रक्षा करने का संकल्प भी दोहराया। यह समारोह न सिर्फ सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र के विकास को लेकर नई उम्मीदों को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ। समारोह की अध्यक्षता सुभाष प्रसाद ने किया. मंच का संचालन डॉ सुधीर कुमार ने किया। मौके पर भूषण प्रसाद, दिनेश प्रसाद, शंकर चन्द्रबंशी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# नरहट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अहम बैठक

## पोषण पखवाड़ा व मातृ एनीमिया पर विशेष जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। नरहत प्रखंड में गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पोषण पखवाड़ा सहित मातृ एवं किशोरी स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति सिन्हा ने की। बैठक में पिरामल प्रतिनिधि मंतोष कुमार, डॉस्ट फाउंडेशन के सूरज कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार, ब्लॉक समन्वयक प्रबंधक संजय कुमार, परिवार कल्याण कर्मी मंटू कुमार और ब्लॉक समन्वयक सोनू कुमार सहित सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं मौजूद रहीं।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित सभी गतिविधियों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। मातृ एनीमिया (रक्ताल्पता) पर विशेष चर्चा करते हुए गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों के लिए आयरन युक्त संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया गया।

बैठक में उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय पर पहचान, किशोरी स्वास्थ्य में सुधार तथा मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया गया। साथ ही आयरन सुक्रोज एवं फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज जैसी उपचार पद्धतियों की जानकारी देते हुए मातृ मृत्यु दर को कम करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

**बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाहः** कार्यकर्ताओं को यह भी सलाह दी गई कि बच्चों में मोबाइल के बढ़ते उपयोग को नियंत्रित करें और बाहरी खाद्य पदार्थों से दूर रखते हुए घर के बने पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता दें।

बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समुदाय, स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों और सामाजिक संगठनों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए खिलौना दान के लिए प्रेरित करने की योजना बनाई गई, जिससे बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके।

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित इस भ्रांति को दूर करने पर भी जोर दिया गया कि महिलाएं सबसे अंत में भोजन करें—बल्कि उन्हें समय पर और पर्याप्त पोषण लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। बैठक के अंत में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने सभी कार्यकर्ताओं से निर्देशों का पालन करते हुए जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# आरपीएस स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। शहर के आरपीएस स्कूल के बच्चों ने इस बार भी सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। इस स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे मैट्रिक परीक्षा में उतीर्ण हुए हैं। रिमझिम ने 95 प्रतिशत अंक लाकर अपने स्कूल की टॉपर बनी है। वहीं, अभय कुमार 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि निहारिका एवं अनन्या वशिष्ठ ने 93.6 प्रशित अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त की है। इसके अलावा रजनी राज 92.5 प्रतिशत, वैष्णवी प्रिया 92.4 प्रतिशत, अभिजीत कुमार 92 प्रतिशत, अनुराधा कुमारी 92.5 प्रतिशत, सुभाष कुमार 92 प्रतिशत, कुंदन कृष्णा 92 प्रतिशत, खुशी कुमारी 91.8 प्रतिशत, वर्षा रानी 91.8 प्रतिशत, रोहित राज 91.4 प्रतिशत, धीरज कुमार 91.5 प्रतिशत सलोनी राज 91.02 प्रतिशत, बिभोर राज 91 प्रतिशत सत्यम कुमार 91 प्रतिशत, कुमार प्रियांशु 91 प्रतिशत, आदर्श कुमार 91 प्रतिशत, अजीत कुमार 90.6 प्रतिशत, रुचिका सिंह 90.6 प्रतिशत, रूपम दास अधिकारी 90.4 प्रतिशत, शिवम राज 90.4 प्रतिशत, प्रियदर्शी 90.4 प्रतिशत, अभिजीत आनंद 90.2 प्रतिशत, शुभम कुमार 90.02 प्रतिशत, अंकित राज 90.5 प्रतिशत, आलोक रंजन 90.02 प्रतिशत, कोमल कुमारी 90 प्रतिशत श्रेया राय 90 प्रतिशत, अनुष्का साव 90 प्रतिशत, निशांत कुमार 90 प्रतिशत, दिव्या कुमारी 90 प्रतिशत एवं अनिशा कुमारी प्रतिशत अंक प्राप्त



की हैं। स्कूल के निदेशक ई. रंजय ने बताया कि बच्चों के मेहनत का नतीजा आपलोगों के सामने है। 15-20 बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 30-35 बच्चों ने 80-90 प्रतिशत अंक लाएं है। इसके अलावा अन्य सभी बच्चे 70 प्रतिशत से अधिक लाकर परीक्षा में सफल हुए हैं।

उन्होंने बताया कि उकृष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को सम्मानित कर उनके हौसले को बढ़ाने का काम किया गया है। स्कूल टॉपर को लैपटॉप, सेकेंड टॉपर को मोबाइल एवं थर्ड टॉपर को स्मार्ट वॉच दिया गया है। साथ ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि इन बच्चों के बेहतर परिणाम के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने पूरी ईमानदारी और समर्पण के  साथ बच्चों की तैयारी में अपना सहयोग दिया। अंत में उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम आंगनवाड़ी को राज्यकर्मी का दर्जा के बिना अधूरा साबित होगा – जे पी पांडेय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी /रोहतास**। भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के नेता सह बिहार राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के  मीडिया प्रभारी जय प्रकाश पांडेय ने भारत सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लाए जा रहे संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है यह कदम भारत के नारियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा,जिसमें महिलाओं को सम्पूर्ण राष्ट्र में लगभग 33% का आरक्षण का लाभ सभी विभागों और क्षेत्रों महिलाओं को मिलेगा,परंतु खेद के साथ कहना है कि लगभग 50 वर्षों से कुपोषण दूर करने में लगी महिला आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका को उनका अपना अधिकार अभी तक नहीं मिल पाना ये कौन स नारी शक्ति अधिनियम है,कही ना कही हमारे कमी को दर्शाता है,ज्ञातव्य है कि कई हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी वर्षों से शोषित पीड़ित आंगनवाड़ी महिला सेविका और सहायिका वेतनमान और ग्रेच्युटी लागू करने के  आदेश मिलने के बाद भी अभी तक इन शोषित पीड़ित महिलाओं को वेतनमान और राज्य कर्मी का दर्जा नहीं देकर सरकार क्या सिद्ध करना चाहती है,परंतु खेद के साथ कहना है कि किसी भी राज्य सरकारें और केंद्र सरकार ने कुपोषण दूर करने में लगी महिला आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका को वेतनमान,रिटायरमेंट सुविधा तथा पेंशन की सुविधाओं अभी तक प्रदान नहीं कर अपने महिला शोषणवादी नीति को चरितार्थ किया है,जिसके कारण आज का नारी शक्ति वंदन अधिनियम सफेद हाथों का दांत बनता हुआ नजर आने लगा है,वास्तव में सभी महिलाओं



को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के दायरे में  लाया जाय तो यह एक स्वर्ण युग के रूप में भारत को देखा जाएगा, क्यों कि अभी तक घर के सभी संपति का अधिकार केवल पुरुषों के नाम पर होता था,जब से मोदी सरकार आई तब से उन्होंने गैस कनेक्शन मकान भवन,जमीन और बच्चों के।शिक्षा रिकॉर्ड में मां का नाम शामिल कर ऐतिहासिक कदम उठाया है जो नारियों के बढ़ते अधिकारों के प्रति सजगता को दर्शाता है,ठीक उसी प्रकार भारत के प्रत्येक गांवों में चलनेवाले आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यरत महिला आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका जो कई वर्षों से लगातार कुपोषण दूर करने का कार्य कर रही है और आनेवाले पीढ़ी को तैयार कर रहीब है,उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा दिलाने के लिए प्रत्येक राज्यो को दिशा निर्देश दिया जाए ताकि हम शोषित और पीड़ित महिला आंगनवाड़ी कर्मियों को शोषण से मुक्त कर उन्हें नारी शक्ति वंदन अधिनियम में शामिल करते हुए राज्य कर्मी का दर्जा प्रदान किया जाए तभी हम नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने में सफल होंगे,जो महिलाओं के स्वर्णिम युग की शुरुआत मानी जाएगी  और तब यह केवल कानून नहीं ,बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की नई दिशा तय करने वाला विधेयक समझा जाएगा,वर्तमान समय में संसद में लोकसभा के 543 सीटों में केवल 74 महिलाएं ही प्रतिनिधित्व कर रही परंतु जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू हो जाएगा तो लोकसभा के बढ़नेवाले सीटों को मिलकर 816 सीटों में 269 महिलाए 36% आरक्षण के साथ भारत में साथ में साथ मिलकर कार्य करेंगी तब भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के श्रेणी में खड़ा हो जाएगा,जिस किसी राष्ट्र ने महिलाओं को राष्ट्र के भागीदारी में शामिल किया वही राष्ट्र  विकसित राष्ट्र के श्रेणी में खड़ा हुआ है, महिलाओं के समुचित भागीदारी से ही राष्ट्रवजी परमवैभव पर पहुंचाया जा सकता है,जिस ओर भारत के नरेंद्र मोदी सरकार ने विशेष संसद सत्र बुलाकर नारी समान के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास कराने की ओर कदम बढ़ा दिया है,जिसकी बानगी 13 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने संकेत दे दिया है,सभी सांसदों संसद के विशेष सत्र में उपस्थित रहने के लिए हिप जारी किया गया है।वास्तव में भारत के गौरवमयी इतिहास रचने का समय आ चुका है,भारतीय समाज में नारी शक्ति के उचित स्थान के बिना भारत को विकसित राष्ट्र के श्रेणी में खड़ा नहीं किया जा सकता है,नारी शक्ति वंदन कानून केवल एक अधिनियम नहीं है बल्कि भारतीय समाज के उस सामूहिक चेतना का परिचायक हैं,जो स्त्री -पुरुष के मध्य समानता और आदर्श ही नहीं,वर्तमान की मोदी सरकार नर और नारी के उस परिकल्पना को प्रदर्शित करता है,जिसमें महिलाएं अब केवल घर की चौखट तक ही नहीं बल्कि राष्ट्र के नियति लिखने में महिलाएं अपनी भूमिका आदा कर सकेंगी।नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के सबसे बड़े न्याय का विजय है। अब आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि नारी शक्ति के अधिकारों की रक्षा हर हाल में होकर ही रहेगा।

## मैट्रिक परीक्षा में हृदय गंज निवासी हर्ष कुमार ने 92% अंक लाकर अपने परिवार को किया गौरवान्वित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**।  केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में कटिहार हृदय गंज निवासी राकेश रंजन के पुत्र हर्ष कुमार ने 92% अंक लाकर अपने परिवार को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। हर्ष कुमार बचपन से ही पढ़ने में मेधावी रहा है। मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट आते ही उनके माता स्वीटी देवी,पिता राकेश रंजन,बहन प्रतिक्षा कुमारी,दादा योगेंद्र नारायण यादव सेवा निवृत प्रधानाध्यापक, राजेंद्र उच्च विद्यालय धनपाड़ा मनसाही,नानी उषा देवी, बुआ हेमलता देवी,फूफा डॉक्टर मनीष यादव ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

हर्ष कुमार की माता स्वीटी देवी गृहणी है। पिता राकेश रंजन व्यवसायी हैं। माता-पिता बताते हैं कि हर्ष कुमार को 500 में 460 अंक प्राप्त किये हैं। 92% से उत्तीर्ण हुए हैं। अंग्रेजी में 84, संस्कृत में 93, गणित में 88, विज्ञान में 90, सोशल साइंस में 93, पेंटिंग में 97 अंक प्राप्त किया हैं।  हर्ष कुमार आईआईटी इंजीनियर बनना चाहते हैं। इन्होंने नर्सरी से मैट्रिक तक की पढ़ाई जयमाला शिक्षा निकेतन हृदय गंज कटिहार से किया है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादा पारिवारिक सदस्य सहित जयमाला शिक्षा निकेतन के निदेशक डॉ सुशील कुमार सुमन, प्रिन्सपल अजय कुमार निराला, वरिष्ठ शिक्षक बाल कृष्ण वर्मा सहित सभी शिक्षकगण को देते हैं। उन्होंने कहा कि जयमाला शिक्षा निकेतन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाता है। जिसका परिणाम है कि इस विद्यालय के अधिकांश छात्र-छात्राओं अव्वल नंबर से उत्तीर्ण हुए हैं।

# जनगणना प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**। जनगणना कार्य के लिए प्रखंड अंतर्गत प्रतिनियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शौणडिक हाई स्कूल टेन प्लस टू स्कूल सभागार में गुरुवार को शुरू हुआ.जिसका उद्घाटन बीडीओ रविराज,जनगणना कार्य के नोडल पदधकारी बीसीओं जनार्दन कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्राण रंजन प्रसाद एवं हाई स्कूल प्रधानाध्यापक रजनीश तिवारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित करके किया.





जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए क्षेत्र अन्तर्गत 153 प्रगणक एवं 29 पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त किये गये हैं. सभी को कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है. प्रथम फेज में 38 प्रगणक एवं तीन पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. जिसके मास्टर ट्रेनर के तौर पर शिक्षक सोनू कुमार सिन्हा, कर्मी धनंजय कुमार एवं शुभम कुमार हैं. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने लिए निर्धारित क्षेत्र में जनगणना का कार्य आरम्भ करेंगे. मौके पर बीएलओ धीरेंद्र कुमार, सचिता कुमार, राजबली प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी पेपर लीक की साजिश नाकाम

**मुंगेर**। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में पेपर लीक की आशंका के बीच मुंगेर प्रशासन ने एक बड़े सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक चली छापेमारी में 2 युवतियों सहित 17 अभ्यर्थियों और 4 एजेंटों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से परीक्षा में संभावित गड़बड़ी टल गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग परीक्षा के दौरान पेपर लीक कराने की तैयारी में हैं। इसके बाद एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।

**मास्टरमाइंड सुजल कुमार को गिरफ्तार किया गया:** सदर डीएसपी अभिषेक आनंद और जिला शिक्षा पदाधिकारी कुणाल गौरव के नेतृत्व में टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भगत चौकी में छापेमारी की। इस दौरान गिरोह के मास्टरमाइंड सुजल कुमार को गिरफ्तार किया गया। सुजल की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर शहर के विभिन्न होटल, लॉज और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान एजेंट, सॉल्वर गैंग के सदस्य और कई अन्य अभ्यर्थियों को पकड़ा गया।

**परीक्षा में उत्तर उपलब्ध कराने का सौदा:** पुलिस ने सुजल के पास से 20 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भी बरामद किए। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि इन अभ्यर्थियों को परीक्षा में उत्तर उपलब्ध कराने का सौदा हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह ने इस बार हाईटेक तरीके से पेपर लीक करने की योजना बनाई थी। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक कैप्चर (फिंगरप्रिंट, फेस और आई स्कैन) के लिए नियुक्त एजेंसी के कुछ ऑपरेटरों को अपने प्रभाव में लिया था।

**युवाओं को ऑपरेटर के रूप में तैयार किया:** योजना के अनुसार, ऑपरेटर प्रश्न पत्र की फोटो खींचकर गिरोह को भेजते। गिरोह उत्तर तैयार कर उसे अभ्यर्थियों तक पहुंचाता। इसके लिए गिरोह ने पहले से ही कुछ युवाओं को ऑपरेटर के रूप में तैयार किया था। हालांकि, परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रशासन ने कार्रवाई कर इस साजिश को नाकाम कर दिया।

**कोचिंग संचालक की भूमिका भी संदिग्ध:** पुलिस जांच में कासिम बाजार थाना क्षेत्र के अंबे चौक स्थित एक कोचिंग सेंटर संचालक की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस जब वहां छापेमारी करने पहुंची तो संचालक फरार मिला। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# तीन गांव की 32 महिलाओं से 45 लाख रुपये की ठगी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में बाईपास थाना क्षेत्र के मकससपुर हरिजन टोला की रहने वाली 32 महिलाएं फ्रॉड का शिकार हो गई। इनसे 45 लाख की ठगी हुई है। सभी से पेट्रोल पंप खोलने और उसमें नौकरी देने के नाम पर लोन लिए थे। आज 18 पीड़ित महिलाएं न्याय की गुहार लगाने SSP कार्यालय पहुंची, जहां पुलिस अधीक्षक से मिलकर पीड़ित महिलाओं ने अपनी बात बताई। महिलाओं ने कहा कि हम लोग पढ़ी-लिखी नहीं है और हम लोगों को स्थानीय मीना देवी ने यह कहकर ठगा कि तुम लोग बैंक से लोन लेकर हमें दो और पेट्रोल पंप खोलकर उसी पेट्रोल पंप के जरिए सारी महिलाओं को काम दिया जाएगा, जिससे सभी की अच्छी कमाई होगी। लोभ में आकर बैंक से लोन लेकर किसी ने 2 लाख, तो किसी ने डेढ़ लाख, किसी ने चार लाख रुपए मीना देवी को बिना कुछ लिखा पढ़ी किए सौंप दिया, जब महिलाओं को या उनके परिवार में किसी को काम नहीं मिला, ना ही पेट्रोल पंप खुला तो हार कर सभी न्याय के लिए थाने व कोर्ट का चक्कर लगा रही है। इसी दौरान आज दोपहर सभी SSP कार्यालय पहुंची। यहां आवेदन देकर पैसे वापस कराने की बात कही। हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने महिलाओं को कहा है कि जल्द ही जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**पीड़ित महिला बोली- नौकरी देने के नाम पर लिए थे रुपए:** मामले पर पीड़ित सरिता देवी ने बताया कि मीनू देवी नाम की एक महिला ने उन्हें और अन्य महिलाओं को घर बैठे बिजनेस कराने का झांसा दिया। साथ ही यह वादा किया गया कि भागलपुर में एक पेट्रोल पंप खोला जाएगा, जहां उनके पतियों को ड्राइवरी का काम मिलेगा।

उसकी बातों पर विश्वास कर वे लालच में आ गईं। उन्होंने बताया कि इस झांसे में आकर लगभग 32 महिलाओं ने बैंक से लोन लेकर 2-2 लाख रुपये मीनू देवी को दे दिए। मीनू देवी ने आश्वासन दिया था कि बैंक की सभी किश्तें (EMI) वह स्वयं भरेगी। शुरुआत में उसने कुछ किश्तें जमा भी कीं, लेकिन बाद में भुगतान बंद कर दिया। सरिता देवी ने आगे कहा कि अब मीनू देवी न तो किश्तें भर रही है और न ही पैसे वापस कर रही है, जिससे सभी महिलाएं आर्थिक संकट में फंस गई हैं।

## होमवर्क नहीं बनाने पर तीसरी कक्षा की छात्रा की पिटाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में होमवर्क बनाकर स्कूल नहीं पहुंचने पर तीसरी कक्षा की छात्रा के साथ मारपीट का आरोप है। बच्चे के अभिभावक का कहना है कि शिक्षक ने जमकर पिटाई कर दी, जिसके कारण किशोरी बेहोश होकर गिर पड़ी। इसके बाद अन्य बच्चों ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। सूचना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सैकड़ों की संख्या में स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। मामला, कहलगांव प्रखंड के मध्य विद्यालय धनौरा का है। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली गंगा कुमारी आज धनौरा स्कूल गई थी। शिक्षक ने बुधवार को उन्हें होमवर्क दिया था, लेकिन न तो उन्होंने उसे याद किया था और न ही बनाकर गई थीं। जब मास्टर होमवर्क चेक करने लगे, तो छात्रा ने कहा कि मैंने होमवर्क नहीं बनाया है। इसके बाद शिक्षक ने छड़ी से उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि शिक्षक ने शरीर पर लगभग 15 से ज्यादा बार वार किया, जिससे बच्ची बेहोश हो गई और वहीं पर गिर पड़ी।



### किऊल-मालदा टाउन-किऊल अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का तीनपहाड़ स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

**03204/03203 किऊल-मालदा टाउन-किऊल अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 18.04.2026 (शनिवार) से तीनपहाड़ स्टेशन** पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी, जो निम्नानुसार है:

| ट्रेन संख्या और नाम | तीनपहाड़ पर समय-सारिणी | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| 03204 किऊल-मालदा टाउन स्पेशल | 12.00 बजे | 12.02 बजे |
| 03203 मालदा टाउन-किऊल स्पेशल | 17.33 बजे | 17.35 बजे |

अन्य अनुदेश अपरिवर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे


## सीसीटीवी कैमरों की निगरानी मजबूत करें-डीएम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया**। अररिया के डीएम विनोद दुहन और एसपी जितेंद्र कुमार ने गुरुवार को अररिया मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। इस अचानक निरीक्षण से जेल प्रशासन में हलचल मच गई। दोनों अधिकारियों ने कारा परिसर का दौरा किया और बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इसमें भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर, बैरक, शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था शामिल थी। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी शिकायतें भी सुनीं। डीएम विनोद दुहन ने जेल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी मजबूत करने और सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट रहने को कहा। डीएम ने जेल अधीक्षक को सीसीटीवी फुटेज की नियमित समीक्षा करने और किसी भी खराबी को तुरंत ठीक करने का आदेश दिया।

**संदिग्ध संपर्क की तुरंत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें:** एसपी जितेंद्र कुमार ने सुरक्षा पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि जेल के अंदर और बाहर दोनों जगह सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने सुरक्षा गार्डों को अपनी ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। एसपी ने बंदियों के बीच किसी भी अवैध गतिविधि या संदिग्ध संपर्क की तुरंत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने डीएम और एसपी को वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की संख्या और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने जेल परिसर की साफ-सफाई को और बेहतर बनाने तथा बंदियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की। यह औचक निरीक्षण जेल में अनुशासन बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से किया गया था। जिला प्रशासन का मानना है कि समय-समय पर ऐसे निरीक्षण से जेल प्रशासन सतर्क रहता है और बंदियों के अधिकारों का भी पूरा ध्यान रखा जाता है।



पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं. 05-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27 के ई-निविदा, दिनांक 15.04.2026;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-कालुबथान स्टेशन यार्ड में अप एवं डाउन लूप लाइनों का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 1,22,26,597.75; **बयाना राशि:** रु. 2,44,500; **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.05.2026 को अपराह्न 02.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/** (ASN-27/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 13.04.2026;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1. निविदा सं.: टीएन-04-26-27; कार्य का नाम:** स्पैन सं. 5, 6 एवं 7 के लिए पुल सं. 13 सीसीआर की मेटलाइजिंग तथा सैंड ब्लास्टिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 4,33,37,408.50; **ईएमडी:** रु. 8,66,800; **क्रमांक 2. निविदा सं.: टीएन-05-26-27; कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अधीन टीबीआर-17.473 किमी, टीबीआर प्वाइंट एवं क्रॉसिंग-31 सेट, टीएसआरपी-4.688 टीकेएम, टीटीआर-50 सेट, टीएफआर-19.218 किमी, टीबीआरपी-4.934 किमी तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 4,73,09,061.86; **ईएमडी:** रु. 9,46,200; **कार्य समापन अवधि:** 18 (अठारह) महीने (दोनों के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (दोनों के लिए)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 08.05.2026 को अपराह्न 03.30 बजे (दोनों के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-05/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter




बिहार सरकार

### कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

प्रपत्र–1

[देखिये नियम 12(1)]

**सूचना**

**नगर पंचायत, मदनपुर** के वार्ड संख्या **01 से 10** की मतदाता सूची

एतद् द्वारा उपरोक्त वार्ड का प्रारूप मतदाता सूची का सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। इस सूची में नाम दर्ज करने के लिए सभी दावा प्रपत्र–2 में, किसी प्रविष्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आक्षेप प्रपत्र–2(A) तथा मतदाता सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध आपत्ति प्रपत्र–3 में दिनांक 28.04.2026 तक दायर की जा सकेगी। रिवाईजिंग अथॉरिटी जिनके समक्ष ऐसे दावे एवं आपत्तियाँ दायर की जा सकती है, वह इस प्रकार है :–

| वार्ड संख्या | रिवाईजिंग पदाधिकारी का नाम | नागरिकों/मतदाताओं के मिलने का स्थान एवं समय (प्रतिदिन) | प्रारूप मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है। |
|---|---|---|---|
| 01 से 10 | श्री अवतुल्य कुमार आर्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मदनपुर | बहुदेशीय भवन प्रखंड मदनपुर पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 05:00 बजे तक | (1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय (2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर (3) नगर पंचायत, मदनपुर (4) अंचल कार्यालय, मदनपुर (5) प्रखंड कार्यालय, मदनपुर (6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना (7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर |

दावे एवं आपत्तियाँ रिवाईजिंग अथॉरिटी को संबोधित किये जायेंगे तथा या तो इस सूचना में विनिर्दिष्ट रिवाईजिंग अथॉरिटी के समक्ष उपस्थापित किये जायेंगे या डाक द्वारा इस प्रकार भेजे जायेंगे ताकि उन्हें दिनांक 28.04.2026 तक प्राप्त हो सके।

सीन : औरंगाबाद
दिनांक : 15.04.2026

निबंधन पदाधिकारी
–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 001171 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।




बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(जनगणना कोषांग)

## भारत की जनगणना-2027

जनगणना से जन कल्याण



**स्व–गणना 17.04.2026 से 01.05.2026 के बीच सभी को करना है।**

**विकास एवं प्रगति बता रहे हैं स्व–गणना की प्रक्रिया**

**भाग 1: प्रवेश और प्रारंभिक पंजीकरण**

1. **पोर्टल एक्सेस और लॉगिन**
https://se.census.gov.in पर जाएं, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में बिहार चुनें और कैप्चा दर्ज करें।

2. **परिवार पंजीकरण**
परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी (वैकल्पिक) दर्ज करें।

परिवार के मुखिया का नाम बाद में बदला नहीं जा सकता।

एक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है; एक बार पंजीकरण होने के बाद वही नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

**भाग 2: सत्यापन और स्थान पहचान**

3. **भाषा और OTP सत्यापन**
अपनी पसंदीदा भाषा चुनें और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त OTP दर्ज करें।

चुनी गई भाषा बाद में बदली नहीं जा सकती।

4. **स्थान विवरण दें**
जिला चुनें और पिन कोड, गांव/शहर/क्षेत्र की जानकारी दर्ज करें।

5. **मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें**
मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर अपने घर की सही लोकेशन चिन्हित करें और पुष्टि करें।

**भाग 3: डेटा प्रविष्टि और अंतिम सबमिशन**

6. **प्रश्नावली पूरी करें**
टूलटिप्स, FAQs और "आवश्यक जानकारी" नोट्स की मदद से मकान सूचीकरण और आवास जनगणना प्रश्नावली भरें।

7. **पूर्वावलोकन और समीक्षा**
प्रिव्यू स्क्रीन पर सभी भरी गई जानकारी जांचें, आप जानकारी संपादित कर सकते हैं, ड्राफ्ट सेव कर सकते हैं या अंतिम रूप से जमा कर सकते हैं।

8. **अंतिम सबमिशन**
"Final Submit" पर क्लिक करके अपनी जानकारी लॉक करें; अंतिम सबमिशन के बाद कोई बदलाव नहीं किया जा सकता।

**SE ID का निर्माण** सबमिट करने पर 11 अंकों की एक यूनिक SE ID ("H" से शुरू) बनती है, जो SMS और ईमेल (यदि दिया गया हो) के माध्यम से भेजी जाती है।

**भाग 4: मकान गणना में सत्यापन**

9. **गणनाकर्मी का दौरा**
02 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच गणनाकर्मी आपके घर आएं, तो उन्हें अपनी SE ID दिखाएं।

**SE ID का निर्माण** सबमिट करने पर 11 अंकों की एक यूनिक SE ID ("H" से शुरू) बनती है, जो SMS और ईमेल (यदि दिया गया हो) के माध्यम से भेजी जाती है।



विकास



प्रगति

सरकार के प्रधान सचिव
सह
राज्य नोडल पदाधिकारी
(जनगणना)

नोट: 1. संगणक (Enumerators) विकास और प्रगति घर-घर जाएंगे और स्व- गणना में लिए गए आंकड़ों का सत्यापन करेंगे।
2. विकास और प्रगति को दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

PR. No. 001059 (Revenue) 2026-27

शिकायत एवं सुझाव के लिए लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें।
https://biharbhumiplus.bihar.gov.in/pg/

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।

Follow Us
#BiharRevenueAndLandReformsDept

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एसपी कार्यालय में अश्वारोही सशस्त्र पुलिस सभा का किया गया आयोजन

**आरा।** बुधवार को एसपी राज ने अपने कार्यालय कक्ष में अश्वारोही विशेष सशस्त्र पुलिस सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर अश्वारोही विशेष सशस्त्र पुलिस बल के जवान के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मी उपस्थित थे। एसपी राज के द्वारा आयोजित इस सभा में पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन एवं आधुनिकीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, अश्वारोही विशेष सशस्त्र पुलिस बल के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग, प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाकर पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। एसपी राज ने सभा के दौरान पुलिस कर्मियों की समस्याओं को भी सुना, उन्हें यात्रा भत्ता से संबंधित समस्याओं तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सभी संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस बल के सदस्य उपस्थित रहे।एसपी राज ने कहा कि अश्वारोही सशस्त्र पुलिस बल की हर सुविधा को ध्यान में रखा गया है। सिपाहियों और पदाधिकारियों की रहने वाले बैरक की मरम्मती का कार्य कराया जा रहा है । साथ ही इनके हर जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है।

### विधान परिषद उपचुनाव का शेड्यूल जारी, 12 मई को मतदान

**आरा।** भोजपुर जिले में बिहार विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी उपचुनाव को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। चुनाव प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू होकर 15 मई तक चलेगी। भोजपुर समाहरणालय, आरा (जिला निर्वाचन कार्यालय) द्वारा जारी आदेश के अनुसार बिहार विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी उपचुनाव के लिए विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 16 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद 23 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।

### गर्मी के बीच राहगीरों को मिलेगी राहत ग्लूकोज़ सी वितरण अभियान शुरू

**आरा।** गर्मी के बीच आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्लूकोज़ सी वितरण अभियान की शुरुआत की। संस्था के अध्यक्ष कुमार रोहित और सचिव कमलेश तिवारी के नेतृत्व में रिक्शा-ठेला चालकों व राहगीरों को ग्लूकोज़ युक्त पेय पिलाया गया। संस्था के सदस्य कुमार मोहित ने बताया कि हर वर्ष गर्मी में इस तरह का अभियान चलाया जाता है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके। बुधवार को सैकड़ों गिलास ग्लूकोज़ सी वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही सत्तू शरबत और आम पन्ना का वितरण भी शुरू किया जाएगा। रवि सहाय ने कहा कि यह अभियान पूरे गर्मी के मौसम में लगातार जारी रहेगा, जिससे सड़क पर काम करने वाले मजदूरों को काफी राहत मिलेगी। यह मुहिम यूथ फॉर सेवा के आनंद कुमार की माता स्व. संयुक्त देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित रही। मौके पर रोटी बैंक के रणजीत कुमार, राकेश कुमार, गंगा सनातन समिति के डॉ. संदीप कुमार तथा यूथ फॉर सेवा के आनंद कुमार, रोहित कुमार और अंकित कुमार मौजूद रहे।

### जनसहयोग से बने फोल्डिंग टेबल का डीईओ ने किया उद्घाटन

**आरा।** मध्य विद्यालय गंगहर में बुधवार को जनसहयोग से निर्मित स्कूली बच्चों के मध्याह्न भोजन हेतु फोल्डिंग टेबल का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार एवं ग्रामीणजनों के साथ नव-निर्मित टेबल पर बैठकर मध्याह्न भोजन भी ग्रहण किया, जिससे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल बन गया। मध्याह्न भोजन के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। खास बात यह रही कि विद्यालय के बच्चों ने ही उन्हें पूरे परिसर का भ्रमण कराया और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने नवाचारी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत कर सबका ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सबसे आकर्षक कार्यक्रम जिला शिक्षा पदाधिकारी का साक्षात्कार रहा। यह साक्षात्कार भी विद्यालय के बच्चों द्वारा ही लिया गया। इस दौरान श्री राय ने बच्चों और अभिभावकों से संवाद करते हुए उन्हें प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया तथा शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मध्य विद्यालय गंगहर सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और यह अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। जब उनसे उनके सपनों के विद्यालय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनका आदर्श विद्यालय मध्य विद्यालय गंगहर जैसा ही होगा। कार्यक्रम के अंत में कक्षा आठवीं के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सत्र, 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा आठवीं की छात्रा आरुही कुमारी को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए विशेष सम्मान देते हुए उनके नाम पर एक वर्ष के लिए "आरुही कक्ष" स्थापित किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार, ग्रामीणजन एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बना दिया।

### नन्हे वैज्ञानिक रंजीत ने चंद्रयान रॉकेट मॉडल बना किया आकर्षित

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय, निमेज के छठवीं कक्षा के छात्र रंजीत कुमार गुप्ता ने अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए चंद्रयान रॉकेट का आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल तैयार किया है। कम उम्र में विज्ञान के प्रति उसकी गहरी रुचि और जिज्ञासा ने न सिर्फ शिक्षकों बल्कि अभिभावकों को भी प्रभावित किया है। रंजीत ने यह मॉडल घर पर उपलब्ध साधारण सामग्रियों जिनमें थर्मोकोल, गत्ता, प्लास्टिक और रंगों की सहायता से तैयार किया।केवल रॉकेट की बाहरी संरचना ही नहीं बनाई, बल्कि उसके विभिन्न हिस्सों को भी बारीकी से दर्शाने का प्रयास किया, जिससे उसकी वैज्ञानिक समझ और रचनात्मकता साफ झलकती है। विद्यालय की प्राचार्य सीमा ओझा ने रंजीत की सराहना करते हुए कहा उन्होंने बताया कि रंजीत की इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य छात्र भी प्रेरित हो रहे हैं और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि बढ़ रही है। वहीं, रंजीत का सपना है कि वह आगे चलकर एक सफल वैज्ञानिक बने और देश के अंतरिक्ष अभियानों में अपना योगदान दे। गौरतलब है कि इससे पूर्व जिले में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। वर्ग आठ के छात्र राज कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि वर्ग सात के छात्र रेहान और तनवीर ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### बाबा ब्रमेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर स्थित बाबा बरमेश्वर नाथ मंदिर में वैशाखी शिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। दूर-दराज के गांवों सहित भोजपुर,बलिया,गाजीपुर से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचे। मान्यता है कि इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग की स्थापना स्वयं ब्रह्मा जी के हाथों हुई थी, जिसके कारण यह स्थल अत्यंत पवित्र माना जाता है। यही वजह है कि यहां विराजमान भगवान शिव को "मनोकामना नाथ" के रूप में भी जाना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने पर उनकी हर मनोकामना पूरी होती है।

# बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ असामाजिक तत्वों ने उंगुली और चश्मे को तोड़ा

**बक्सर।** बक्सर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की नवनिर्मित प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस घटना के बाद गांव में आक्रोश और तनाव का माहौल है। घटना राजपुर थाना क्षेत्र के हरपुर गांव की है। यह प्रतिमा हाल ही में 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर स्थापित की गई थी। स्थापना के दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। बुधवार देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने अंधेरे का फायदा उठाकर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया।

**प्रतिमा की अंगुली और चश्मे को तोड़ाः** शरारती तत्वों ने प्रतिमा की अंगुली और चश्मे को तोड़ दिया, जिससे प्रतिमा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण पूजा के लिए पहुंचे, तो प्रतिमा की स्थिति देखकर हैरान रह गए। यह खबर पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कृत्य सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है।

**शांति भंग करने का किया गया प्रयासः** ग्राम सरपंच फुटुचंद सिंह ने घटना की निंदा करते हुए कहा, "बाबा साहब की प्रतिमा को क्षति पहुंचाना समाज की एकता और शांति भंग करने का प्रयास है। यह एक कायराना हरकत है और इसके पीछे शामिल लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।" थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और दोषियों की पहचान कर जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है। प्रशासन लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है, जबकि ग्रामीण न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

## सड़क हादसे में दूध कारोबारी की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में अनियंत्रित ऑटो ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार दूध कारोबारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान नावां गांव निवासी लाल मोहर सिंह(65) के तौर पर हुई है। खेती करने के साथ-साथ दूध बेचने का काम करते थे। घटना नावां-रजमलडीह गांव स्थित पुल के पास की है। मृतक के बेटे बीरेंद्र ने बताया कि पिताजी रोज की तरह साइकिल से दूध लेकर डेयरी पर देने जा रहे थे। रास्ते में ओवर स्पीड ऑटो ने रौंद दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचा। खून से लथपथ पड़े हुए थे। आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लेकर गए। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। कुछ देर बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**घर में मचा कोहरामः** हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिवार में पत्नी असरफी देवी, दो बेटे बीरेंद्र, विवेक और तीन बेटी ललिता कुमारी, आशा और धर्मशिला कुमारी है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रास्ते को लेकर दो पक्षों में झड़प



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** आरा में बुधवार देर शाम एक मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। रास्ता छोड़ने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट में बदल गई। इस दौरान एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों के कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें अधिकांश के सिर पर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में एक पक्ष से बबन शर्मा(65), उनकी पत्नी सुमित्रा देवी(60), पुत्र दीपू शर्मा(48) और सुबोध कुमार (27) शामिल हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से दीपुल शर्मा(45), पत्नी बेबी देवी(35) और दिलीप कुमार(23) घायल हुए हैं। घटना टाउन थाना क्षेत्र के बेगमपुर मोहल्ले की है।

**रास्ता छोड़ने को लेकर हुआ विवादः** दीपुल शर्मा कई वर्षों से बेगमपुर मोहल्ले में मकान बनाकर रह रहे हैं, जबकि दीपू शर्मा हाल ही में उसी मोहल्ले में नया मकान निर्माण करा रहे हैं। इसी दौरान रास्ते को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ।

## युवक को पेड़ से उल्टा लटकाकर पीटने पर कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में युवक को पेड़ से उल्टा लटकाकर पीटने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। घटना के तीन दिन बाद, पीड़ित रवि कुमार उर्फ बेटानी यादव के पिता बसावन यादव के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में 17 नामजद और 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरुदास मठिया गांव की है। पुलिस गांव में छापेमारी कर आरोपी पक्ष के 6 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसके विरोध में बक्सर इटाढी मार्ग को आक्रोशित लोगों ने जाम कर दिया है। आक्रोशित लोगों के साथ खड़े आजाद पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश आजाद ने बताया कि युवक को चोरी करते पकड़ा गया है। इसके खिलाफ आवेदन भी दिया गया है। लेकिन पुलिस ने न FIR दर्ज की और ना ही चोरी करते पकड़े गए युवक को गिरफ्तार किया है। बल्कि रात में पुलिस आई और युवक के साथ मारपीट करने वाले निर्दोष लोगों को उठा ले गई। इसके साथ ही सुरेश आजाद ने कहा कि पेड़ से लटकाने वाल वीडियो एआई से बनाया गया है। किसी ने युवक को पेड़ उल्टा नहीं लटकाया है। घटना में पीटे गए युवक रवि कुमार का कहना है कि इन दिनों गेहूं की कटनी चल रही है। इसलिए सुबह 4 बजे मैं अनुसूचित बस्ती के रास्ते से होकर अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने चोर-चोर कहकर मुझे पकड़ लिया और मारने-पीटने लगे। इस दौरान वहां 40-50 लोग मौजूद थे। इतने से भी उनका मन नहीं भरा तो सिर के बाल और मूंछ को आधा मूंड दिया। इसके बाद पेड़ पर लगभग 45 मिनट तक उल्टा लटका कर बेहरमी से पीटा। इससे पहले भी मेरे साथ 4 बार ऐसी घटनाएं हो चुकी है। 2-3 साल पहले एक पंडित ने हरिजन की हत्या की थी। हरिजन समाज के लोगों ने उसमें मेरा नाम भी डाल दिया था। उसके बाद से मेरे साथ कई बार मारपीट किया गया।

**पीड़ित के पिता ने रॉड से मारने का लगाया आरोपः** पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को पकड़कर पेड़ से उल्टा लटका दिया गया था। उसे लाठी-डंडे, पत्थर और लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा गया। पिता के अनुसार, जब उन्हें घटना की जानकारी मिली, तो वे मौके पर पहुंचे और देखा कि उनका बेटा गंभीर हालत में पेड़ से लटका हुआ था। विनती करने के बाद आरोपियों ने युवक को नीचे उतारा।

**शरीर पर मिर्च पाउडर डालने का आरोपः** आवेदन में यह भी बताया गया है कि आरोपियों ने युवक के पूरे शरीर पर मिर्च पाउडर डाल दिया था और उसे जान से मारने की कोशिश की। परिवार द्वारा विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। पिता ने इस हमले को पुरानी रंजिश के तहत एक सोची-समझी साजिश बताया है। यह घटना सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस के संज्ञान में आई। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

**गाड़ियों के पार्ट्स चुराने का लगाया आरोपः** आरोपी पक्ष के सोनू कुमार राम ने बताया कि उनके यहां सात वाहन हैं।

# मसूर की खरीद शुरू, 48 घंटे में किसानों को होगा राशि का भुगतान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** रबी विपणन मौसम 2026-27 में जिले में मसूर की सरकारी खरीद 10 अप्रैल से शुरू हो गई हैं, जो 31 मई तक चलेगी। किसानों से 7000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जाएगी। पिछली बार 2025 26 में मसूर का सहकारिता विभाग का समर्थन मूल्य 6700 प्रति क्विंटल था, जो इस बार पिछली बार की अपेक्षा 300 की समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। प्रशासनिक स्तर से खरीद केंद्रों को सभी आवश्यक निर्देश दिए गए है। जिले में इस वर्ष दलहन फसलों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में कुल 7931.8 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 8146 हेक्टेयर में मसूर की खेती कर 102.7 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। ऐसे में इस बार मसूर खरीद को लेकर किसानों में उत्साह है।

**समय पर पंजीयन कराएं किसानः** जिला सहकारिता पदाधिकारी लवली कुमारी ने किसानों से कहा है कि वे समय पर पंजीकरण कराकर अपनी उपज सरकारी दर पर बेचें और बिचौलियों से बचें। इस योजना से न सिर्फ किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा, बल्कि भोजपुर में दलहन उत्पादन को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की है। यह वृद्धि मसूर की खेती को बढ़ावा देने के लिए की गई है जिला कृषि पदाधिकारी लवली कुमारी ने बताया कि मसूर खरीद भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस ) के तहत की जा रही है। किसानों को पहले dbtagriculture पोर्टल और फिर esahkari पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंचायत स्तर पर पैक्स और प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडलों के माध्यम से खरीद केंद्र बनाए गए हैं। एक किसान से अधिकतम 40 क्विंटल तक मसूर खरीदी जाएगी। गुणवत्ता जांच के लिए नेफेड और एनसीसीएफ के विशेषज्ञ तैनात किये गए हैं। खरीदी गई मसूर को नजदीकी सीडब्लूसी/एसडब्लूसी गोदामों में रखा जाएगा। राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम द्वारा किसानों के बैंक खाते में 48 घंटे के अंदर भुगतान किया जाएगा। जिले में मसूर की खेती लक्ष्य से अधिक (100% से ज्यादा) हुई है। कोईलवर, पीरो और शाहपुर में बेहतर प्रदर्शन दिख रहा है। प्रखंड वार मसूर की बुवाई भोजपुर जिले में मसूर की खेती में इस बार अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला है। प्रखंडवार आंकड़ों के अनुसार अगिआंव में 362 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 362.1 हेक्टेयर, आरा में 1214 के मुकाबले 1205, बड़हरा में 680.5 के विरुद्ध 696.5 तथा बिहिया में 455 के मुकाबले 454.5 हेक्टेयर आच्छादन हुआ है।

## ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



सीमा कुमारी
मृतका

**आरा।** भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र में प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतका के पिता निर्मल सिंह के बयान पर केस दर्ज किया गया है, जिसमें दलेलगंज निवासी डॉ. मनोज कुमार सिंह और उनकी पत्नी डॉ. सोमी देवी को नामजद आरोपी बनाया गया है। मृतका की पहचान देउआर गांव निवासी गुड्डू कुमार की पत्नी सीमा कुमारी(22) के तौर पर हुई है। निर्मल सिंह ने बताया कि 11 अप्रैल को बेटी को अस्पताल में एडमिट कराया था। भर्ती के करीब चार घंटे बाद डॉक्टरों ने कहा कि ऑपरेशन करना होगा। जिसके बाद सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद हालत लगातार बिगड़ती चली गई। पेशाब की थैली को डॉक्टर ने सिल दिया। डॉक्टर को इस बारे में बताया भी था, तब उसने कहा था कि ठीक हो जाएगा। स्थिति गंभीर होने पर दूसरे अस्पताल में रेफर करने की मांग की, लेकिन डॉक्टरों ने इसे नजरअंदाज करते हुए आश्वासन दिया कि स्थिति जल्द सामान्य हो जाएगी। इसी बीच मंगलवार को उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से दोनों डॉक्टर फरार हैं। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**2023 में हुई थी शादीः** मृतका के पिता निर्मल कुमार ने डॉक्टर मनोज कुमार और उसकी पत्नी पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृतका अपने 5 बहन और 2 भाई में चौथे स्थान पर थी। उसकी शादी 2023 में मई महीने में हुई थी।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में आरा ने बक्सर को एक गोल से हराकर बना विजेता



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बक्सर नगर की ओर से परिषद के खेलो भारत आयाम के तहत हैंडबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हवाई अड्डा मैदान में किया गया। हैंडबॉल प्रतियोगिता में बक्सर और आरा की टीम के बीच मैच खेला गया। मैच में आया ने बक्सर को एक गोल से हराकर शिल्ड पर कब्जा जमा लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिनंदन मिश्रा और संचालन जिला सह संजोयक प्रियांशु शुभम ने किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि प्रो. डॉ केके सिंह ने अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर हैंडबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बहुत ही सराहनीय रहा। युवाओं के लिए परिषद हरेक क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है, इसके लिए परिषद के कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बक्सर जिला के जिला संयोजक अविनाश पांडेय ने भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के योद्धा और हम सभी के प्रेरणास्त्रोत डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# 20 को उदया तिथि में मनेगी अक्षय तृतीया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** जिले में 20 अप्रैल को वैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अक्षय तृतीया का त्योहार मनाई जाएगी। हालांकि इस बार अक्षय तृतीया तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, उसका कारण है तिथि का दो दिन होना। जब कोई तिथि दो दिनों में रहती है, तो इस प्रकार के भ्रम की स्थिति बनती है। 'महापुण्यप्रदा रोहिणी योगवती अक्षय तृतीया' पर्व आदि गणना के लिए उदया तिथि की सर्वाधिक मान्यता होने के कारण वैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि यानि अक्षय तृतीया, इस बार रोहिणी नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाई जाएगी। इससे पहले 19 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम अवतरण दिवस मनाया जाएगा। प्रदोष काल में तृतीया तिथि मिल जाने के कारण 19 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम का अवतरण दिवस मनाया जाएगा। बता दे कि जिले में भगवान परशुराम के अवतरण दिवस को लेकर तैयारी भी चल रही है कई संगठन के लोग भगवान श्री परशुराम के शोभायात्रा निकालने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। वही अक्षय तृतीया को लेकर भी जिले में तैयारी चल रही है। कई ज्वेलर्स दुकानदार आभूषण पर छूट भी दे रहे हैं। इसके साथ ही कई प्रकार के नए-नए डिजाइन के आभूषण के भी डिमांड के अनुसार मंगवाए गए हैं। बताते चले कि अक्षय तृतीया के अवसर पर लोग आभूषण की खरीदारी करते हैं। इसकी तैयारी भी की जा रही है। उदया तिथि में मनाई जाएगी अक्षय तृतीया काशी के प्रमुख पंचांगों के अनुसार 19 अप्रैल को दोपहर 1 बजकर 01 मिनट से तृतीया तिथि प्रारंभ हो रही है, जो 20 अप्रैल 2026 को 10 बजकर 40 मिनट तक रहेगी। जबकि अक्षय तृतीया का पुण्यफलकारी पवित्र पर्व उदीयकालिक रोहिणी युक्त तृतीया तिथि 20 अप्रैल को मानना अति शुभ रहेगा। विद्वत्परिषद बक्सर के ज्योतिषाचार्य आचार्य त्रय नरोत्तम द्विवेदी के अनुसार वैशाख मास शुक्ल पक्ष की तीसरी तिथि यानि अक्षय तृतीया तिथि 10:40 तक है, परंतु उदया तिथि के कारण खरीददारी पूरे दिन होगी। स्थिर लग्न में स्वर्ण, चांदी आभूषण तथा चर लग्न में वाहन की खरीदारी अति उत्तम रहती है। अक्षय तृतीया पर खरीददारी का शुभ मुहूर्त खरीददारी का शुभ मुहूर्त रविवार दोपहर, अक्षय तृतीया तिथि संचरण के समयारंभ से अगले दिन सोमवार को भी रहेगा। अक्षय तृतीया के दिन किए गए कर्म का फल सात जन्म तक रहता है व्यक्ति के साथ भगवान सूर्य मंदिर के पूजारी ज्योतिषाचार्य आशुतोष पांडेय के अनुसार शास्त्रों में अक्षय तृतीया के दिन पुण्य कर्म करने को कहा गया है, क्योंकि इस दिन किए गए कर्म का फल सात जन्म तक व्यक्ति के साथ रहता है। अक्षय तृतीया अबूझ मुहूर्त के नाम से जाना जाता है, अक्षय तृतीया के दिन बिना कोई पंचांग देखे कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य किए जाने की मान्यताएं हैं। इस दिन बिना तिथि, नक्षत्र आदि की गणना किए गृह-प्रवेश, वस्त्र आभूषणों की खरीददारी या घर, भूखंड, वाहन आदि की खरीददारी से संबंधित कार्य किए जाते हैं।

# सीबीएसई 10वीं परिणाम: गोल इंस्टीट्यूट के प्री-फाउंडेशन छात्रों ने रचा सफलता का नया इतिहास, 90% से अधिक अंक हासिल कर चमकाया नाम


सक्षम राज — 97.60%


अनुष्का कुमारी — 90.20%


शौर्य कश्यप — 91.80%


नयन श्रीवास्तव — 95.20%


ओमकार कुमार — 95.80%


आदित्य वैभव — 96.00%


रिया कुमारी — 90.40%


प्रज्ञान सिंह — 93.40%


मोनिका आनंद — 97.00%


मेधा भार्गव — 98.00%


श्रिष्टि सूर्य — 94.40%


तनिष्का सिंह — 95.40%


समीक्षा — 91.40%


आदित्य राज — 96.00%

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। इस वर्ष घोषित सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में गोल इंस्टीट्यूट के प्री-फाउंडेशन कोर्स से जुड़े विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया है। संस्थान के छात्रों ने न केवल 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, बल्कि गणित और विज्ञान जैसे कठिन माने जाने वाले विषयों में भी कई विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया है। इस उपलब्धि ने गोल इंस्टीट्यूट को एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है। परिणाम घोषित होते ही संस्थान में उत्साह का माहौल देखा गया। छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों में भी खुशी की लहर दौड़ गई। जिन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, उनके परिवारों में जश्न जैसा माहौल रहा। संस्थान प्रबंधन ने भी छात्रों की इस सफलता को उनकी मेहनत, समर्पण और सही दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम बताया।

गोल इंस्टीट्यूट का प्री-फाउंडेशन प्रोग्राम लंबे समय से छात्रों के बीच लोकप्रिय रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली स्तर से ही विद्यार्थियों की बुनियादी अवधारणाओं को मजबूत करना और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इस वर्ष के परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि यह कार्यक्रम न केवल बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन दिलाने में कारगर है, बल्कि भविष्य की बड़ी परीक्षाओं के लिए भी छात्रों को मजबूत आधार प्रदान करता है। संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल अंकों का आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, नियमित अभ्यास और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का समन्वित परिणाम है। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 का स्तर विद्यार्थियों के करियर की दिशा तय करने में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इस स्तर पर यदि सही मार्गदर्शन मिल जाए तो आगे की राह काफी आसान हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्री-फाउंडेशन कोर्स के माध्यम से संस्थान छात्रों को न केवल पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराता है, बल्कि उनमें विश्लेषणात्मक सोच और समस्या समाधान की क्षमता भी विकसित करता है।

सहायक निदेशक रंजय सिंह ने भी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान की प्राथमिकता केवल परीक्षा में सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाना और उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल के लिए तैयार करना भी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल किताबों का ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और सही रणनीति का होना भी बेहद जरूरी है, जिसे संस्थान अपने प्री-फाउंडेशन प्रोग्राम के माध्यम से विकसित करता है। आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में छात्रों को नवीनतम परीक्षा पैटर्न और बदलते शैक्षणिक ट्रेंड के अनुरूप अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही नियमित टेस्ट सीरीज, प्रदर्शन का विश्लेषण और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के जरिए हर छात्र की कमजोरी को पहचानकर उसे दूर करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि छात्र प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगिता के लिए तैयार हो जाते हैं और उनकी अवधारणात्मक समझ मजबूत होती जाती है।

अकादमिक हेड गौरव सिंह ने कहा कि कक्षा 10 का परिणाम किसी भी छात्र के भविष्य की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाता है। इस स्तर पर अच्छे अंक प्राप्त करने से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आगे की पढ़ाई के लिए सही निर्णय ले पाते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान का लक्ष्य हर छात्र को व्यक्तिगत रूप से समझना और उसकी क्षमता के अनुसार उसे मार्गदर्शन देना है, ताकि कोई भी छात्र पीछे न रह जाए। गोल इंस्टीट्यूट पिछले करीब 28 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति बनाए हुए है और पूर्वी भारत में यह एक विश्वसनीय नाम बन चुका है। संस्थान का प्री-फाउंडेशन प्रोग्राम छात्रों को शुरुआती स्तर से ही अनुशासित अध्ययन, समय प्रबंधन, प्रतिस्पर्धात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण सिखाने पर केंद्रित है। यही वजह है कि यहां से पढ़ने वाले छात्र न केवल बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, बल्कि आगे चलकर नीट, जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता हासिल करते हैं। इस वर्ष के परिणाम ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि छात्रों को सही दिशा, उचित संसाधन और सकारात्मक माहौल मिले, तो वे किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों की यह उपलब्धि आने वाले वर्षों के लिए भी एक प्रेरणा बनकर सामने आई है।

## आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल के छात्रों का दमदार प्रदर्शन, 95.2% के साथ आर्यन बने टॉपर







सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में इस वर्ष आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहरा दिया है। विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित शिक्षण पद्धति का परिचय दिया है। छात्रों की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस वर्ष के परिणाम में आर्यन कुमार सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का काम किया है। वहीं विनीत रंजन ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आदर्श कुमार ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह सुनिश्चित की। इसके अलावा विद्यालय के लगभग 17 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सफल छात्र-छात्राओं के चेहरे पर संतोष और गर्व साफ झलक रहा था, वहीं अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का संयुक्त परिणाम बताया। विद्यालय के अध्यक्ष कुमार पुष्पंजय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों की लगन, अनुशासन और सकारात्मक सोच का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर व्यापक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

प्रबंध निदेशक कुमार पृतंजय ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल परीक्षा में सफल बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम बनाना है। उन्होंने बताया कि स्कूल में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, नियमित मूल्यांकन और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों को निरंतर बेहतर करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्रों की अवधारणात्मक समझ को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाता है, जिससे वे किसी भी प्रकार की परीक्षा में आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन कर सकें। उप-प्राचार्या उषा सिन्हा ने भी छात्रों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के परिणाम यह दर्शाते हैं कि यदि छात्र, शिक्षक और अभिभावक मिलकर प्रयास करें तो सफलता निश्चित है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## बिहार में जनगणना 2027 की तैयारी तेज
## 2 मई से शुरू होगा पहला चरण; इस बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ आज से शुरू होगी स्व-गणना सुविधा, घर बैठे भरें जनगणना विवरण

**पटना**। बिहार में आगामी जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी, जिसमें नागरिकों को पहली बार स्व-गणना (Self Enumeration) की सुविधा भी दी गई है। जनगणना का पहला चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' 2 मई 2026 से शुरू होकर 31 मई 2026 तक चलेगा। इससे पहले राज्य के नागरिकों को आज से 1 मई 2026 तक घर बैठे अपनी जानकारी खुद ऑनलाइन दर्ज करने का अवसर मिलेगा। इस नई व्यवस्था से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और सुविधाजनक बनाने की कोशिश की जा रही है।

**घर बैठे भर सकेंगे पूरी जानकारी:** जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार और पत्र सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में निदेशक रंजीता और उपनिदेशक संजीव कुमार ने बताया कि स्व-गणना के तहत नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का पूरा विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए परिवार के मुखिया का नाम और किसी एक सदस्य का मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने के बाद नागरिकों को एक Self Enumeration ID प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। जब प्रगणक (एन्यूमरेटर) घर पहुंचेगा, तब इस आईडी को दिखाकर प्रक्रिया को पूरा किया जा सकेगा।

**2 मई से शुरू होगा घर-घर सर्वे:** स्व-गणना की अवधि समाप्त होने के बाद 2 मई से प्रगणक घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। इस दौरान वे उन परिवारों का डेटा एकत्र करेंगे, जिन्होंने स्व-गणना नहीं की है, या जिनकी जानकारी का सत्यापन आवश्यक होगा। सरकार का मानना है कि स्व-गणना से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि जनगणना कार्य अधिक सटीक और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सकेगा।

**पूरी तरह सुरक्षित रहेगा डेटा:** अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्र की जाने वाली सभी जानकारियां जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं। इस बार डिजिटल सिस्टम में डेटा सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। सभी जानकारी एन्क्रिप्शन तकनीक के जरिए सुरक्षित रहेगी, जिससे नागरिकों की निजी जानकारी का दुरुपयोग नहीं हो सकेगा।

**डिजिटल जनगणना से बढ़ेगी पारदर्शिता:** इस बार मोबाइल और कंप्यूटर आधारित प्रणाली के इस्तेमाल से जनगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी। अधिकारियों के अनुसार, डिजिटल टूल्स के जरिए डेटा संग्रहण, सत्यापन और विश्लेषण पहले की तुलना में अधिक आसान और प्रभावी होगा।

**'जनगणना से जन-कल्याण' पर जोर:** प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में स्व-गणना सुविधा का उपयोग करें। उनका कहना है कि जनगणना के आंकड़े ही सरकार की नीतियों और जन-कल्याणकारी योजनाओं का आधार बनते हैं, इसलिए इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

**नागरिकों के लिए आसान और समय बचाने वाली प्रक्रिया:** स्व-गणना को सरल, सुरक्षित और समय बचाने वाली प्रक्रिया बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि इससे लोगों को लाइन में लगने या बार-बार जानकारी देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर बैठे कुछ ही मिनटों में पूरी जानकारी दर्ज की जा सकती है। गौरतलब है कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है, जिसके आधार पर सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और अन्य विकास योजनाओं की रूपरेखा तय करती है। ऐसे में इस बार डिजिटल जनगणना को एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जो भविष्य की नीतियों को और अधिक सटीक और प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगा।

## ट्रेन की चपेट में आया व्यक्ति, मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी
♦ ट्रेन की रफ्तार काफी अधिक होने के कारण टक्कर बेहद भीषण थी

**जहानाबाद**। जहानाबाद कोर्ट रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक दर्दनाक रेल हादसा हो गया, जिसमें तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस को शिनाख्त में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म से रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान गया की ओर से आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अचानक वहां पहुंच गई और व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया।

ट्रेन की रफ्तार काफी अधिक होने के कारण टक्कर बेहद भीषण थी। हादसा इतना गंभीर था कि व्यक्ति को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वह बुरी तरह घायल होकर घटनास्थल पर ही दम तोड़ बैठा। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना प्रभारी उमेश प्रसाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसे में मृतक का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। पुलिस आसपास के थानों और लापता लोगों के रिकॉर्ड के आधार पर मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। साथ ही, रेलवे और स्थानीय प्रशासन से भी समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द मृतक के परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। प्राथमिक जांच में यह मामला लापरवाही का प्रतीत हो रहा है।

## हाजीपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य समारोह

### पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में पुष्पांजलि, विचार गोष्ठी और नाटक के जरिए दी गई श्रद्धांजलि





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**हाजीपुर**। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में वैशाली रेल प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उनके साथ प्रधान विभागाध्यक्षों, उच्चाधिकारियों, यूनियन तथा एससी-एसटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने समाज में समानता, न्याय और समरसता स्थापित करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती को विश्व स्तर पर समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि वे समानता और ज्ञान के प्रतीक थे। उनके द्वारा निर्मित संविधान की वजह से भारत एक सशक्त और जीवंत लोकतंत्र के रूप में स्थापित है, जो जाति, धर्म और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को समान अधिकार प्रदान करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब ने अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे देश के विकास को नई दिशा मिली। इस अवसर पर उन्होंने सभी से आह्वान किया कि बाबा साहेब के बताए संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए समाज को अधिक समावेशी और प्रगतिशील बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करें।

कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के जीवन पर आधारित एक नाटक का मंचन भी किया गया, जिसे उपस्थित अधिकारियों और रेलकर्मियों ने सराहा। इसके अलावा ईसीआर ओबीसी एसोसिएशन के महासचिव सुबोध पोद्दार और ऑल इंडिया एससी-एसटी रेल कर्मचारी एसोसिएशन, पूर्व मध्य रेल के जोनल सचिव पवन कुमार राम ने बाबा साहेब के संघर्ष, उनके विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के माध्यम से उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता एवं न्याय को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में उद्यमिता को बढ़ावा, स्टार्टअप आउटरीच कार्यक्रम सफल

### युवाओं को नवाचार और स्टार्टअप की दिशा में मिला मार्गदर्शन, आइडिया प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी प्रथम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**पटना**। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "स्टार्टअप सीक्स: कन्वर्सेशन्स दैट इग्नाइट इनोवेशन" शीर्षक से स्टार्टअप आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ललित नारायण मिश्र संस्थान और विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बिहार के स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की स्पष्ट झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्रों, शोधार्थियों और नवोदित उद्यमियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना था, जहां वे अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकें, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करें और अपने नवाचारों को व्यावहारिक रूप देने की दिशा में आगे बढ़ें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न संकायों के प्राध्यापक, छात्र और अतिथि शामिल हुए, जो राज्य में तेजी से विकसित हो रही स्टार्टअप संस्कृति का संकेत है। यह आयोजन कुलपति प्रो. डॉ. शरद कुमार यादव के मार्गदर्शन और प्रेरणा में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की विभागाध्यक्ष एवं इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल पदाधिकारी डॉ. मनीषा प्रकाश और ललित नारायण मिश्र संस्थान के स्टार्टअप सेल की फैकल्टी इंचार्ज डॉ. ऋतु नारायण के संबोधन से हुई। विभिन्न सत्रों में नवाचार, स्टार्टअप विकास, फंडिंग, मार्केटिंग रणनीतियों और उद्यमिता से जुड़े अहम पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विशेषज्ञ वक्ताओं में Hiprotech के संस्थापक एवं सीईओ अभिषेक कुमार और FABROX के संस्थापक एवं सीईओ अंकित राज ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे एक साधारण विचार को सही रणनीति और तकनीक के उपयोग से सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है। साथ ही, डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी इस्तेमाल को स्टार्टअप की सफलता के लिए बेहद जरूरी बताया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित संवादात्मक सत्रों में प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से सीधे सवाल पूछने का अवसर मिला, जिससे उनकी जिज्ञासाओं का समाधान हुआ और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

समापन सत्र में "स्टार्टअप आइडिया प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी (एसजेएमसी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अनिमेष कुमार (नैनो साइंस) को मिला, जबकि तृतीय स्थान बादल कुमार (एसजेएमसी) ने हासिल किया। चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः सौरव और सत्यम रहे।

इस कार्यक्रम ने छात्रों की रचनात्मकता और उद्यमिता के प्रति उत्साह को नई दिशा दी। समापन के अवसर पर यह संदेश दिया गया कि नवाचार को केवल विचारों तक सीमित न रखकर उसे समाज और अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने वाले ठोस परिणामों में परिवर्तित करना चाहिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रांची सिटीजन फोरम ने महापौर और उप-महापौर को सौंपी पुस्तक



**रांची।** रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला की अगुवाई में फोरम के एक प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने गुरूवार को रांची की मेयर रौशनी खलखो, उप-महापौर नीरज कुमार एवं शेष सभी 52 नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें कई महत्वपूर्ण पुस्तकें सौंपी। इस दौरान सबों को निराला की ओर से लिखित झारखंड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली-2015, झारखंड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) योजना (स्कीम)-2017, झारखंड नगरपालिका यातायात प्रबंधन विनियमावली-2017 और नागरिक सुविधाओं की पुस्तकें भेंट की। मौके पर उन्होंने मेयर से रांची में फुटपाथ दुकानदारों के आजीविका संरक्षण के उपाय करने, उनके लिए वेंडर्स मार्केट का निर्माण और रांची शहरी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। मौके पर निराला ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों के आजीविका संरक्षण के उपाय करने की जरूरत है। साथ ही उनके लिए वेंडर्स मार्केट का निर्माण करने और टाउन वेंडिंग कमेटी को सशक्त किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष दीपेश निराला, सचिव रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बागवानी, संयुक्त सचिव हरीश नागपाल, मनीष बक्शी, संतोष मृदुला, अमरनाथ चौबे, सुजीत पांडेय और क्रॉउन पब्लिकेशन के राजेंद्र आर्या सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रांची विवि के बीएसी और एमएससी नर्सिंग में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 तक




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के तहत चलनेवाले बीएससी नर्सिंग के सत्र 2024-2028 और पोस्टत बेसिक नर्सिंग के सत्र 2024-26 एवं एमएससी नर्सिंग के सत्र 2024-26 रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि बिना फाइन के 20 अप्रैल तक किया गया है। वहीं 300 रुपये के फाइन के साथ रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित किया गया है। यह जानकारी गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

### बकाया वेतन से एचईसी कर्मियों का आर्थिक संकट चरम पर : लालदेव

**रांची।** हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने हेवी इंजीनियर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि समय रहते मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो यहां भी नोएडा और पानीपत जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बढ़ती महंगाई के बीच मजदूरों के वेतन में वृद्धि नहीं होने और लंबित भुगतान पर गंभीर चिंता का विषय है, जिसे किसी भी कीमत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। लालदेव ने गुरूवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिए बताया कि एचईसी में कर्मचारियों का करीब 26 माह का वेतन बकाया है, जिससे मजदूरों के सामने आर्थिक संकट चरम पर है। कर्मचारियों की स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है। इसके अलावे उन्होंने कहा कि सीपीएफ मद में कटौती के बावजूद ट्रस्टी में भी राशि जमा नहीं होने से कर्मचारियों को लोन नहीं मिल पा रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और पारिवारिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। लालदेव सिंह ने कहा कि कारखाने में नए कार्यादेशों की कमी से भविष्य और भी अनिश्चित हो गया है। मार्च 2026 के बाद नए ऑर्डर नहीं मिलने की स्थिति में वेतन भुगतान संकट और बढ़ सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप कर मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग की है, अन्यथा निगम में असंतोष और आंदोलन की स्थिति बन सकती है।

# बोकारो युवती लापता केसः हाई कोर्ट ने बरामद कंकाल का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश दिया

**एजेंसी। रांची**




झारखंड उच्च न्यायालय में बोकारो से लापता 18 वर्षीय युवती के मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पुलिस द्वारा बरामद किए गए युवती के कथित कंकाल का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में हुई। अदालत ने युवती के बरामद कंकाल और उसके माता-पिता का डीएनए सैंपल जांच के लिए कोलकाता के सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री भेजना का निर्देश दिया। अदालत ने सरकार से दो सप्ताह में डीएनए जांच की रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही कंकाल का पोस्टमार्टम रांची स्थित रिम्स में कराने का निर्देश जारी किया। डीएनए टेस्ट के लिए युवती के माता-पिता का सैंपल जल्द लेने को कहा है। इस पर सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि सैंपल ले लिया गया है। इससे पहले अदालत के आदेश के आलोक में डीजीपी, बोकारो एसपी, एफएसएल डायरेक्टर और नई एसआईटी की टीम हाजिर हुई। अदालत में उपस्थित डीजीपी ने इस मामले का जल्द निष्पादन किए जाने का आश्वासन दिया। नई एसआईटी टीम मामले के सभी दस्तावेजों के साथ अदालत पहुंची थी। अदालत ने टीम से सवाल जवाब किया। अदालत ने अगली सुनवाई में भी डीजीपी, बोकारो एसपी और नई एसआईटी टीम को हाजिर रहने का निर्देश है। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि मामले में संबंधित थाना के 18 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह बोकारो एसपी की अपनी कार्रवाई है, इस पर अदालत को कुछ नहीं कहना है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि लापरवाही बरतने के लिए केवल निचले स्तर के अधिकारियों को ही निलंबित करना काफी नहीं है बल्कि उच्च पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए थी। उल्लेखनीय है कि मामले में लड़की की मां ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। युवती 31 जुलाई 2025 से लापता थी। मामले को लेकर बोकारो के पिंडराजोड़ा थाना में कांड संख्या 147 /2025 दर्ज किया गया था।

# दहेज हत्या में पति, सास, ससुर और देवर को आजीवन कारावास




**एजेंसी। रांची**

जिले की कोर्ट ने साल 2021 में दहेज हत्या के आरोप में पति, सास, ससुर और देवर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। गुरुवार को अपर न्याययुक्त अरविंद कुमार की कोर्ट ने मृतक महिला के पति शीतल साहू, सास शीला देवी, ससुर रामचंद्र साहू और देवर सुजीत साहू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। दरअसल, श्वेता रानी की शादी नारकोपी थाना क्षेत्र के खुखरा कोलपारा गांव निवासी शीतल साहू से हुई थी। शादी के बाद उसके ससुराल वाले उसे दहेज के लिए मारपीट और प्रताड़ित करते थे। यह मामला कोर्ट तक भी पहुंचा था। इसके बाद दोनों परिवार के बीच सुलह समझौता की पेशकश हुई थी। 6 अक्टूबर 2021 को ससुराल वाले ने मृतका के भाई को फोन पर सूचना दी कि श्वेता कही भाग गई है। खबर मिलने के बाद श्वेता रानी के मायके वाले खुखरा गांव पहुंचे और काफी खोजबीन की। इसी दौरान घर से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित एक कुएं से श्वेता का शव बरामद हुआ था। इस मामले को लेकर मृतका के भाई ने महिला के पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था।

# सेल प्रबंधन के खिलाफ 20 से अनिश्चितकालीन चक्का जाम की चेतावनी



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

जिला स्थित गुवा क्षेत्र में सेल प्रबंधन के खिलाफ 12 गांवों के ग्रामीणों का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। 72 घंटों के भूख हड़ताल कार्यक्रम ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा आंदोलन स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांगों का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और अधिकार में प्राथमिकता चाहिए, अन्यथा 20 अप्रैल से अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि सेल की खनन परियोजनाओं से उनकी जमीन का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया, लेकिन इसके बदले उन्हें न तो पर्याप्त रोजगार मिला और न ही उचित मुआवजा या क्षेत्रीय विकास हो सका उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से आश्वासन दिए जाते रहे, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। आंदोलनकारियों ने कहा कि खदानों से निकलने वाला लाल प्रदूषित पानी खेतों में फैलकर कृषि भूमि को बंजर बना रहा है। इससे न केवल खेती प्रभावित हुई है बल्कि क्षेत्र की आजीविका भी संकट में है। कारो नदी के प्रदूषित होने से पेयजल और सिंचाई की समस्या और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय युवाओं को नजरअंदाज कर बाहरी मजदूरों और कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे बेरोजगारी और पलायन बढ़ रहा है। वहीं मुंडा-मानकी नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में अब तक प्रशासन या कंपनी प्रबंधन का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा है, जिससे नाराजगी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो खनन और परिवहन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा, जिससे गुवा क्षेत्र की औद्योगिक गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती हैं।

## टेंडर घोटाला के आरोपित राजकुमार टोप्पो ने पीएमएलए कोर्ट में किया सरेंडर

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाले के आरोपित तत्कालीन एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (रिटायर्ड) राजकुमार टोप्पो ने गुरुवार को पीएमएलए की अदालत में सरेंडर कर दिया। इसके बाद अदालत ने एक लाख के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दे दी है। राजकुमार टोप्पो को सुनवाई के लिए निर्धारित हर तिथि में अदालत में हाजिर होने के शर्त पर जमानत मिली है। साथ ही अदालत ने पासपोर्ट जमा करने और बिना अनुमति देश नहीं छोड़ने की शर्त पर जमानत दी है। इससे पूर्व मामले में ईडी ने 14 आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में पूरक प्रॉसीक्यूशन कंप्लेंट दाखिल किया था। अदालत ने मामले में संज्ञान लेकर आरोपितों के खिलाफ समन किया था। अबतक 6 से अधिक आरोपियों ने अदालत में सरेंडर कर दिया है।

**सदर अस्पताल परिसर, पलामू-822101**

**महिला बंध्याकरण/पुरूष नसबंदी हेतु गैर सरकारी संस्थानों के साथ MOU (COTसहित) किये जाने संबंधि सूचना।**

राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम तथा परिवार नियोजन कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु गैर सरकारी संस्थानों के साथ MOU (COT सहित) किया जाना है। इस कार्यक्रमों के लिए निम्नलिखित शर्त/अहर्ता के अधीन मुहरबंद लिफाफा निबंधित डाक/स्पीड पोष्ट अथवा कार्यालय में स्वंय उपस्थित हो कर जमा किया जा सकता है। मुहरबंद लिफाफा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि–04.05.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक का है। निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त डाक/मुहरबंद लिफाफा आदि पर विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त दोनों कार्यक्रमों के लिए MOU हेतु निम्नलिखित शर्त/अहर्ता से संबंधित सूचना कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित किया गया है।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
पलामू

PR 377693 District(26-27).D

## खूंटी के युवा शिक्षक प्रकाश टूटी को मिला इंडियन एजुकेटर अवार्ड

**खूंटी।** खूंटी के युवा शिक्षक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी को राज्य स्तरीय इंडियन एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। रांची के रेडिसन ब्लू होटल में बुधवार को आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। लाइट्स इंस्टीट्यूट, खूंटी से जुड़े युवा शिक्षक प्रकाश टूटी ने गुरुवार को बताया कि टूटी को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षा महोत्सव में राज्य भर से शिक्षाविदों, युवा शिक्षकों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। आदिवासी समाज से आने वाले युवा शिक्षक प्रकाश टूटी ने सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में जो समर्पण, संघर्ष और नवाचार का परिचय दिया है, वह आज पूरे झारखंड के लिए प्रेरणा बन गया है। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उनके निरंतर प्रयासों ने उन्हें इस सम्मान तक पहुंचाया। प्रकाश टूटी ने कहा यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि मेरे समाज, मेरे विद्यार्थियों और मेरे खूंटी की पहचान है। यह मुझे और अधिक जिम्मेदारी के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक : 20 आरोपितों की जमानत पर सुनवाई, कोर्ट ने मांगी केस डायरी

**रांची।** उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा से जुड़े पेपर लीक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए 20 आरोपितों की जमानत याचिका पर अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने केस डायरी मांगी है। अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। गौरतलब है कि पेपर लीक मामले के आरोपित सुनील कुमार, किशोर कुमार, सन्नी राम, रविंद्र कुमार, दलील कुमार, शशिकांत, अभिषेक कुमार सहित अन्य ने रांची सिविल कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। सभी विद्यार्थी हैं। उनकी ओर से कहा गया है कि साजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है। दलील दी गई है कि उन पर आपराधिक मुकदमा न चलाया जाए, इससे उनका शैक्षणिक करियर समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि रड़गांव में एक अर्धनिर्मित स्थान पर 159 अभ्यर्थियों का जमावड़ा लगा है। सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल ने 11 अप्रैल की देर रात छापा मारा था। इनमें 152 पुरुष अभ्यर्थी, 7 महिला अभ्यर्थी, 5 गैंग सरगना एवं अन्य शामिल थे। पुलिस की ओर से बताया गया था कि गैंग के एजेंटों ने तमाड़ के रड़गांव में अभ्यर्थियों को रखा था और उन्हें प्रश्न का उत्तर (आसंर) रटाया जा रहा था। गैंग ने अभ्यर्थियों के मोबाइल और एडमिट कार्ड अपने पास रख लिए थे। अभ्यर्थियों से 15-15 लाख में सौदा हुआ था।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला योजना अनाबद्ध निधि**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या** – 03/2025-26/RWD/GARHWAदिनांक – 16.04.2026

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि – अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि – अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/07/2025-26 (2nd Call) | एन0एच0–343 नारायणपुर अंचला मुख्य पथ से नव निर्मित केन्द्रीय विद्यालय भवन (टंडवा), गढ़वा तक अपूर्ण पथ का निर्माण कार्य। | 67.818 | सड़सठ लाख एकासी हजार आठ सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.04.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.04.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.05.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :– 06561–299963

विस्तृत जानकारीके लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.377673 Rural Work Department(26-27):D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj, e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 34/PR/JUSNL/ 2026-27 | Renovation of Tower footing of Tower leg in 132KV D/C Sonenagar-Japla-Garhwa Road Transmission Line under Transmission Sub Division Japla. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 19500/- |
| 2. | 35/PR/JUSNL/ 2026-27 | Installation of line accessories and Renovation of tower footing from tower location no. 01 to 166 in 132kV D/C Bhagodih- Garhwa Road Transmission Line under jurisdiction of TSD Garhwa Road. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 20000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **17.04.2026** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **08.05.2026** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **08.05.2026** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **09.05.2026** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 377637 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27).D

**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर**
**आम–सूचना**

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आगामी गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या के त्वरित निदान के उद्देश्य से पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर/गढ़वा/लातेहार में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को चालू करने हेतु शिकायत अंचल स्तर पर गठित नियंत्रण कक्ष के प्रभारी श्री संजीव कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर, मो0 नं0–**8789586183** एवं शिरीष इन्दीवर, निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर, मो0नं0–**9504935588** पर दर्ज कराना चाहेंगे ताकि शिकायत प्राप्ति के तिथि से 3 दिनों के अन्दर बन्द नलकूपों को चालू किया जा सके। नियंत्रण कक्ष कार्य दिवस (सोमवार से शनिवार तक, सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) में सुबह 10.00 बजे से 05.00 बजे तक कार्यरत रहेगा।

2. शिकायतकर्त्ता शिकायत नियंत्रण कक्ष को निम्न सूचना के साथ देना चाहेंगे ताकि साधारण मरम्मति कर चालू करने के उपरान्त उनके मोबाईल पर सूचना दी जा सके।

(i) प्रखंड का नाम :– ..........
(ii) पंचायत का नाम :– ..........
(iii) ग्राम का नाम :– ..........
(iv) टोला/निकटवर्त्ती व्यक्ति का नाम :– ..........
(v) शिकायतकर्त्ता का नाम :– ..........
मो0 नं0/दूरभाष नं0 :–..........

प्रमंडलवार–प्रखंडवार नियंत्रण कक्ष के प्रभारी एवं उनके मोबाईल नं0 निम्न प्रकार उल्लेखित है, आम नागरिकों से अनुरोध है कि संबंधित प्रखंड के प्रभारी के मोबाईल नम्बर पर खराब नलकूपों की मरम्मति हेतु सूचना देना चाहेंगे ताकि निर्धारित अवधि में खराब नलकूपों की मरम्मति की जा सके।

| क्र0सं0 | प्रमंडल का नाम | नोडल पदाधिकारी का नाम | पदनाम | प्रखंड | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेदिनीनगर | श्री राजेश कुमार सिंह | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला/पांकी/मेदिनीनगर। | मेदिनीनगर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा, विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डू, उंटारी रोड लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी, पांकी, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, छत्तरपुर, नौडीहा बाजार | 8987526732 |
| 2. | | श्री निरंकार प्रसाद | कनीय अभियंता | हरिहरगंज, पीपरा | 7033635734 |
| 3. | | श्री विरेन्द्र कुमार सिंह | कनीय अभियंता | हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज | 8210573569 |
| 4. | | श्री सतीश कुमार | कनीय अभियंता | चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा | 7909050800 |
| 5. | | श्री सुमन कुमार | कनीय अभियंता | लेस्लीगंज, मेदिनीनगर, सतबरवा | 9304547779 |
| 6. | | श्री श्रीकान्त कुमार | कनीय अभियंता | पांकी, विश्रामपुर, नावा बाजार, उँटारी रोड, पाण्डू | 8700546515 |
| 7. | | श्री ऋतुराज सिंह | कनीय अभियंता | मनातू, तरहसी | 9525309700 |
| 8. | | श्री कुन्दन कुमार | कनीय अभियंता | छत्तरपुर, नौडीहा बाजार | 9123228839 |

| क्र0सं0 | प्रमंडल का नाम | नोडल पदाधिकारी का नाम | पदनाम | प्रखंड | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गढ़वा | श्री राज कुमार | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, गढ़वा संख्या–01 | गढ़वा एवं डंडा, रंका, रमकण्डा एवं चिनियां गढ़वा शहरी क्षेत्र, जलापूर्ति योजना | 8797237711 |
| 2. | | श्री धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | कनीय अभियंता | गढ़वा एवं डंडा | 9110019117 |
| 3. | | श्री अंकित कुमार | कनीय अभियंता | रंका, रमकण्डा, चिनिया, (अतिरिक्त प्रभार), एवं गढ़वा शहरी क्षेत्र जलापूर्ति योजना | 7504492764 |
| 4. | | मो0 शहनवाज आलम | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल गढ़वा संख्या–02 | मेराल एवं डंडई मझिआंव, बरडीहा एवं काण्डी, भण्डरिया एवं बड़गढ़ | 8757494972 |
| 5. | | श्री नकुल सिंह | कनीय अभियंता | मेराल एवं डंडई | 9250126291 |
| 6. | | श्री कृष्ण देव यादव | कनीय अभियंता | मझिआंव, बरडीहा एवं काण्डी (अतिरिक्त प्रभार) | 9936892535 |
| 7. | | श्री अमर राज | कनीय अभियंता | भण्डरिया एवं बड़गढ़ | 8340672613 |
| 8. | | श्री राजेश कुमार | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, नगर उंटारी | नगर उंटारी, रमना एवं विशुनपुरा भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी धुरकी एवं सगमा | 9661394979 |
| 9 | | श्री शिवानन्द बेदिया | कनीय अभियंता | नगर उंटारी, रमना एवं विशुनपुरा | 8789470296 |
| 10. | | श्री मनन्त कुमार सिंह | कनीय अभियंता | भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी | 9470972510 |
| 11. | | श्री अजित रंजन | कनीय अभियंता, | धुरकी एवं सगमा | 7764051098 |
| 1. | लातेहार | श्री राजेश कुजूर | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, लातेहार अतिरिक्त प्रभार–नेतरहाट अवर प्रमंडल। | लातेहार एवं मनिका, महुआडांड़ एवं नेतरहाट | 9431054379 |
| 2. | | श्री भरत प्रसाद | कनीय अभियंता | लातेहार | 9973467400 |
| 3. | | श्री प्रभात कुमार सिंह | कनीय अभियंता | मनिका | 7050799752 |
| 4. | | श्री ओमकार कुमार | कनीय अभियंता | महुआडांड़ | 9229339123 |
| 5. | | मो0 मुस्तकिम अंसारी | कनीय अभियंता | नेतरहाट | 8010827148 |

| क्र0सं0 | प्रमंडल का नाम | नोडल पदाधिकारी का नाम | पदनाम | प्रखंड | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | लातेहार | श्री अरूण कुमार मेहता | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, चन्दवा | चन्दवा, बालूमाथ, हेरहंज एवं बारियातु | 8340573562 |
| 7. | | श्री अनिल कुमार सामड़ | कनीय अभियंता | चन्दवा | 9934373981 |
| 8. | | श्री मंगल मिंज | कनीय अभियंता | बालूमाथ | 7070064214 |
| 9 | | श्री दीपक कुमार मेहता | कनीय अभियंता | हेरहंज एवं बारियातु | 7631077726 |
| 10. | | श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, बरवाडीह। | गारू एवं बरवाडीह | 8797128296 |
| 11. | | श्री राहुल कुमार | कनीय अभियंता | गारू | 7004702759 |
| 12. | | श्री पियुष कुमार रंजन | कनीय अभियंता | बरवाडीह | 7667679642 |

(राज मोहन सिंह)
अधीक्षण अभियंता

PR 377635 District(26-27)D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# लखनऊ में लगी भीषण आग की राख में मिली दो बच्चों की लाश, कई लापता

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के विकास नगर में बुधवार की शाम लगी आग आठ घंटे की मशक्कत के बाद देर रात बुझा तो ली गई लेकिन कई अपनों की तलाश अब भी जारी है। इस बीच पुलिस ने आग बुझाने के बाद दो बच्चों की लाश बरामद की है। दोनों बच्चों की उम्र दो साल के आसपास बताई जा रही है। लगभग एक हजार झुग्गी झोपड़ियों में लगी आग से सबकुछ खाक हो गया है। सौ के करीब एलपीजी सिलेंडर और बाइकों की टंकियां फटने से आग भड़कती रही। इससे करीब दस किलोमीटर के इलाके में धुएं का गुबार देखा गया।

विकास नगर में मुंशीपुलिया से आगे सीतापुर बाईपास किनारे सैकड़ों झुग्गी झोपड़ियां लंबे समय से आबाद थीं। बस्ती के विशाल गौतम का दावा है कि शाम करीब चार बजे देशी शराब ठेके के बगल में बनी कैंटीन से आग की लपटें एकाएक उठीं और विकराल होने लगीं। उनके साथ ही पड़ोसी धर्मेंद्र, बबलू, विमलेश, राम स्वरूप, मंत्री, मो. आसिफ कुरैशी, रहमान, सुनीता और करन की झोपड़ियां जलने लगीं। लोगों ने पानी फेंककर काबू पाने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। इस बीच, झोपड़ियों में रखे गैस सिलेंडर ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटने लगे और पूरी बस्ती धू-धूकर जलने लगी। करीब डेढ़ घंटे बाद दमकल और पुलिस पहुंची। राहत व बचाव के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ भी पहुंच गए।

मौके पर कोई कह रहा था कि मेरा बच्चा गायब है तो कोई बेटी को खोज रहा था। किसी को पिता तो कोई भाई



को तलाश रहा था। पुलिस और सिविल डिफेंस के लोग उन्हें रोक रहे थे लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं था। सिविल डिफेंस ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को रोका। इस बीच, दम घोंटू धुएं से आसपास के लोग बेचैनी महसूस करने लगे। सभी अपने घरों को सुरक्षित करने की कोशिश में थे। बस्ती के लोग नम आंखों से अपने आशियाने राख होते देख रहे थे। देर रात तक कोहराम जैसी स्थिति बनी रही। फायर ब्रिगेड ने चारों तरफ से पानी डाल कर किसी तरह देर रात आग पर काबू पाया जा सका।

इसके बाद शुरू हुई तलाशी में दो बच्चों की लाश मिली है। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा ने बताया आग पर काबू पा लिया गया था। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ अब भी राहत कार्य में लगी है। इस पूरी घटना में दो बच्चों की मौत हुई है। फोटो के जरिए उनके पैरेंट्स की पहचान कराई जा रही है।

कुछ लोगों को रात में रैन बसेरे में रखा गया तो काफी लोग सड़क किनारे ही खुले में रातभर रहे। सुबह होते ही लोग अपने बचे सामानों को बंटोरने और अपनों को खोजने में जुटे रहे। हालांकि भीषण आग में सबकुछ राख होने से खाने के भी लाले पड़ने की आशंका हो गई है। मनीष की चाची पूजा ने नम आंखों से बताया कि लपटें इतनी तेज थीं कि किसी को कुछ सोचने का मौका नहीं मिला। जैसे ही लोग जान बचाकर बाहर भागे, सिलेंडरों में धमाके शुरू हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में 40 हजार गाड़ी मालिकों पर संकट

**गाजियाबाद, एजेंसी।** जिले में करीब 40 हजार दोपहिया और चारपहिया वाहन स्वामी को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वजह यह है कि उनके वाहनों पर अब तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी है। परिवहन विभाग की नई व्यवस्था के तहत बुधवार से एचएसआरपी के बिना अब प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, बार-बार नोटिस और अपील के बावजूद हजारों वाहन स्वामियों ने एचएसआरपी नहीं लगवाई। अब जैसे ही पुराने पीयूसी की अवधि समाप्त होगी, वाहन स्वामियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एआरटीओ प्रशासन अशोक श्रीवास्तव के अनुसार, केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत एचएसआरपी सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य है। उल्लंघन पर लगेगा 15 हजार का जुर्माना इससे वाहनों की पहचान आसान होती है और चोरी या अपराध में प्रयुक्त वाहनों की निगरानी में मदद मिलती है। इसी कारण पीयूसी को एचएसआरपी से जोड़ा गया है। नियम उल्लंघन पर 10 हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है, जबकि बिना एचएसआरपी वाहन चलाने पर पांच हजार रुपये तक का दंड निर्धारित है। वहीं दोनों न होने पर 15 हजार का ठंड वाहन स्वामियों से वसूला जाएगा।

### गाजियाबाद में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई

**गाजियाबाद, एजेंसी।** मालीवाड़ा क्षेत्र में खाद आपूर्ति विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी का पर्दाफाश किया है। जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग की टीम ने मालीवाड़ा चौक पर एक मकान के नीचे दुकान पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से रखे गए 18 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलिंडरों जब्त किए हैं। बुधवार को जिला पूर्ति विभाग को सूचना मिली कि प्यारेलाल पार्क मालीवाड़ा चौक पर कूलर की दुकान में अवैध रूप से घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलिंडरों का भंडारण किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने विभागीय टीम गठित कर औचक निरीक्षण किया, जहां 14.2 किग्रा के नौ घरेलू, 19 किग्रा के आठ व्यावसायिक और पांच किग्रा का एक व्यावसायिक छोटू सिलिंडर समेत कुल 18 सिलिंडर जब्त किए गए। विभागीय टीम जब्त किए गए सिलिंडरों को सिहानी गेट कोतवाली ले आई। जब्त सिलिंडरों को कालाबाजारी के उद्देश्य से जमा किया गया था। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि यह दुकान अनिल गर्ग की बताई गई है, जिनसे इस संबंध में पुलिस द्वारा पूछताछ और मामले की जांच के साथ ही संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कहा कि गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी करने वालों की सूचना जिला पूर्ति विभाग और जिला प्रशासन को दें ताकि समय रहते ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा सके।

### फरीदाबाद-बल्लभगढ़ में जाम से मिलेगी मुक्ति

**बल्लभगढ़, एजेंसी।** बस स्टैंड के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन भी कमर कस चुका है। डीसीपी बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल ने सोमवार को बस स्टैंड के आसपास का दौरा करके यहां लगने वाले जाम के कारणों को जाना था। जाम से निपटने के लिए अभी ठोस कार्ययोजना बनाई जानी है लेकिन फौरी तौर पर यह निर्णय लिया गया है कि राजमार्ग पर बनी सफेद पट्टी से बाहर जो भी वाहन खड़ा दिखाई देगा, उसका चालान काट दिया जाएगा। दरअसल, बस स्टैंड के सामने सब्जी मंडी भी है। यहां बल्लभगढ़ के अलावा दूर दराज से लोग सब्जी खरीदने के लिए आते हैं। वे अपने चार पहिया, दो पहिया वाहनों को राजमार्ग पर आड़ा तिरछा खड़ा कर देते हैं। इस कारण अन्य वाहन यहां फंस जाते हैं और यातायात बहुत धीमा हो जाता है। सुबह और शाम के वक्त तो यहां भीषण जाम की स्थिति बनी जाती है। सब्जी मंडी में आने वाले वाहनों को ठीक से पार्क करने के लिए सफेद पट्टी का सहारा लिया जाएगा। राजमार्ग प्राधिकरण को बोला गया है कि वह स्पष्ट दिखने वाली सफेद पट्टी लगाए। इसके बाद पुलिस प्रशासन चेतावनी बोर्ड लगाएगा, ताकि वाहन चालक स्वयं ही अपने वाहन सफेद पट्टी के अंदर खड़ा करें।

## गुरुग्राम में झुग्गी माफिया सक्रिय, सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध वसूली का धंधा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर में कई जगहों पर झुग्गी माफिया सक्रिय हैं। माफिया ने अलग-अलग जगहों पर खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर कब्जा कर वहां सैकड़ों झुग्गियां तो बसाई ही, साथ ही दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों को यहां झुग्गी देकर उनसे अवैध वसूली भी की जा रही है। गुरुग्राम पुलिस ने बीते तीन महीनों में बड़ी संख्या में शहर के झुग्गी माफिया को चिह्नित किया है। इनके खिलाफ लगातार कार्रवाई अभियान भी चलाए जा रहे हैं। शहर में कई सालों से सेक्टर 70, नखड़ौला, नाथूपुर, सिलोखरा, मानेसर, बादशाहपुर, सिकंदरपुर, सेक्टर 56, सेक्टर 37, तिगरा, वजीराबाद समेत अन्य जगहों पर झुग्गी माफिया सक्रिय हैं। इस अवैध काम में झुग्गी माफिया के साथ इलाकों के कुछ राजनीतिक रसूखदारों का भी हाथ रहता है। गुरुग्राम में अलग-अलग जगहों की सरकारी जमीनों पर हजारों की संख्या में झुग्गियां बसी हुई हैं। झुग्गी माफिया रहने के लिए इन झुग्गियों को ढाई से तीन हजार रुपये और व्यापार करने के लिए दस हजार रुपये किराये पर देते हैं। यहां पर बिहार, बंगाल, असम, मिजोरम, ओडिशा समेत अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के लोग चोरी छिपे रहते हैं। न तो इनका वेरिफिकेशन होता है और न ही इनके पास कोई कागजात। ज्यादा समय तक रहने वाले लोगों ने फर्जी आधार कार्ड बनवा रखे हैं। कई बार पुलिस की कार्रवाई में ऐसे लोग पकड़े जा चुके हैं। वहीं शराब, गांजा, चरस की तस्करी भी कई लोग इन झुग्गियों से करते हैं।

## आंध्र में सुबह-सुबह भीषण सड़क हादसा, ट्रक से टकरा गई बोलेरो गाड़ी; तीर्थ करने जा रहे 8 लोगों की मौत

**कुरनूल, एजेंसी।** दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां कुरनूल जिले के चिलकलाडोना के पास एक बोलेरो गाड़ी की लॉरी से टक्कर हो गई। हादसे में कम से कम 8 लोगों के मारे जाने की खबर है। जानकारी के मुताबिक ये लोग तीर्थयात्रा के लिए निकले थे। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। कुरनूल पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पाँच पीड़ितों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में लगभग 10 से 12 लोग घायल भी हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को तुरंत इलाज के



लिए एम्मिगनूर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आगे बताया कि मृतकों की पहचान कर्नाटक के चिक्कमगलुरु क्षेत्र के तीर्थयात्रियों के रूप में हुई है। हादसे के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए सहायता राशि देने की घोषणा की है। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में हुई दुर्घटना अत्यंत दुखद है। मैं उन लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पीएम ने आगे लिखा कि क्ष्न्न्त्र्स्न की ओर से, हर मृतक के निकटतम परिजन को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## नोएडा में रची गई थी खतरनाक साजिश, पकड़े गए 66 में से 45 की जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**नोएडा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में श्रमिक आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाने की साजिश को योगी सरकार ने कुछ ही घंटों में सख्ती और सूझबूझ के साथ नाकाम कर दिया। एसटीएफ और पुलिस की जांच में यह मामला श्रमिक असंतोष का नहीं, बल्कि इसके पीछे एक सुनियोजित साजिश थी, जिसमें कुछ संदिग्ध राजनीतिक विचारधारा के दलों की भूमिका सामने आई है। उच्च स्तरीय सूत्रों के मुताबिक, जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। कुल 66 गिरफ्तारियों में से 45 लोग ऐसे हैं, जो वास्तविक श्रमिक नहीं थे। आगजनी की घटना में चिन्हित 17 में से 11 को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 8 गैर-श्रमिक हैं।

वहीं भड़काने के आरोप में 32 लोगों की पहचान हुई, जिनमें से 19 को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 34 ऐसे लोगों को भी पकड़ा गया है, जो श्रमिक नहीं होते हुए भी कथित आंदोलन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे। साजिश रचने के आरोप में 4 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, जिनके कथित तौर पर कुछ संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की बात सामने आई है। अब तक गिरफ्तार हुए लोग संदिग्ध विचारधारा वाले राजनीतिक संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं।

उच्च स्तरीय सूत्रों ने बताया कि नोएडा के आर्थिक ढांचे को बर्बाद करने की एक घिनौनी, सुनियोजित और बड़े पैमाने की साजिश रची गई थी, जिसमें कुछ




राजनीतिक दलों का पूरा इकोसिस्टम खुलकर शामिल था। ये पार्टियां मिलकर यूपी की प्रगति को कुचलने और नोएडा जैसे आर्थिक हब को आग में झोंकने की कुटिल चाल चल रही थीं। सूत्रों ने बताया कि आंदोलन के झूठे मुखौटे के पीछे छिपे चार दर्जन से ज्यादा यादव और मुस्लिम व्यक्ति पकड़े गए हैं, जो कुछ राजनीतिक दलों के एजेंडे के तहत अराजकता फैलाने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पूरे इलाके को आर्थिक रूप से लूटने की तैयारी में थे। ये तत्व न सिर्फ नोएडा की विकास यात्रा को रोकना चाहते थे, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारकर सत्ता के खेल में अपना स्वार्थ साधना चाहते थे। उच्चस्तरीय सूत्रों ने बताया कि इतना ही नहीं, बंगाल, बिहार, यूपी समेत देश के अलग-अलग कोनों से आई कुछ महिलाएं भी इस साजिश में सक्रिय रूप से शामिल पाई गई हैं, जिनकी भूमिका बेहद संदिग्ध और खतरनाक है। ये हिंसक प्रदर्शन में शामिल लोगों की मदद कर रही थीं। इनका मकसद अराजकता भड़का कर नोएडा को आग के हवाले कर देना था। यह पूरा खेल न सिर्फ एक राजनीतिक साजिश था, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ को तोड़ने का देशद्रोही षड्यंत्र था, जिसे पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। उच्च स्तरीय सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम में कुछ संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल्स और बाहरी राज्यों से आए तत्वों की भी भूमिका जांच के दायरे में है। सोशल मीडिया पर इस पूरे मामले को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत कर माहौल को भड़काने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। श्रमिकों के हित में वेतन वृद्धि की घोषणा के बाद मजदूरों और फैक्ट्री मालिकों ने सहयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप नोएडा में औद्योगिक गतिविधियां तेजी से सामान्य हो गई हैं और तमाम फैक्ट्रियों में कामकाज सामान्य तरीके से संचालित हो रहा है। सरकार की त्वरित कार्रवाई का असर यह रहा कि जहां अन्य राज्यों में ऐसे विवादों के कारण उद्योग प्रभावित हुए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में स्थिति शीघ्र सामान्य हो गई।

## परिसीमन पर कविता की केंद्र को चेतावनी, कहा-तेलंगाना का प्रतिनिधित्व कम हुआ तो सड़कों पर उतरेगी जनता

**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष कलवकुंतला कविता प्रस्तावित नई राजनीतिक पार्टी के लॉन्च से पहले धार्मिक आस्था के तहत वाराणसी के लिए रवाना हुईं। वह उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। इसे उनके राजनीतिक सफर के एक अहम चरण से पहले आध्यात्मिक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। रवाना होने से पहले हैदराबाद में मीडिया से बातचीत करते हुए कविता ने महिला आरक्षण बिल और प्रस्तावित परिसीमन (डिलिमिटेशन) को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संसद में तेलंगाना का प्रतिनिधित्व लगभग 3.13 प्रतिशत है और परिसीमन के बाद भी यही प्रतिशत राज्य के लिए आधार रेखा (बेसलाइन) होना चाहिए। उनके अनुसार, यदि यह हिस्सा कम किया जाता है तो राज्य के लोगों में असंतोष बढ़ेगा और वे विरोध के लिए सड़कों पर उतर सकते हैं। कविता ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 50 प्रतिशत सीट वृद्धि के मॉडल पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पहली नजर में यह प्रस्ताव उचित लगता है लेकिन जब अन्य राज्यों के मुकाबले तेलंगाना को मिलने वाली हिस्सेदारी का आकलन किया जाता है, तो अंतर काफी बड़ा नजर आता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ किसी भी प्रकार का असंतुलन स्वीकार्य नहीं होगा और निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

महिला आरक्षण बिल को परिसीमन से जोड़ने के



मुद्दे पर भी उन्होंने कड़ा विरोध जताया। कविता ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार दोनों मुद्दों को आपस में जोड़ रही है, जबकि महिला आरक्षण को स्वतंत्र रूप से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण से जोड़ा जाए ताकि महिलाओं के भीतर भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। कविता ने महिला आरक्षण में पिछड़ा वर्ग आरक्षण महिलाओं के लिए उप-कोटा की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण के भीतर पिछड़ा वर्ग आरक्षण महिलाओं को उनका उचित हिस्सा मिलना बेहद जरूरी है। उनके मुताबिक, मौजूदा स्थिति में इन विधेयकों को लेकर भ्रम बना हुआ है लेकिन सरकार को स्पष्ट नीति बनाते हुए सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना चाहिए।

## बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने से कोई नहीं रोक सकता, चुनाव के बीच हुमायूं कबीर ने भरी हुंकार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद बनवा रहे तृणमूल कांग्रेस के सस्पेंडेड विधायक और आम जनता उन्नयन पार्टी के फाउंडर हुमायूं कबीर ने हुंकार भरी है। उन्होंने कहा है कि बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने से कोई उन्हें नहीं रोक सकता। हुमायूं ने जब बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया था, तो राज्य में विवाद छिड़ गया था। ममता बनर्जी की पार्टी से उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, जिसके बाद उन्होंने नया दल बनाया और अब बंगाल चुनाव में उनकी नजर राज्य के मुस्लिम वोटरों पर है। यहां तक कि भवानीपुर में उन्होंने ममता के खिलाफ मुस्लिम उम्मीदवार भी खड़ा किया है। एनडीटीवी से बात करते हुए हुमायूं कबीर से पूछा गया कि वे पश्चिम बंगाल में क्यों बाबरी मस्जिद बनवा रहे, यूपी में क्यों नहीं तो इस पर उन्होंने जवाब दिया कि जब 1992 में मस्जिद गिरी तब उसे कोई नहीं रोक सका था, लेकिन बंगाल में 37 फीसदी आबादी मुस्लिम है। मुर्शिदाबाद में तो यह आंकड़ा 70 फीसदी से ज्यादा है। यहीं बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की तरह मस्जिद बनाई जा रही है। कबीर ने कहा कि मस्जिद बनने की समय सीमा दो साल ठेकेदार की तरफ से दी गई है। इसे रोकने की हिम्मत किसी में भी नहीं है। मैं अपना वादा पूरा करूंगा। कबीर ने कहा, ''बंगाल में 294 सीटें हैं, इसमें से 100 सीटों पर मुस्लिम अहम रोल निभाते हैं। बाकी 194 का क्या? टीएमसी कई मंदिर बना रही है और दुर्गा पूजा पर




लाखों रुपये दे रही। ऐसे में हिंदू उन्हें वोट क्यों नहीं देंगे। मेरा मानना है कि मुसलमानों को किसी मुस्लिम को ही वोट देना चाहिए।'' उन्होंने राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों साथ चाय पीते हैं और बंगाल में लोगों को बेवकूफ बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन पार्टी पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि ओवैसी ने बंगाल में एआईएमआईएम का प्रमुख इमरान सोलंकी को बनाया है और एडवोकेट आदिल हसन को ऑब्जर्वर बनाया हुआ है। दोनों ही चोर हैं और टीएमसी के साथ मिलकर पैसे कमाने की कोशिश में लगे हुए हैं। पिछले दिनों आए एक स्टिंग ऑपरेशन में तृणमूल कांग्रेस ने हुमायूं पर भाजपा के साथ मिलकर हजार करोड़ रुपये की डील करने का आरोप लगाया था।

## नोएडा मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चेतावनी

**नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि श्रमिकों के अधिकारों, गरिमा और सामाजिक सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही किसी भी उल्लंघन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। नोएडा में श्रमिकों के हंगामे का संज्ञान लेते हुए सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे उन गैर-श्रमिक तत्वों की पहचान करें और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें जो अशांति भड़काते पाए जाएं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य की औद्योगिक स्थिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि हर श्रमिक को काम करने के लिए गरिमापूर्ण माहौल, समय पर पूरा वेतन और सभी वैधानिक लाभ मिलें।

गैर-श्रमिक तत्वों पर कार्रवाई करें

### वर्करों के अधिकार, गरिमा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

गौतम बुद्ध नगर में श्रमिकों के हंगामे का गंभीर संज्ञान लेते हुए योगी ने अधिकारियों



को निर्देश दिया कि वे उन गैर-श्रमिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें जो अशांति भड़काते पाए जाएं या औद्योगिक सौहार्द को बिगाड़ रहे हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि ऐसे तत्वों का पर्दाफाश किया जाए। यदि जरूरी हो तो उनकी फोटो सार्वजनिक स्थानों पर लगाई जाएं। मुख्यमंत्री ने उन संगठनों या व्यक्तियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर दिया जो मजदूरों को भड़काते हैं, अफवाहें फैलाते हैं या गलत जानकारी फैलाने वाले अभियानों में शामिल होते हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की लगातार निगरानी करने और गलत जानकारी या प्रोपेगैंडा फैलाने वालों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी सोमवार को नोएडा में मजदूरों के बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शनों के बाद आई है। नोएडा में इस विवाद के मद्देनजर सीएम योगी ने इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास आयुक्त तथा श्रम विभाग की देखरेख में पूरे राज्य में ऐसी सभी एजेंसियों की गहन जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में कामगारों की वास्तविक संख्या, औद्योगिक इकाइयों से प्राप्त भुगतान, कामगारों को दी गई मजदूरी, ईएसआई, बीमा तथा अन्य लाभों जैसे प्रावधानों के पालन की पुष्टि की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी औद्योगिक इकाइयां कामगारों की शिकायतों के पारदर्शी और समय-सीमा के भीतर समाधान को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित करें। उन्होंने कार्यस्थल पर गुणवत्तापूर्ण मेस (भोजन) की व्यवस्था सहित बेहतर सुविधाओं पर जोर दिया। सीएम योगी ने उद्योग विकास प्राधिकरणों को औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों के लिए छात्रावास और किफायती आवास योजनाएं बनाने की एक योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरणों को केवल राजस्व जुटाने तक ही सीमित न रहकर अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैंकों के साथ तालमेल पर भी जोर दिया, ताकि मजदूरों को बीमा कवरेज मिल सके।

## मेरे बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया, विदाई समारोह में छलका जस्टिस शेखर का दर्द

**इलाहाबाद , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के चर्चित जस्टिस शेखर कुमार यादव बुधवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में उन्होंने अपने कार्यकाल, विवादों और न्यायिक मुद्दों पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होनें खासतौर से उस बयान का भी जिक्र किया, जो विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में दिया था। जोकि बाद में काफी विवादों में रहा। विवाद का जिक्र करते हुए जस्टिस यादव ने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया था। इस पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेरा कोई दोष नहीं था। गलती उन लोगों की थी, जिन्होंने बात को तोड़ मरोड़ कर पेश किया। इस दौरान उन्होंने बार एसोसिएशन के वकीलों द्वारा मिले समर्थन का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि अगर उस समय उन वकीलों का साथ नहीं मिलता, तो वह मानसिक रूप से टूट जाते। आपको बता दें कि, दिसंबर, 2024 को विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में उनके भाषण दिया था। इसमें उनके बयान को लेकर काफी विवाद हुआ था। अपने भाषण में उन्होंने देश की मौजूदा व्यवस्था, बहुसंख्यक समाज, समान नागरिक संहिता जैसे मुख्य मुद्दों पर अपनी राय रखी थी। इसकी बाद में काफी आलोचना भी हुई थी। अपने विदाई समारोह में जस्टिस यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान की निष्पक्षता का भी बचाव किया। उन्होनें वकीलों से कहा, कि अदालत में कभी भी उन्होंने किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। जस्टिस यादव ने युवा वकीलों को खास सलाह देते हुए बताया कि वकालत के पेशे में आचरण और व्यवहार बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि अदालत में विनम्रता, सम्मान बहुत जरूरी है। उनके अनुसार, कई बार केस की मजबूती होने के साथ वकील का व्यवहार भी परिणाम को प्रभावित कर सकता है। अपने भाषण में जस्टिस यादव ने चिंता जताई कि आज अदालतों में सीनियर वकीलों के लिए सम्मान भाव कम होता जा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### स्थायी शांति के लिए संवाद की गुंजाइश बनाने के लिए हर स्तर पर पहलकदमी हो

यह समझना मुश्किल है कि जब ईरान के मुताबिक चौदह दिनों के युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी हमले रोकना भी शामिल था, तो इजरायल को लेबनान के नागरिक ठिकानों पर हमला करके शांति की उम्मीद पर चोट करने की क्या जरूरत थी।ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद हाल ही में जब युद्धविराम पर सहमति बनी थी, तब एक उम्मीद पैदा हुई कि संभवतः दोनों पक्ष जल्दी ही स्थायी समाधान तक पहुंचने की कोशिश करेंगे। हालांकि इस बीच लेबनान पर इजरायल के हमले जारी रहने की वजह से युद्धविराम खतरे में पड़ता दिखा। इसके बावजूद पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता से यह उम्मीद बंधी थी कि संभवतः युद्ध खत्म होने की कोई राह निकलेगी।मगर वार्ता की विफलता की जैसी जैसी खबरें आईं, वे निराश करने वाली हैं। दरअसल, रविवार को बातचीत खत्म होने के बाद अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच फासला कम करने और समझौता कराने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन हम किसी समझौते तक नहीं पहुंच सके। दूसरी ओर, ईरान की ओर से कहा गया कि अमेरिका की (अत्यधिक गैरवाजिब मांगों) और उसके रुख में लचीलापन न होने के कारण दोनों देशों के बीच हुई बातचीत किसी समझौते के बिना खत्म हो गई।जाहिर है, इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच लगभग इक्कीस घंटे चली बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। इसीलिए इसे एक विफल वार्ता कहा जा रहा है। सवाल है कि जब दोनों पक्षों के सामने विवाद के मुद्दे स्पष्ट थे, तो क्या वे इन पर व्यावहारिक रुख अख्तियार करते हुए युद्ध खत्म करने के मकसद के साथ एक कदम पीछे, चार कदम आगे के सूत्र पर काम नहीं कर सकते थे।अमेरिका किसी भी समझौते तक पहुंचने के लिए ईरान से परमाणु हथियार नहीं बनाने और इस क्षमता को हासिल करने के लिए जरूरी उपकरण जुटाने से दूर रहने का आश्वासन चाहता है। वहीं ईरान का कहना है कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए कई रचनात्मक योजनाएं पेश कीं, लेकिन अमेरिकी ईरान का विश्वास हासिल नहीं कर सके। जब युद्ध खत्म करने की इच्छा के पीछे ईमानदारी हो, तो वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए शर्तों को पूरा किए जाने की मांग के जिद में तब्दील होने से बचने के हालात बनाने की जरूरत होती है।

### लापरवाही और संवेदनहीनता अपराध की गंभीरता को और त्रासद बना देती है

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार, संबंधित थाना प्रभारी, दोनों निजी अस्पतालों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट के प्रति सख्त रुख अख्तियार किया है।उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले ने फिर यही साबित किया है कि शासन-तंत्र और पुलिस से लेकर अस्पतालों तक पसरी व्यापक लापरवाही और संवेदनहीनता दरअसल अपराध की गंभीरता को और त्रासद बना देती है।यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि एक मासूम के खिलाफ पहले अपराधी बर्बरता से पेश आता है, फिर दो निजी अस्पतालों को उसके जीने-मरने की परवाह नहीं होती और पुलिस भी घनघोर लापरवाही बरतती है।यह मामला भी शायद संवेदनहीनता के दुश्चक्र में उलझ कर दम तोड़ देता, लेकिन इसमें न्याय के लिए गुहार सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची और अदालत ने इस पर सख्त रुख अख्तियार किया। खबरों के मुताबिक, मजदूरी करके गुजारा करने वाले एक व्यक्ति की चार वर्षीय बेटी से पड़ोस के एक युवक ने बलात्कार किया और ईंट से वार कर उसे मरने के लिए छोड़ दिया।बेटी को खोजने के बाद जब पिता उसे लेकर इलाज के लिए गए, तो दो निजी अस्पतालों ने उपचार करने से मना कर दिया। आखिर में बच्ची को एक सरकारी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। यानी अपराध की वीभत्सता के बाद जिन अस्पतालों को सबसे पहले बच्ची की जान बचाने की कोशिश करनी चाहिए थी, वहां उन्होंने मना कर दिया।त्रासदी यहीं नहीं रुकी। इसके बाद पोस्टमार्टम रपट में साक्ष्य के बावजूद पुलिस ने प्राथमिकी में बलात्कार की धारा नहीं जोड़ी और न ही पाक्सो अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने पीड़ित परिवार का उत्पीड़न किया और कहानियां बनाती रही। अव्वल तो लचर कानून-व्यवस्था की वजह से जघन्य अपराध की घटना होती है। फिर उसके बाद भी पुलिस को जरूरी कार्रवाई करने से कौन रोकता है।यह बेवजह नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार, संबंधित थाना प्रभारी, दोनों निजी अस्पतालों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट के प्रति सख्त रुख अख्तियार किया है।

*ऐसे में क्षेत्रवार और फसलवार आधार का व्यापक अध्ययन करते हुए सिंचाई व्यवस्था की नई नीति तैयार करना लाभप्रद होगा। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में वर्ष 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्त्वाकांक्षी योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाए।*

## आर्थिक ताकत बनते खाद्यान्न भंडार, हथियार नहीं, 'अनाज' है भारत की असली शक्ति

**(जयंती लाल भंडारी)**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के मध्य युद्धविराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकार्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की विफलता से वैश्विक स्तर पर राहत मिलने की संभावनाएं भी क्षीण होती दिख रही हैं। अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से होर्मुज जलमार्ग को खोलने संबंधी एलान और इस पर ईरान के भारी विरोध से युद्ध की चुनौतियां बढ़ गई हैं। इससे दुनिया भर में खाद्य संकट बढ़ने की आशंका है। चूंकि इस युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान पहुंचा है, जिससे तेल एवं गैस समेत उर्वरकों की भी भारी कमी हो गई है और उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं, इसलिए जरूरी वस्तुओं के दाम ऊंचे बने रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हाल में विश्व खाद्य कार्यक्रम की ओर से जारी रपट के मुताबिक, इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित हैं। अब पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यह आंकड़ा और बढ़ने के आसार हैं। इस वैश्विक चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में नजर आता है। भारत के पास 31 मार्च 2026 तक 6.02 करोड़ टन गेहूं और चावल का सुरक्षित भंडार (बफर स्टाक) मौजूद है, जो देश की आर्थिक ताकत बन गया है। इस खाद्यान्न भंडार से भारत एक साल तक की अपनी खाद्यान्न जरूरत को आसानी से पूरा कर सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि देश के अस्सी करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। भारत का रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन जहां देश के आम आदमी के लिए भोजन की गारंटी है, वहीं दुनिया के कई जरूरतमंद देशों के करोड़ों लोगों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का आधार भी है। भारत 'खाद्य सुरक्षा' के मामले में न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि मजबूत स्थिति में है। सरकार तकनीक और कृषि हितप्रद नीति के माध्यम से किसानों को केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि 'निर्यातक' बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सहित सभी कृषि क्षेत्रों को मजबूत किया जा रहा है। देश का लक्ष्य गेहूं और चावल के अलावा दलहन एवं तिलहन में आत्मनिर्भर होना है। वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य ऐतिहासिक स्तर पर है। खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस दफा 3.2 फीसद की शानदार वृद्धि देखी गई है। थाली के सबसे अहम हिस्से यानी चावल और गेहूं के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी जोरदार बढ़त कायम रखी है। दालों के उत्पादन में भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ोतरी दिखाई दे रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के मध्य युद्धविराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकार्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि वर्ष 2008 की वैश्विक मंदी में देश की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत की वजह से बहुत कम प्रभावित हुई थी। इतना ही नहीं, छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार एक तरह से हथियार बन गए थे। हाल ही में प्रख्यात कृषि विशेषज्ञ और ब्राजील पोटाश के सीईओ मेट सिंपसन ने कहा कि दुनिया में लगातार खाद्य संकट बढ़ता जा रहा है। उर्वरक की कमी के कारण यूरोप और उत्तरी अमेरिका में फसलों की बुआई पर गंभीर असर पड़ रहा है। ऐसे में कई देशों के लिए खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर आयात जरूरी होता जा रहा है। कोरोनाकाल में भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात किया था। अब एक बार फिर जब दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, तब भारत खाद्यान्न निर्यात के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। निस्संदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। अब तक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 22 किस्तों में चार लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपए के बीमा दावों का निपटारा किया गया है। देश के गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में काम किया जा रहा है। वैश्विक खाद्य संकट के बीच खाद्यान्न की बढ़ती मांग के मद्देनजर भारत की ओर से चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत कृषि को निर्यात उन्मुख बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात फीसद अधिक है। स्थानीय किसानों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के महत्त्व को रेखांकित किया जा रहा है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और वर्तमान में यहां लगभग 4.5 लाख टन मछली का उत्पादन हो रहा है, जबकि अतिरिक्त बीस लाख टन उत्पादन की अपार संभावना है। समुद्री अर्थव्यवस्था की क्षमता को बढ़ाने के लिए नए व्यावसायिक तरीके अपनाए जा रहे हैं। साथ ही कृषि में प्रौद्योगिकी संस्कृति को बढ़ावा देने और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के विकास पर भी जोर दिया रहा है। व्यापक भंडारण अभियान और कृषि-वित्तीय प्रौद्योगिकी तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं में नवाचार को बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। इस बार के बजट के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को कृषि निर्यात उन्मुख बनने की कोशिश की गई है। इससे भारत के कृषि निर्यात और वैश्विक खाद्य आपूर्ति में और प्रभावी भूमिका निभाने की संभावनाओं को बल मिलता है। देश के पास खाद्यान्न की पैदावार और खाद्य प्रसंस्करण वस्तुओं का उत्पादन एवं निर्यात बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में विविध जलवायु है और कृषि अनुकूल जलवायु क्षेत्रों के मामले में वह समृद्ध है। ऐसे में भारत को निर्यात आधारित खेती, फसल विविधीकरण और खेती में आधुनिक तकनीक के एकीकरण के साथ आगे बढ़ना होगा। भारतीय कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों के सभी पहलुओं पर गंभीरता से काम करना होगा। चूंकि देश में अभी भी अनाज, दाल तथा तिलहन के उत्पादन का स्तर मौसम पर ही निर्भर होता है।

## तकनीक के दौर में अंधविश्वास का जाल, महिलाओं पर बढ़ता खतरा

**(मोनिका शर्मा)**

हाल में झारखंड के हजारीबाग में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां बेटे की समस्या से निजात के लिए तांत्रिक के कहने पर एक महिला ने अपनी बेटी की हत्या कर दी। वहीं, एक ढोंगी बाबा द्वारा महिलाओं के यौन शोषण के वीडियो भी सामने आए, जो गंभीर चिंता का विषय हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि तकनीकी तरक्की और शिक्षित समाज के बढ़ते आंकड़ों के बीच देश के दूरदराज के क्षेत्रों से लेकर बड़े शहरों तक अंधविश्वास की जकड़बंदी खत्म नहीं हो रही है। एक ओर धार्मिक अनुष्ठानों के नाम पर महिलाओं का शोषण किया जाता है, तो दूसरी ओर मुसीबतों से छुटकारा पाने के लिए तांत्रिकों के इशारे पर मासूम बच्चों की हत्या कर दी जाती है। ऐसी घटनाओं में लालच और स्वार्थ का खेल स्पष्ट नजर आता है।सब कुछ सही कर देने वाले वादों और दावों के जाल में लोग आसानी से फंस जाते हैं। खासकर महिलाएं अंधविश्वास के फेर में पड़कर अपनी सुरक्षा को जोखिम में डालने को तैयार हो जाती हैं। कुंठित और आपराधिक मानसिकता वाले स्वयंभू बाबाओं तथा तांत्रिकों से लंबे समय तक जुड़े रहना न केवल समग्र समाज को नकारात्मक संदेश देता है, बल्कि आज के शिक्षित वर्ग की सोच एवं समझ पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। हाल में झारखंड के हजारीबाग में एक स्तब्ध करने वाली घटना सामने आई। खबरों के मुताबिक, एक महिला ने अपने बेटे की शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से निजात पाने के लिए तांत्रिक के कहने पर अपनी बेटी की हत्या कर दी। इसी तरह एक ढोंगी बाबा द्वारा महिलाओं की व्यक्तिगत एवं पारिवारिक समस्याएं सुलझाने के नाम पर यौन शोषण से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचारित हुए। यह मामला चर्चा और चिंता का गंभीर विषय है। दरअसल, अंधी आस्था के साथ शुरू होने वाला यह जालसाजी का खेल भयादोहन तक जा पहुंचता है। कई महिलाएं अपने परिवार को बताए बिना ऐसे स्वयंभू बाबाओं से मिलती हैं और घर-आंगन, बच्चों या जीवनसाथी से जुड़ी परेशानियों का हल ढूंढ़ने के फेर में इस दलदल में धंसती चली जाती हैं। कई बार तो वे ढोंगी बाबा की सच्चाई जानने के बाद भी इस जाल से बाहर नहीं निकाल पातीं। ऐसे फर्जी जुड़ावों से पनपी जद्दोजहद आगे चलकर आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। बदनामी के भय के कारण कई महिलाएं तो आत्महत्या का रास्ता तक चुन लेती हैं। हाल के वर्षों में शिक्षा, अनुसंधान और अन्य वैज्ञानिक उपलब्धियों के मोर्चे पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। बावजूद इसके कभी डायन बताकर तो कभी जादू-टोना करने के नाम पर महिलाओं की हत्या कर दी जाती है। ऐसी घटनाओं के पीछे स्पष्ट रूप से स्वार्थ साधने का व्यावहारिक खेल होता है। गौरतलब है कि इस तरह की अधिकतर घटनाओं की जांच में संपत्ति विवाद, मुखर विरोध के लिए किसी स्त्री को सबक सिखाना और शारीरिक शोषण के विरोध जैसे कारण ही सामने आते हैं। ऐसे कई मामलों की तो पुलिस में शिकायत तक नहीं की जाती। अगर शिकायत दर्ज करा भी दी जाए, तो उचित कानूनी कार्रवाई होने की संभावना बहुत कम होती है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2001 से 2023 के बीच झारखंड में डायन-बिसाही के अंधविश्वास के कारण सैकड़ों हत्याएं हुई हैं। वर्ष 2023 में देश में सबसे अधिक 22 ऐसी हत्याएं झारखंड में ही दर्ज कीं गईं। यह आंकड़ा वर्ष 2022 में 11 हत्याओं से सौ फीसद अधिक है। विभिन्न रपटों के मुताबिक, झारखंड में हर वर्ष औसतन 25-30 लोग अंधविश्वास के शिकार होते हैं। पिछले वर्ष झारखंड के धनबाद में अंधविश्वास के कारण पांच महिलाओं को डायन बताकर उनसे मारपीट की गई और उन्हें गांव से निकाल दिया गया।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6064

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6063

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली 6064

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | | 10 | ■ | ■ |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | | | 14 |
| 15 | | ■ | 16 | | | ■ | |
| 17 | | 18 | ■ | | ■ | 19 | |
| | ■ | 20 | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 25 अगस्त 1957 को इस देश की सरकार ने देश में घोषित आपातकाल के 30 वर्ष बाद वापस लिया (3)
4. दोनों हाथों से तीर चला लेने के कारण अर्जुन को एक नाम (4)
7. अमानत में खयानत, मुंशी प्रेमचंद की सप्रसिद्ध कृति (3)
8. हृदय, चित्त, चालीस सेर के बराबर की एक तौल (2)
9. प्रसन्न होना, रोमांचित होना (4)
11. उर्दू या फारसी में गजलें लिखने, बोलने वाला (3)
13. सिपाही, सैनिक (3)
15. दो की संख्या, निग्रह (2)
16. सीखने में प्रवृत्त करना, प्रशिक्षित करना (3)
17. सर्दी-जुकाम (उर्दू)(3)
19. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
20. आकाश से गिरने वाला बिजली (2)
21. जो वास्तविकता से परे हो (3)
22. पवित्र, मंगलकारक, शुभ (2)
23. किसी धार्मिक विषय में धर्मशास्त्र वेत्ता का लिखित आदेश (उर्दू)(3)

**ऊपर से नीचे**

1. किसीशुभ कार्य के आरंभ में किया गया श्रीगणेश को नमन (7)
2. आधार से समकोण बनाती हुई ऊपर जाने वाली रेखा (2)
3. उत्तरप्रदेश का गंगा तट पर बसा यह नगर चर्मोद्योग के कारण भी प्रसिद्ध है (4)
4. दंड देना, शिक्षा या नसीहत देना (6)
5. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
6. यह विश्व का प्रथम देश है जिसमें मुद्रा का प्रचलन किया (2)
10. मापना (3)
12. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
14. आम दरफ्त, आने-जाने का साधन (4)
18. सलोनापन, स्वभाव की उत्तमता, नमकपन (3)
19. सुपर स्टार सलमान खान क्की पैतृक भूमि मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
21. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 6063 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ज | गु | रू | ■ | भू | त | ल |
| म | ■ | बा | त | ची | त | ■ | ति |
| च | तु | र | ■ | फ | ■ | ना | का |
| रि | ■ | ■ | शा | मि | या | ना | ■ |
| त | ला | शी | ■ | नि | ■ | ना | ती |
| मा | त | ■ | ड | स्ट | र | ■ | रं |
| न | ■ | प्र | का | र | ■ | मा | दा |
| स | ख्ती | ■ | र | ■ | स | ह | ज |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि लेने के लिए शुभ है. आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और मामला अदालत तक पहुंच सकता है. इसके चलते आपकी मेहनत की कमाई खर्च हो सकती है. गृह प्रवेश के लिए शुभ दिन है. प्रेम वसंत ऋतु जैसा है; फूल, हवा, धूप, तितलियां. आज आपको रोमांटिक एहसास होगा।

### वृष

आज अपने मन में एक उज्ज्वल, सुंदर और गौरवशाली छवि बनाएं जिससे आपका मनोबल बढ़ेगा. आज आपको आर्थिक लाभ मिलने की प्रबल संभावना है, लेकिन इसके लिए दान-पुण्य अवश्य करें, क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी. यदि आपको किसी ऐसी जगह आमंत्रित किया जाता है जहाँ आप पहले कभी नहीं गए हैं, तो उसे सहर्ष स्वीकार करें।

### कर्क

आज आपका उदार स्वभाव आपके लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि आज आप संदेह, विश्वासघात, अवसाद, अविश्वास, लोभ, आसक्ति, अहंकार और ईर्ष्या जैसी कई बुराइयों से मुक्ति पा सकते हैं. शेयर बाजार में निवेश करने वालों को आज नुकसान हो सकता है. अपने निवेशों के प्रति सतर्क और सावधान रहना आपके लिए बेहतर होगा।

### सिंह

आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपने स्वास्थ्य को सुधारने का प्रयास करें, क्योंकि भाग्य एक आलसी देवी है जो कभी आपका साथ नहीं देगी. अपने वजन को नियंत्रित करने और व्यायाम फिर से शुरू करने का यह सही समय है ताकि आप अपना स्वास्थ्य वापस पा सकें. आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से लाभ मिलने की संभावना है।

### मिथुन

आज शरीर में दर्द होने की प्रबल संभावना है. शारीरिक परिश्रम से बचें जिससे शरीर पर अधिक दबाव पड़े. पर्याप्त आराम करना न भूलें. भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए आज से ही बचत शुरू कर दें. पत्नी के साथ पिकनिक पर जाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

### कन्या

आज बच्चों के साथ समय बिताना आपको एक अद्भुत सुकून देगा. आर्थिक स्थिति मजबूत होने की संभावना है. यदि आपने किसी को पैसा उधार दिया है, तो आज आपको वह पैसा वापस मिलने की उम्मीद है. आपके जीवनसाथी का स्वास्थ्य तनाव और चिंता का कारण बन सकता है।

### तुला

आज भाग्य पर निर्भर न रहें, अपने स्वास्थ्य को सुधारने का प्रयास करें क्योंकि भाग्य एक आलसी देवी है. आज आपको अपने बच्चों के कारण आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है. इससे आपको बहुत खुशी होगी. नया पारिवारिक व्यवसाय शुरू करने के लिए शुभ दिन है. इसे सफल बनाने के लिए परिवार के अन्य सदस्यों की मदद लें।

### वृश्चिक

आज दूसरों की ज़रूरतें आपके आत्म-देखभाल की इच्छा में बाधा डाल सकती हैं - अपनी भावनाओं को दबाकर न रखें और आराम करने के लिए अपनी पसंद की चीज़ें करें. पैसों से जुड़े किसी भी मुद्दे का आज समाधान हो सकता है और आपको आर्थिक लाभ मिल सकता है. अपने दोस्तों को अपनी उदारता का फायदा न उठाने दें. आपके प्रिय के साथ आपके रिश्ते छोटी-छोटी बातों पर भी तनावपूर्ण हो सकते हैं।

### मकर

आज अपने तनाव को कम करने के लिए परिवार के सदस्यों का सहारा लें. उनकी मदद को शालीनता से स्वीकार करें. अपनी भावनाओं और दबाव को भीतर दबाकर न रखें. अपनी समस्याओं को बार-बार साझा करना आपके लिए फायदेमंद होगा. इस राशि के कुछ जातकों को आज अपने बच्चों के माध्यम से आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है. आज आपको अपने बच्चे पर गर्व होगा।

### कुंभ

आज अनंत जीवन की समृद्ध भव्यता का आनंद लेने के लिए अपने जीवन को और अधिक उदात्त बनाएं. चिंता से मुक्ति इस दिशा में पहला कदम है. आज आपको यह एहसास होगा कि निवेश करना अक्सर आपके लिए बहुत लाभदायक साबित होता है, क्योंकि आपके द्वारा किया गया कोई भी पुराना निवेश लाभदायक प्रतिफल दे सकता है. कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने परिवार के सदस्यों की राय लें।

### धनु

आज घर के काम करते समय विशेष सावधानी बरतें. घरेलू उपकरणों के साथ लापरवाही बरतने से आपको परेशानी हो सकती है. आज किसी को भी पैसे उधार देने की कोशिश न करें, और यदि आवश्यक हो तो भुगतान की समय सीमा लिखित में ले लें. किसी ऐसे रिश्तेदार से मिलने जाएं जो अस्वस्थ महसूस कर रहा हो. अब आपको अपनी कामुक कल्पनाओं के बारे में सपने देखने की ज़रूरत नहीं है।

### मीन

आज आपका बचकाना स्वभाव सामने आएगा और आप चंचल मूड में रहेंगे. आज किसी करीबी से आपकी कहा-सुनी हो सकती है और मामला अदालत तक भी जा सकता है. इसके चलते आपकी मेहनत की कमाई खर्च हो सकती है. आज मिले खाली समय का सदुपयोग करें और परिवार के साथ प्यार भरे पल बिताएं. सावधान रहें, क्योंकि आज प्यार में पड़ना आपके लिए पाप साबित हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# धोनी को देखने के लिए करना होगा इंतजार



## मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने की संभावना

**नई दिल्ली।** वेंकट कृष्णा बी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को खेलते देखने का इंतजार एक हफ्ते और बढ़ गया है। वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में 23 अप्रैल को खेलते दिख सकते हैं। 44 साल के धोनी सीजन से पहले कैंप में पिंडली में खिंचाव से जूझ रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के सूत्रों के अनुसार वह पूरी तरह से फिट होने के करीब हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में है, लेकिन इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि धोनी टीम के साथ यात्रा करेंगे या नहीं। आईपीएल 2026 की अंक तालिका में चेन्नई सुपर किंग्स 8वें नंबर पर है। वह पांच में से दो मैच जीती है। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम लगातार तीन मैच हारी। इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले दो मैचों में हराया। चेन्नई सुपर किंग्स के घरेलू मैचों के दौरान भी धोनी होटल में ही रहते हैं। हालांकि, वह अभ्यास सत्र में दिखे हैं। थ्रोडाउन लेते हुए उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई है।



### धोनी ने प्रमुख गेंदबाजों का सामना नहीं किया

चेन्नई सुपर किंग्स का पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से मुकाबला हुआ था। इस मैच से पहले अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी कोच माइकल हसी की देखरेख में बल्लेबाजी की थी, लेकिन उन्होंने प्रमुख गेंदबाजों का सामना नहीं किया। उन्होंने चाइनामैन स्पिनर नूर अहमद के साथ समय बिताया। सीएसके के गेंदबाजी कोच श्रीधरन श्रीराम ने कहा, 'एमएस (धोनी) ने एक अभ्यास सत्र में उनसे लंबी बातचीत की और उनकी लेग ब्रेक को ठीक कराया।

### प्लेइंग 11 में कैसे फिट होंगे धोनी

थ्रोडाउन लेते वक्त धोनी बगैर किसी दिक्कत के शॉट लगाते दिखे। दो मैच जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को धोनी को प्लेइंग 11 में फिट करने के लिए रास्ते तलाशने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी में गहराई नहीं है। गेंदबाज नंबर 8 पर खेल रहे हैं। धोनी को प्लेइंग 11 में सरफराज खान की जगह मौका मिल सकता है। सरफराज ने अच्छी बल्लेबाजी की है, लेकिन वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तेजी से बल्लेबाजी करने में संघर्ष करते दिखे। उन्होंने 18 गेंद पर 23 रन बनाए। धोनी को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खिलाने का भी विकल्प है।

# 'खिलाड़ी डरते हैं, नहीं जाना चाहते'

## मुनाफ पटेल ने लगाए NCA में ठीक से काम न होने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की देखभाल की जिम्मेदारी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (अब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) पर होती है। सीओई खिलाड़ियों के शरीर और फिटनेस का ध्यान रखता है, चोटिल होने पर वह वही रिहैब करते हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने एनसीए के कामकाज पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि फिजियो और ट्रेनर जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। मुनाफ ने कहा कि एनसीए को 100 प्रतिशत बदलना होगा। वह आज भी उसी ढर्रे पर चल रहा जिस पर वह 2000 में शुरू होने पर चल रहा था,



जबकि ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की ऐसी व्यवस्था दर्जनों बार बदलाव से गुजरी है।

मुनाफ पटेल ने टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू देते हुए कहा, 'ईमानदारी से फिजियो और ट्रेनर जिम्मेदारी लेना नहीं चाहते। उनका वर्कलोड बढ़ जाता है। आप सेटअप देखो। आप एनसीए के सेटअप में घुस जाओ आपको पूरा सिस्टम पता चल जाएगा। आपको कहीं और नहीं जाना है। एनसीए को 100 प्रतिशत बदलना होगा। पूरे वर्ल्ड के सिस्टम को बीसीसीआई चला रहा है। मैं इंजर्ड हुआ। मुझे एनसीए जाना है। क्यों जाना है फिट होने के लिए। मतलब मैं ऐसा बॉलर हूं कि मेरी गलती नहीं है। मैं ऐसा बैट्समैन हूं कि मेरी गलती नहीं है तो एनसीए फिटनेस सेंटर रखा हुआ आपने। अस्पताल बन गया है। आप फिट हो जाओ वापस आ जाओ सीधे टीम में हो और वो परमिशन दे रहा है।'

**प्लेयर्स भी एनसीए जाने से डरते हैं–** मुनाफ पटेल ने कहा, 'एनसीए दे रहा है तो मेरी गलती नहीं है मेरी गलती भी तो सुधारेगा कोई बंदा जो बॉलिंग कोच आपको रखा हुआ है या बैटिंग कोच वहां रखा हुआ है तो आप कितने दिन वर्क करते हो उनके पीछे वो बता दो जरा। प्लेयर्स भी एनसीए जाने से डरते हैं। कोई जाना नहीं चाहता है।

# वैशाली ने चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता

## पहली भारतीय महिला बनीं, अब वर्ल्ड चैंपियनशिप में चीन की जू वेनजुन से भिड़ंत

**साइप्रस (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने एफआईडीई विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 का खिताब जीत लिया है। उन्होंने 15 अप्रैल को साइप्रस के कैप सेंट जॉर्ज होटल में खेले गए फाइनल राउंड के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया। वैशाली ने फाइनल राउंड में सफेद मोहरों से खेलते हुए रूस की अनुभवी खिलाड़ी कैटरिना लग्नो को हराया। 24 साल की वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। अब वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में चीन की मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन को चुनौती देंगी।



**10 साल बाद कोई गैर चीनी खिलाड़ी फाइनल में** – साल 2016 से विमेंस वर्ल्ड चैंपियनशिप पूरी तरह से चीनी खिलाड़ियों के कब्जे में रही है। वैशाली पिछले एक दशक में पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जो चीन के इस दबदबे को चुनौती देंगी। खेल विशेषज्ञ अब वैशाली की तुलना गुकेश से कर रहे हैं, जिन्होंने 2024 में चीन के ही डिंग लिरेन को हराकर वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती थी। उम्मीद जताई जा रही है कि 2026 में वैशाली भी जू वेनजुन को हराकर वही कारनामा दोहराएंगी।

**गुकेश ने जीता था पिछला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट** – पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी। तब गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था।

### ओपनिंग से ही बनाई मजबूत पकड़

- रूस की कैटरिना लग्नो ने मुकाबले की शुरुआत में सिसिलियन डिफेंस की ड्रैगन वेरिएशन अपनाई। यानी उन्होंने अपने किंग को सुरक्षित रखते हुए काले मोहरों को इस तरह जमाया कि उनका ऊंट (बिशप) कोने से लंबी दूरी तक असर डाल सके।
- इसके जवाब में वैशाली रमेशबाबू ने यूगोस्लाव अटैक खेला। मतलब, उन्होंने शुरुआत से ही सफेद मोहरों से किंग साइड पर तेज हमला करने की रणनीति अपनाई और खेल पर पकड़ बना ली।
- करीब 16वीं चाल तक वैशाली के पास साफ बढ़त थी। इसके बाद उन्होंने बिना जल्दबाजी किए रूसी खिलाड़ी की गलतियों का भी पूरा फायदा उठाया। 48वीं चाल पर लग्नो ने हार मान ली।

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट क्या है और क्यों अहम

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट शतरंज की दुनिया का सबसे अहम इवेंट माना जाता है, क्योंकि यही तय करता है कि वर्ल्ड चैंपियन को अगला चैलेंजर कौन होगा। इसे वर्ल्ड चैंपियनशिप का सेमीफाइनल भी कहा जाता है। विजेता को सीधे वर्ल्ड चैंपियन से खेलने का मौका मिलता है। यह शतरंज का सबसे बड़ा क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट हर दो साल में होता है और विजेता वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती देता है। ओपन कैटेगरी के विजेता का मुकाबला भारत के डी गुकेश से, जबकि विमेंस कैटेगरी की विजेता चीन की जू वेनजुन से होगा।

### कैसे होता है टूर्नामेंट?

- इसमें दुनिया के टॉप 8 खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं।
- सभी खिलाड़ी एक-दूसरे से 2 बार (राउंड-रॉबिन फॉर्मेट) खेलते हैं।
- कुल 14 राउंड होते हैं।
- हर जीत पर 1 अंक, ड्रॉ पर 0.5 अंक मिलता है।
- सबसे ज्यादा पॉइंट्स वाला खिलाड़ी विजेता बनता है।

# सीएसके ने डोसा, इडली, सांभर, चटनी गाने पर नाराजगी जताई

## आरसीबी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, कहा– हमारे खिलाड़ियों और टीम का मजाक उड़ाया

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले के बाद विवाद सामने आया है। सीएसके ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से आरसीबी के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

मामला 5 अप्रैल का है, जिस दिन बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई और बेंगलुरु का मैच खेला गया। इस दौरान स्टेडियम में एक गाना बजाया गया, जिसमें डोसा, इडली, सांभर, चटनी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सीएसके का आरोप है कि यह गाना उनके खिलाड़ियों और टीम पर तंज के तौर पर बजाया गया।



### बीसीसीआई को पत्र लिखा

सूत्रों के मुताबिक सीएसके के मैनेजिंग डायरेक्टर काशी विश्वनाथन ने कहा, आमतौर पर डीजे घरेलू टीम का समर्थन करने के लिए होते हैं। लेकिन चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थिति अलग थी। हमारे खिलाड़ियों के खिलाफ कुछ खास टिप्पणियां की गईं। इसी को ध्यान में रखते हुए, हमने बीसीसीआई को पत्र लिखकर मामले की जांच का अनुरोध किया है।

### पिछले साल जितेश शर्मा ने गाना गाया था

आरसीबी ने पिछले साल चेन्नई से मुकाबले से पहले अपने विकेटकीपर जितेश शर्मा का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे इडली-डोसा वाला गाना गा रहे थे। तब उन्हें सीएसके फैंस ने ट्रोल किया था। हालांकि, इस पर ज्यादा विवाद नहीं हुआ था। इस गाने को संगीतकार गाना अप्पु ने बनाया था।

### आरसीबी-सीएसके मैच को सदर्न डर्बी कहा जाता है

पिछले कुछ सालों में सीएसके और आरसीबी के बीच राइवलरी देखने को मिली है, जिस वजह इसे आईपीएल का सदर्न डर्बी कहा गया। हेड टु हेड में सीएसके का आरसीबी पर पलड़ा भले ही भारी रहा हो, लेकिन पिछले कुछ सीजन में बेंगलुरु ने चेन्नई पर अपना दबदबा बनाया है।



# सीएसके को बड़ा झटका

## स्टार तेज गेंदबाज खलील अहमद पूरे टूर्नामेंट से बाहर

**चेन्नई (एजेंसी)।**

चेन्नई सुपर किंग को आईपीएल 2026 के बीच बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज खलील अहमद चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं।

### मैच के दौरान लगी चोट

खलील अहमद को 14 अप्रैल को खलील कोलकत्ता राइडर के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान चोट लगी। उन्होंने अपने चौथे ओवर की पांचवीं गेंद डालने के बाद दर्द की शिकायत की और मैदान छोड़ना पड़ा। वह अपना कोटा पूरा नहीं कर सके, जिससे टीम को बड़ा नुकसान हुआ।

### चोट की गंभीरता क्या है?

रिपोर्ट्स के मुताबिक खलील को क्वाड्रिसेप्स में ग्रेड-2 टियर हुआ है। इसके अलावा उनकी दाहिनी जांघ (रेक्टस फेमोरिस) में गंभीर स्ट्रेच इंजरी और मसल टियर भी पाया गया है। डॉक्टर्स के अनुसार, उन्हें पूरी तरह फिट होने में कम से कम 10 से 12 हफ्ते लगेंगे, यानी वह आईपीएल 2026 के बाकी मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे।

### इस सीजन में प्रदर्शन

28 वर्षीय खलील अहमद का इस सीजन प्रदर्शन खास नहीं रहा था।

**मैच–** 5
**विकेट–** 2
**औसत–** 73
**इकॉनमी–** 8.67

सीएसके ने उन्हें 4.8 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, लेकिन चोट के कारण उनका सीजन जल्दी खत्म हो गया।

# बच गई इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की जान

## इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान का चेहरे पर लगी चोट को लेकर खुलासा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स चेहरे पर लगी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि भाग्यशाली रहे कि गेंद एक-दो इंच इधर या उधर नहीं लगी। ऐसा होता तो वह जान गंवा सकते थे। स्टोक्स इस चोट से उबरकर मई में मैदान पर वापसी करने की कोशिश में हैं। उनकी योजना है कि जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले तीन प्रथम श्रेणी मैच खेलने की है। वह इंग्लैंड लायंस के लिए भी खेलते दिख सकते हैं।



इंग्लैंड को पिछली टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से एशेज के दौरान 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरान स्टोक्स ग्रोइन इंजरी हुई। इसकी उन्होंने सर्जरी कराई। वह अप्रैल-मई में काउंटी चैंपियनशिप के दौरान मैदान पर उतरने की कोशिश में थे, लेकिन वह घरेलू टीम डरहम को कोचिंग देते हुए चोटिल हो गए। अभ्यास सत्र के दौरान एकेडमी के एक खिलाड़ी का शॉट स्टोक्स के चेहरे पर लगी। इसके कारण मैदान पर वापसी में देरी हो गई। इसी चोट को लेकर स्टोक्स ने खुलासा किया उनकी जान जा सकती थी।

### स्टोक्स ने क्या कहा?

ईसीबी के दिए इंटरव्यू में स्टोक्स ने कहा, 'चेहरे पर चोट लगी। यह बहुत गंभीर थी, लेकिन मजेदार बात यह है कि बुरे समय में यह सबसे बेहतर परिणाम था। मैंने अपना सिर नहीं मोड़ा होता तो एक-इंच इधर या उधर गेंद लगती और मैं आज यहां इंटरव्यू नहीं कर रहा होता।

# आरसीबी शीर्ष पर, विराट कोहली का ऑरेंज कैप पर कब्जा, प्रसिद्ध के सिर पर्पल कैप

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23 वें मैच में बुधवार (15 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट के हारकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया। लखनऊ सुपर जायंट्स 4 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। वह 5 में से 2 मैच हार गई है। राजस्थान रॉयल्स दूसरे, पंजाब किंग्स तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद चौथे नंबर पर है। दिल्ली कैपिटल्स पांचवें नंबर पर है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले विराट कोहली ने 49 रनों की पारी खेली। उन्होंने ऑरेंज कैप पर कब्जा जाम लिया। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन उनसे 4 रन से पीछे हैं।







# NADA की RTP सूची में बड़ा बदलाव

## श्रेयस-स्मृति मंधाना की जगह अभिषेक शर्मा-अक्षर पटेल; गिल-बुमराह समेत कई स्टार बरकरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी की पंजीकृत परीक्षण पूल सूची में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिला है। श्रेयस अय्यर और स्मृति मंधाना की जगह युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ऑलराउंडर अक्षर पटेल को शामिल किया गया है। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और शुभमन गिल समेत टीम इंडिया के कई प्रमुख खिलाड़ी पहले की तरह इस सूची में बरकरार हैं। आरटीपी (ऋञ्जक्क) में शामिल खिलाड़ियों को अपने ठिकाने की नियमित जानकारी देनी होती है और तय समय पर डोपिंग टेस्ट के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। पने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। यही वजह है कि यह सूची खेल जगत में खास महत्व रखती है।



**गिल, यशस्वी, हार्दिक, ऋषभ, बुमराह, केएल, अर्शदीप और तिलक पहले से ही शामिल–** नाडा की आरटीपी की नवीनतम सूची में 348 खिलाड़ी शामिल हैं। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शैफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

**नाडा की आरटीपी सूची में कुल 14 क्रिकेटर शामिल–** कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### औरंगाबाद का युवक पांच माह से लापता, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत सिमरी गांव निवासी एक युवक पिछले पांच महीने से लापता है, जिससे उसके परिवार में गहरी चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। लापता युवक की पत्नी उर्मिला देवी अपने दो छोटे बच्चों के साथ पति की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं और प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। उर्मिला देवी के अनुसार उनके पति पवन भुइंया 1 नवंबर 2025 को गांव के ही युगेश्वर भुइयां और छतरपुर निवासी ठेकेदार विकास कुमार के साथ मजदूरी करने कर्नाटक गए थे। परिवार के भरण-पोषण के लिए रोजगार की तलाश में गए पवन के जाने के बाद से ही उनका संपर्क पूरी तरह से टूट गया। न तो कोई फोन आया और न ही उनके बारे में कोई जानकारी मिल सकी है। चार महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जब कोई सूचना नहीं मिली।

#### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में समीक्षा, दो मई से मकान सूचीकरण कार्य होगा प्रारंभ

# जनगणना की तैयारी तेज, आज से शुरू होगी स्व-गणना प्रक्रिया

- प्रशासन ने व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए
- स्व-गणना न करने पर गणनाकर्मी घर जाकर डेटा लेंगे



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता श्री अनुग्रह नारायण सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि भारत की जनगणना इस बार दो चरणों में संपन्न की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना संपन्न होगी। इन दोनों चरणों के माध्यम से जिले के प्रत्येक घर, परिवार एवं नागरिक से संबंधित आवश्यक सूचनाओं का व्यापक संकलन किया जाएगा।

मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके पूर्व आम नागरिकों की सुविधा के लिए पहली बार स्व-गणना की विशेष व्यवस्था आज से 1 मई 2026 तक उपलब्ध कराई गई है। स्व-गणना प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बताते हुए अधिकारियों ने जानकारी दी कि नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपनी पारिवारिक जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी द्वारा लॉगिन कर राज्य, जिला एवं क्षेत्र का चयन करना होगा और डिजिटल मैप पर अपने घर को चिन्हित करते हुए कुल 33 प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। गणनाकर्मी 2 मई से 31 मई के बीच क्षेत्र भ्रमण के दौरान इस आईडी के माध्यम से डेटा का सत्यापन करेंगे। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जाएंगी।

साथ ही यह भी बताया गया कि यदि कोई नागरिक स्व-गणना नहीं कर पाता है, तो निर्धारित अवधि के दौरान गणनाकर्मी उनके घर पहुंचकर आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। जिला पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और जिले, राज्य तथा देश के समग्र विकास में योगदान दें।

#### संस्कार विद्या के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं में लहराया सफलता का परचम

# 96.4% के साथ ओम राज टॉपर, बड़ी संख्या में छात्रों ने 90% से अधिक अंक किए हासिल




**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

दाउदनगर स्थित विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अंतर्गत संचालित संस्कार विद्या के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा 2026 में शानदार और उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है, जिससे पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष और गौरव का माहौल है।

विद्यालय के ओम राज ने 96.4% अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। वहीं अविनाश चंद्रा ने 95.6%, बब्लू कुमार ने 95.4%, अनुकृति कुमारी ने 95%, अभिषेक कुमार ने 94%, रोहित कुमार एवं नीरज कुमार ने 93.2%, खुशी कुमारी ने 92.6%, सन्नी कुमार ने 92.2%, अनमेषा कुमारी ने 90.4% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा अंकित राज ने 89.4%, पीयूष कुमार ने 89.2%, विष्णु कुमार ने 88.8%, इशांत कुमार ने 88.6% तथा आकृति सिंह ने 83% अंक प्राप्त किए। बड़ी संख्या में अन्य छात्र-छात्राओं ने भी 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की मान-प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी है। इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ये छात्र-छात्राएं संस्थान के "ब्रांड एंबेसडर" हैं, जिन्होंने विद्यालय का मान-सम्मान बढ़ाया है। संस्कार विद्या के सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि विद्यालय द्वारा देखा गया सपना आज साकार होता नजर आ रहा है और छात्र लगातार सफलता के उच्च शिखर की ओर अग्रसर हैं। वहीं डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने विश्वास जताया कि ये छात्र भविष्य में तकनीकी क्षेत्र में भी देश का नाम रोशन करेंगे। विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि आज का समय नवाचार और नए प्रयोगों का है, और संस्कार विद्या के छात्र इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा तैयार किया गया शैक्षणिक ढांचा आज विद्यार्थियों को सफलता की राह पर ले जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## औरंगाबाद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद जिले में विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है और विभिन्न एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही लंबित बुकिंग का निष्पादन भी लगातार किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 7009 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिले में पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, जिससे ईंधन आपूर्ति की स्थिति संतोषजनक है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। साथ ही संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार की दिशा में भी कार्य जारी है और 16 अप्रैल 2026 तक कुल 169 नए पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। आमजन की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 सक्रिय रखा गया है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

नियंत्रण कक्ष में 16 अप्रैल 2026 तक प्राप्त 12 शिकायतों में से 11 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि एक शिकायत पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। वहीं, जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे। जिला प्रशासन द्वारा कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है और औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं।

#### डीएम ने एनपीजीसीएल अधिकारियों संग की समीक्षा

## विकास योजनाओं को स्थानीय जरूरतों के अनुसार लागू करने पर जोर




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के कार्यालय प्रकोष्ठ में 16 अप्रैल 2026 को एनपीजीसीएल के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य एनपीजीसीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जिले में संचालित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना को अंतिम रूप देना था। बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचना जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सीएसआर के माध्यम से किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनाओं का चयन स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके और विकास कार्यों का वास्तविक प्रभाव दिखे। इस अवसर पर एनपीजीसीएल के अधिकारियों ने भी अपने सीएसआर के तहत अब तक किए गए कार्यों एवं आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से लागू करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले के समग्र विकास के लिए प्रशासन और एनपीजीसीएल के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखा जाएगा तथा सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आमजन को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

## जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार गुरूवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में चार्ज स्तर पर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य आगामी जनगणना 2027 के कार्य को व्यवस्थित, सटीक और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराना है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जनगणना से जुड़े सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को प्रपत्रों को सही ढंग से भरने की प्रक्रिया, डाटा संकलन की वैज्ञानिक विधि तथा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुपालन के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि जनगणना कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, शुद्धता और समयबद्धता के साथ कैसे संपादित किया जाए, ताकि आंकड़ों की विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना के प्रथम चरण, अर्थात मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जनगणना निदेशालय, बिहार द्वारा 13 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि के दौरान चार्ज स्तर पर सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

